

19:12:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 343 epaper.rashtriyakhabar.com मार्गशीर्ष, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

यः पञ्चाभ्यन्तरांशत्रु न विजित्य मनोमयान।
जिगीषति रिपुनन्यान रिपवोऽभिभवन्ति तम॥

**भावार्थ :** भीतर के पांच शत्रुओं (काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह) को जीते बिना जो राजा अपने शत्रुओं को जीतना चाहता है उसे शत्रुओं से पराजित होना पड़ता है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 21.00 °c | 09.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.07 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.24 बजे

## पोलैंड को कोरिया से मिलीं 18 स्व-चालित हॉवित्जर तोपें

**वारसा:** पोलैंड को दक्षिण कोरियाई से 18 के-9ए1 स्व-चालित हॉवित्जर तोपें मिली हैं। पोलिश रक्षा मंत्रालय के आयुध नीति विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने एक्स पर लिखा, आज 18 ब्रांड नई के9ए1 स्व-चालित हॉवित्जर तोपों की एक खेप ग्डिनिया के बंदरगाह पर पहुंची। पोलैंड के पास जल्द ही हनवा डिफेंस कंपनी द्वारा निर्मित 66 के9 थंडर हॉवित्जर होंगे। पोलैंड सैन्य क्षेत्र में दक्षिण कोरिया के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। देशों ने 2022-2023 में विभिन्न हथियार सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन अनुबंधों के तहत पोलिश पक्ष को कुल एक हजार टैंक, 600 हॉवित्जर तोपें, 280 से अधिक के 239 चुनमू रॉकेट आर्टिलरी सिस्टम और 48 एफए-50 लड़ाकू जेट प्राप्त होंगे।

## अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद कराची के अस्पताल में भर्ती

**मुंबई:** भगोड़ अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर को तबीयत बिगड़ने के बाद पाकिस्तान में कराची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बतायी गयी है। रिपोर्टों के मुताबिक कि मुंबई निवासी 68 वर्षीय दाऊद को संभवतः जहर दिया गया है , हालांकि सूत्रों ने कहा है कि अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आईएसआई समर्थित दाऊद 12 मार्च, 1993 के उन सिलसिलेवार विस्फोटों का मास्टरमाइंड है, जिसमें 257 लोग मारे गये थे और 713 अन्य घायल हुए तथा कई करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस अंडरवर्ल्ड डॉन के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में उसके रिश्तेदारों से अधिक जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। भारतीय अधिकारी दाऊद की तलाश में हैं। वह कराची में रहता है और अक्सर खाड़ी देशों की यात्रा करता रहता है।

## चिली में नए संविधान के मसौदे के खिलाफ मतदान

**सैंटियागो:** चिली की आधे से अधिक नागरिकों ने जनमत संग्रह में देश के नए संविधान के मसौदे का समर्थन नहीं किया। चिली चुनाव सेवा ने 99.33 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के बाद सोमवार को यह जानकारी दी। चुनाव सेवा की वेबसाइट पर नवीनतम आंकड़ों से पता चला कि चिली के 55.76 प्रतिशत या 68.60 लाख लोगों ने रविवार को देश के संविधान के नए संस्करण का विरोध किया, जबकि लगभग 54 लाख ने मसौदा पाठ के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। चिली के नेता गेब्रियल बोरिच ने बाद में कहा कि उनकी सरकार संवैधानिक प्रक्रिया को फिर से शुरू नहीं करेगी और अन्य जरूरी सुधारों पर आगे बढ़ेगी। देश के संविधान के नए पाठ को अपनाने का यह दूसरा असफल प्रयास था। 2022 में, चिली के 61.9 प्रतिशत लोगों ने भी नए संविधान के खिलाफ मतदान किया था। उल्लेखनीय है कि चिली का वर्तमान संविधान 1980 में ऑगस्टो पिनोशे की सैन्य तानाशाही के दौरान अपनाया गया था और बाद में अलोकतांत्रिक प्रावधानों को हटाने के लिए इसमें संशोधन किया गया था।

## अमेरिका का फिनलैंड के साथ रक्षा समझौता होगा

**वाशिंगटन:** अमेरिका और फिनलैंड सोमवार को वाशिंगटन में एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जिससे अमेरिकी सेना को नॉर्डिक राष्ट्र के क्षेत्र तक व्यापक पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत अमेरिकी सेना को सैन्य उपकरणों और हथियारों के भंडारण के लिए फिनलैंड भर में 15 क्षेत्रों और सुविधाओं तक पहुंचने की अनुमति दी जाएगी। इनमें एयरबेस, प्रशिक्षण क्षेत्र और एक सैन्य बंदरगाह शामिल हैं। साथ ही अमेरिका को उत्तरी फिनलैंड में रेलवे तक पहुंच की भी उम्मीद है। यह समझौता अमेरिकी सैनिकों को फिनलैंड में अपनी उपस्थिति बनाए रखने और वहां अभ्यास करने में भी सक्षम बनाएगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**संसद** › सुरक्षा के मुद्दे पर विरोधी दल चुप बैठने को तैयार नहीं

# विपक्ष के 33 सदस्य लोकसभा से निलंबित

▶▶ पहले भी निलंबित हुए थे 14 सांसद

▶▶ निलंबितों में अनेक बड़े नेता शामिल

▶▶ राज्यसभा में भी इस बात पर हंगामा

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** लोकसभा में सुरक्षा के मुद्दे पर सदन में भारी हंगामा करने वाले विपक्ष के 33 सांसदों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया और कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। चार बार के स्थगन के बाद तीन बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों का नाम लिया। उसके बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सदन ने अवमानना का गंभीर संज्ञान लिया है। उन्होंने विपक्ष के 33 का नाम पुकारा और सभी सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सदस्यों में कल्याण बनर्जी, ए राजा, दयानिधि मारन, डॉक्टर के जयकुमार, अपरूपा पोद्दार, प्रसून बनर्जी, ईटी मोहम्मद बशीर, जी शेलवम, सी एन अन्नादुराई, अधीर रंजन चौधरी, डॉक्टर टी सुमती, के नवास क़ानी, के वीरास्वामी, एन के प्रेमचन्द्रन, प्रो सौगत राय, शताब्दी राय, असीत कुमार मल, कौशलेंद्र कुमार, अंटो अंटोनी, एस एस पलानीमाणक्कम, अब्दुल खालिक, थिरुनवुकरासर, विजय वसंथ, प्रतिमा मण्डल, काकोली घोष, के मुरलीधरन, सुनील कुमार मंडल, एस रामलिंगम, के सुरेश, अमर सिंह, राजमोहन उन्नीथन, गौरव गोगोई, टी आर बालू शामिल हैं। प्र''ाद जोशी ने कहा कि इन सदस्यों ने बार बार आग्रह करने के बावजूद सदन में तख़्तियाँ लेकर आये। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कांग्रेस के डॉक्टर के जयकुमार, विजय वसंथ और अब्दुल खालिक को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। यह तीनों अध्यक्ष के आसन के समीप जा नारेबाजी करते हुए तख्तियां लहराई। इससे पहले बुधवार को विपक्ष के चौदह सदस्यों को निलंबित किया गया था।

दूसरी तरफ विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मद्दे पर राज्यसभा में सोमवार लगातार तीसरे दिन हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीसरी बार अपराह्न चार बजे तक स्थगित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने दोबार के स्थगन और भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू करते हुये विपक्ष के भारी शोरगुल के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को भारी शोरगुल के बीच जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 और केंद्र ›› पेज 2 भी देखें

सुंदरबन क्षेत्र में घुसपैठ के लिए बीएसएफ की नई पहल

# समुद्री बटालियन और ड्रोन तैनाती की योजना



▶▶ प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा गया

▶▶ ग्यारह सौ जवान तैनात किये जाएंगे

▶▶ तस्करी का भी रास्ता बन गया है यह

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** सीमा सुरक्षा बल ने सुंदरबन के इलाकों पर नजर रखने के लिए नई पहल को अंजाम दिया है। 1,100 से अधिक कर्मियों वाली एक समुद्री बटालियन, लगभग 40 ड्रोन का एक स्क्वाड्रन और ऑल-टेरेन वाहन (एटीवी) भारत-बांग्लादेश सीमा के साथ रणनीतिक सुंदरबन मैंग्रोव क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए बीएसएफ द्वारा तैयार की गई योजना का हिस्सा हैं। दरअसल यह काम इसी समुद्री रास्ते से होने वाली तस्करी और घुसपैठ की निरंतर शिकायत मिलने के बाद किया गया है। योजना का खाका कोलकाता स्थित सीमा बल की पूर्वी कमान द्वारा तैयार किया गया है और दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्रालय से अंतिम अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी की प्रतीक्षा है। आधिकारिक सूत्र सुंदरबन, दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन कवर क्षेत्र एक द्वीपसमूह है भारत में 100 से अधिक द्वीपों और 9,630 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैले झरनों, नदियों, ज्वारीय खाड़ियों और चैनलों का एक जटिल नेटवर्क। इसका बाकी हिस्सा बांग्लादेश में पड़ता है। छोटी छोटी नहरों के बीच स्थित घने जंगलों में जंगली जानवरों के साथ साथ आदमखोर बाघों की बहुतायत ›› पेज 2 भी देखें

वाराणसी दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी सौगात

# वाराणसी को मिली एक और वंदे भारत



**राष्ट्रीय खबर**

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपराह्न 2.15 बजे अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी जंक्शन के(कैंट) से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वाराणसी-नयी दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। गौरतलब है कि तीर्थ नगरी वाराणसी से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बीच चलने वाली यह दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। इसके साथ ही देश के विभिन्न रेल मार्गों पर चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 35 हो हो गयी है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर रेल दावा अधिकरण के नवनिर्मित भवन को उद्घाटन किया। साथ ही साथ ही वे जौनपुर से जौनपुर सिटी के मध्य रेलवे कॉर्ड का भी लोकार्पण किया। वन्देभारत ट्रेन का निर्माण चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में तैयार किया जाता है और इस एक ट्रेन बनाने में रेलवे को लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

काशी समेत समूचे देश के विकास के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने में सफल होंगे। वाराणसी में 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा अब से कुछ महीने बाद ही देश भर में चुनाव है और मोदी ने देश को गारंटी दी है कि वो अपनी तीसरी पारी में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी ताकत बनाकर रहेगा। ये गारंटी अगर मैं देश को दे रहा हूं, तो इसका कारण आप सभी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा हमारा प्रयास है कि भारत सरकार ने गरीब कल्याण की, जन-कल्याण की जो भी योजनाएं बनाई हैं, उनसे कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। इसलिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी एकदम सुपरहिट हो गई है। जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा। श्री मोदी ›› पेज 2 भी देखें

# अयोध्या की तैयारियों के बीच ही सीतामढ़ी को सजाने का काम



मोदी की चाल के खिलाफ नीतीश की दूसरी चाल

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन। भूमि पूजन की तरह राम मंदिर के उद्घाटन में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सशरीर मौजूद रहेंगे। इसे लेकर भाजपा खेमा उत्साह से भरा हुआ है, वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें कुछ हद तक असहज कर दिया है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंडी के उद्घाटन को लेकर जितनी धूमधाम है, बिहार को सीता की जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है, वहीं भाजपा ने अपने पूर्व सहयोगी जेडीयू को उदासीन बताया है। यदि लोकसभा चुनाव से पहले हिंदी क्षेत्र की राजनीति में राम मंदिर भाजपा का हथियार है, तो इंडिया गठबंधन के सदस्य नीतीश, सीता के जन्मस्थान के प्रति अपनी ह्यउदासीनताह्न को एक जवाबी हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन की तैयारियां फिलहाल चल रही हैं। सीता की जन्मस्थली (सीतामढ़ी) को सजाने के लिए नीतीश ने 72 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। बुधवार को नीतीश यह कहते सुने गए, सुधार का काम जल्दी पूरा होना चाहिए। सीताकुंड का जीर्णोद्धार करने के साथ ही आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाना चाहिए ताकि अधिक तीर्थयात्री आ सकें। सिर्फ घोषणा ही नहीं, नीतीश बुधवार को पुनौराधाम जानकी मंदिर में खुद भी दिखे। उन्होंने अपने हाथों से जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। उस वक्त उनके साथ राज्य मंत्री विजयकुमार चौधरी, जमा खान भी थे। उन्होंने कुछ देर तक महंत कौशल किशोर से भी बातचीत की। अयोध्या का राम मंदिर हमेशा से संघ परिवार और भाजपा के एजेंडे में रहा है। उनसे मुकाबला करने के लिए 2024 से पहले नीतीश सीता की जन्मस्थली को मात देना चाहते हैं। इसके साथ ही हिंदी क्षेत्र की राजनीति गरमाती जा रही है। भाजपा का दावा है कि चुनाव से पहले अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के आरोपों से बचने के लिए नीतीश नरम हिंदुत्व की ओर झुक रहे हैं।

अवैध कोयला खनन के पीछे भाजपा के कुछ नेताओं का हाथ : भारतीय सेना

# सैन्य अधिकारी ने सौंपा है एक गुप्त ज्ञापन

▶▶ पीएम से लेकर सीजेई तक भेजी चिट्ठी

▶▶ राष्ट्रपति को भी इसकी जानकारी दी गयी

▶▶ कोयला सिंडिकेट में सीएम शामिलः कांग्रेस

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** असम में अवैध कोयला खनन के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं का हाथ है।भारतीय सेना के एक प्रतिनियुक्त मेजर जनरल ने आज गृह मंत्री अमृत शाह को भेजे गए एक गुप्त ज्ञापन में आरोप लगाया है।भारतीय सेना के मेजर जनरल ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को भी यह ज्ञापन सौंपा। इस गुप्त ज्ञापन में भारतीय सेना के मेजर जनरल ने कहा कि 2014 में एनजीटी द्वारा इस तरह के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद भाजपा नेताओं के कथित संरक्षण और अधिकारियों के साथ मिलीभगत से असम के अलावा मेघालय और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों में अवैध रैट-होल कोयला खनन जारी है। रैट-होल खनन में बहुत छोटी सुरंगों की खुदाई शामिल है, जो आमतौर पर केवल 3-4 फीट ऊंची होती है, जिसमें श्रमिक प्रवेश करते हैं और कोयला निकालते हैं। असम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 315 पर कल आधी रात कोयले से लदे सैकड़ों अवैध ट्रक चलते देखे गए। ये अवैध कोयला लदे ट्रक कथित तौर पर अरुणाचल प्रदेश के खारसांग से आए थे और मार्गेरिटा में राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचे आ गए थे। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले मार्गेरिटा के होटल रॉयल ट्रीट में एक बैठक आयोजित की गई थी, जहां एक कोयला माफिया ने एक शीर्ष स्तर के राजनीतिक नेता के साथ बैठक की थी, जहां यह निर्णय लिया गया था कि वे खरसांग के हर अवैध कोयला लदे ट्रक से प्रवेश शुल्क के रूप में 80 लाख 40 हजार रुपये की राशि ›› पेज 2 भी देखें

**बुद्धिमत्ता** › अंधत्व निवारण के भविष्य पर झांकेगा आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस

# दृष्टि हानि रोकने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

▶▶ एक बीमारी से बनती है दूसरी बीमारी

▶▶ नया मॉडल विकसित किया गया है

▶▶ उच्च मायोपिया में बेहतर काम

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अब बहुआयामी उपयोग हो रहा है। किसी खास निर्देशित पद्धति पर काम करने का अभ्यास होने पर यह तकनीक गलती नहीं करती है। इसी वजह से चिकित्सा जगत में भी इसकी उपयोगिता बढ़ती जा रही है। अब यह कहा जा रहा है कि यह मशीन लर्निंग मनुष्यों में दृष्टि हानि को रोकने के लिए भविष्य पर विचार करती है। यह पाया गया है कि मशीन लर्निंग कई स्वास्थ्य स्थितियों के परिणामों की अच्छी भविष्यवाणी करती है। अब, जापान के शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाने का एक तरीका ढूंढ लिया है कि गंभीर अदूरदर्शिता वाले लोगों की भविष्य में दृष्टि अच्छी होगी या बुरी। हाल ही में जेएएमए ऑप्थल्मोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में, टोक्यो मेडिकल एंड डेंटल यूनिवर्सिटी (टीएमडीयू) के शोधकर्ताओं ने एक मशीन-लर्निंग मॉडल विकसित किया है जो लंबी अवधि में दृश्य हानि के जोखिम की भविष्यवाणी करने और कल्पना करने के ›› पेज 2 भी देखें

**उच्च मायोपिया होना सिर्फ असुविधाजनक नहीं है**

अत्यधिक अदूरदर्शिता (जिसे हाई मायोपिया कहा जाता है) वाले लोग अपने नजदीक की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, लेकिन दूर की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। उनकी दृष्टि को ठीक करने के लिए संपर्क, चश्मे या सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन उच्च मायोपिया होना सिर्फ असुविधाजनक नहीं है; आधे समय में यह पैथोलॉजिकल मायोपिया नामक स्थिति की ओर ले जाता है, और पैथोलॉजिकल मायोपिया से होने वाली जटिलता अंधेपन का प्रमुख कारण होती हैं।अध्ययन के मुख्य लेखक यिनिंग वांग कहते हैं, हम जानते हैं कि मशीन-लर्निंग एल्गोरिदम मायोपिया में परिवर्तन और जटिलताओं की पहचान करने जैसे कार्यों पर अच्छा काम करते हैं, लेकिन इस अध्ययन में, हम कुछ अलग जांच करना चाहते थे, अर्थात ये एल्गोरिदम कितने अच्छे हैं दीर्घकालिक भविष्यवाणियां कर रहे हैं।

स्वदेशी मिसाइल की ताकत देख हैरान हैं विदेशी भी

# एक साथ चार लक्ष्य साधती है आकाश मिसाइल

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** भारत की आकाश मिसाइल 25 किमी की दूरी पर एक साथ चार लक्ष्यों को भेदती है, जो वैश्विक स्तर पर पहली बार है। इस किस्म की सफलता किसी दूसरे देश ने अब तक हासिल नहीं की है। इस वजह से इस मिसाइल के नये परीक्षण ने भी दुनिया का ध्यान आकृष्ट किया है। 25 किमी तक की मारक क्षमता वाली आकाश, सतह से हवा में मार करने वाली एक कम दूरी की मिसाइल है जिसका उपयोग मुख्य रूप से कमजोर क्षेत्रों और बिंदुओं को हवाई हमलों से बचाने के लिए किया जाता है।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने रविवार को कहा कि भारत ने 25 किलोमीटर की दूरी पर एक साथ चार हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की आकाश मिसाइल प्रणाली की क्षमता का प्रदर्शन किया। इसमें कहा गया है कि भारत एकल फायरिंग यूनिट का उपयोग करके ऐसी क्षमता रखने वाला पहला देश बन गया है। डीआरडीओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत एकल फायरिंग यूनिट का उपयोग करके ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### आश्रितों को मुआवजा देने की मांग

रांची: सोमवार को हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में वज्रपात से मारे गये लोगों के आश्रितों को मुआवजा राशि भुगतान से संबंधित प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि मुआवजा की राशि वर्ष 2023-24 में 28 लाख 36 हजार रुपये पलामू जिला को उपलब्ध कराया गया था, जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है। उन्होंने पूछा कि क्या यह बात सही है कि पलामू जिले में वर्णित आवंटित राशि के व्यय के पश्चात वज्रपात में मृत व्यक्तियों और पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 रुपये की राशि के आवंटन के संदर्भ में पलामू डीसी ने आपदा प्रबंधन विभाग से पत्राचार किया है। लेकिन 8 दिसंबर 2023 तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसका उत्तर देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के बन्ना गुप्ता मंत्री ने कहा कि पलामू जिला में वज्रपात से मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के मुआवजा से संबंधित याचित राशि का आवंटन राज्य कार्यकारिणी समिति के निर्णय के पश्चात कर दिया जाएगा।

शीतकालीन सत्र

## झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन

# हंगामे के बीच एक घंटा भी नहीं चला सदन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन झारखंड विधानसभा की कार्यवाही बेहद ही हंगामेदार रही। सदन की कार्यवाही के शुरू होने से पहले ही विपक्ष के तेवर से अंदाजा लग गया था कि सदन में सरकार पर दबाव बनाने में विपक्ष कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा, हुआ भी वही। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के थोड़ी देर बाद ही 12:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 12:30 बजे एक बार फिर सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सदन में मौजूद रहे, मगर विपक्ष ईडी की नोटिस और कांग्रेस सांसद धीरज साहू प्रकरण पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए वेल में आकर हंगामा मचाता रहा। हालांकि इस दौरान सरकार चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करने में सफल रही। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 811.75 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए स्पीकर रवींद्रनाथ महतो माहौल को शांत करने का आग्रह करते रहे मगर वह सफल नहीं हुए। अंत में सदन की कार्यवाही मंगलवार 19 दिसंबर 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन के बाहर अनुपूरक बजट सहित कई मुद्दों पर बयानों का तीर चलता रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगाते दिखे। चालू वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट लाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि एक बार फिर सरकार जनता को धोखा देने में जुटी है। वहीं सदन में भाजपा विधायकों के द्वारा हंगामा मचाए जाने की निंदा करते हुए कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि जिस भाजपा के पूर्ववर्ती अध्यक्ष रिश्वत लेते पकड़े गए थे उन्हें बोलने का अधिकार नहीं है।भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने सदन के अंदर स्पीकर की भूमिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस तरह से धमकी भरे लहजे में आसन के द्वारा सदस्यों को चेताया जा रहा है वह उचित नहीं है।

इधर विपक्ष के हमले का बचाव करने में सत्ता पक्ष के मंत्री जुट गए। मंत्री चंपई सोरेन ने पलटवार करते हुए कहा कि अनुपूरक बजट पर विपक्ष जो सवाल उठा रहा है वह अनुचित है, सब कोई जानता है कि मूल बजट के साथ हर वित्तीय वर्ष में दो अनुपूरक पूरक बजट लाने की परंपरा है। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट को संवैधानिक व्यवस्था के तहत बताते हुए विपक्ष को चुनौती दी कि यदि किसी तरह की गड़बड़ी है तो उसकी जांच करने के लिए वह तैयार हैं। बहरहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार यानी 18 दिसंबर को सदन की कार्यवाही महज 1 घंटे भी नहीं चली।

## जल्द से जल्द उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए : करनी सेना

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** वीर कुंवर सिंह पार्क हरमू रांची में श्री राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद स्वर्गीय श्री कृष्ण मोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सुरक्षा व्यवस्था में कमी के कारण स्वर्गीय श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी जी की निर्मम हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे ही स्थिति झारखंड में भी कई नेतृत्वकताओं के सुरक्षा को अनदेखी कर की जा रही है जिसमें विशेष कर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह का हाल ही में सुरक्षा हटा लिया जाना है, साथ ही श्री भैरव सिंह जी के घर पर भी सुरक्षा कम कर दी गई है अतः सरकार से निवेदन है कि जल्द से जल्द उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, अन्यथा बाध्य होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। वक्ताओं द्वारा स्वर्गीय श्री कृष्ण मोहन सिंह जी के असामयिक निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री मनोज कुमार सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, ललन सिंह, अजीत सिंह, सुनील कुमार सिंह, एमके सिंह, अंजनी सिंह, अजय सिंह, आदर्श सिंह, चेतन सिंह, शिवाजी सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहतास सिंह, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, दीपिका कुमारी, प्रेम सागर, मनीष सिंह, बालाजी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा विधायक अनंत ओझा ने वादाखिलाफी का लगाया आरोप

## महागठबंधन की सरकार में युवाओं को न नौकरी मिली और न ही बेरोजगारी भत्ता

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही हंगामे के बीच कुछ देर ही चली। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधायक अनंत कुमार ओझा के अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से राज्य में खाली पड़े स्वीकृत रिक्त पदों, 2020 से अब तक हुई नियुक्तियों और अनुबंधकर्मियों से जुड़े प्रश्न को उठाया। जिसका जवाब मिलने के बाद सदन से बाहर आने पर भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि अनुबंध शब्द को ही समाप्त कर देने, हर वर्ष 05 लाख नौकरी देने का वादा कर 2019 में सत्ता में आई सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार देने में पूरी तरह फेल रही है।भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि उनके अल्पसूचित सवाल के जवाब में सरकार ने सदन को लिखित जानकारी दी है। जिसमें बताया गया है कि 2020 से अब तक झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 8086 पदों और झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के 3336 पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई है। इस तरह चार वर्षों में सिर्फ 11422 पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई है। यह भी जानकारी दी गयी है कि सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के 44977 रिक्त पदों पर नियुक्ति की अधियाचना की गई थी, जिसके विरुद्ध 36765 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने की प्रक्रिया चल रही है। भाजपा विधायक ने कहा कि हर साल पांच लाख नौकरी का वादा कर युवाओं को छलने वाली हेमंत सोरेन सरकार की पोल खुल गई है। भाजपा विधायक ने कहा कि उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से पूछा था कि क्या यह सही है कि विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में अनुबंध, आउटसोर्सिंग या संविदा पर हजारों कर्मियों से काम लिया जा रहा है ? नियमित स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्ष 2020 से स्थायी नियुक्तियां कम और संविदा-आउटसोर्सिंग द्वारा ज्यादा कर्मियों से कार्य लिया जा रहा है। अनुबंधकर्मियों के स्थायी समायोजन पर सरकार विचार कर रही है या नहीं। इन सभी प्रश्नों के उत्तर अस्वीकारात्मक मिले हैं। ऐसे में साफ है कि राज्य की सरकार के मुखिया ने सत्ता में आने के लिए 2019 में राज्य के पढ़े लिखे युवाओं को ठगने का काम किया है।

## सिर्फ बातों में जाति जनगणना करा रही हेमंत सरकार: प्रदीप यादव

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को पूर्व मंत्री और विधायक प्रदीप यादव ने पिछले पांच वर्षों में राज्य में होम गार्ड की बहाली नहीं होने और जातीय जनगणना नहीं कराने पर सरकार के रुख का मुद्दा उठाया। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि उन्होंने राज्य में 05 साल में होम गार्ड की बहाली नहीं होने का मुद्दा सदन में उठाया था, जिसके जवाब में सरकार ने कहा कि 16 जिलों में होम गार्ड की बहाली हो चुकी है और 08 जिलों में प्रक्रिया चल रही है।विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार पिछले सत्र में जातीय जनगणना पर सहमत हुई थी, तब सरकार का जवाब था कि पहले वह केंद्र से जातीय जनगणना कराने का अनुरोध करेगी और अगर नहीं हुआ तो राज्य सरकार करायेगी। आज सदन में प्रदीप यादव के सवाल के जवाब में कहा गया कि जाति जनगणना ग्रामीण विकास विभाग नहीं कराता बल्कि यह काम कोई दूसरा विभाग करता है। जब प्रदीप यादव ने एटीआर पर भी सरकार के काम नहीं करने का मुद्दा उठाया तो आश्वासन दिया गया कि सरकार राज्य में जातीय जनगणना कराएगी।झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान जातीय जनगणना कराने की मांग के बाद प्रदीप यादव ने मीडियाकर्मियों से बात की। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में जो एटीआर था, वह भी पूरा नहीं हुआ है। सरकार जातीय जनगणना कब कराएगी? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जाति जनगणना कराने को लेकर सरकार का रवैया अब तक टालमटोल वाला रहा है, सिर्फ बातों ही बातों में सरकार जाति जनगणना कराने की बात कर रही है। अब जब सदन में जातीय जनगणना कराने की सहमति मिल गयी है तो हमें भरोसा रखना होगा।

## सदन के बाहर भाजपा और झामुमो विधायकों ने किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आज झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन है। बीजेपी विधायक धीरज साहू कैश कांड को कांग्रेस का काला साम्राज्य बताते हुए सदन के बाहर राहुल गांधी और राज्यसभा सांसद धीरज साहू की तस्वीर वाली काली तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बीजेपी विधायकों का आरोप है कि आजादी के बाद से लेकर अब तक कांग्रेस ने देश की जनता की मेहनत की कमाई को लूटा है और भारत को खोखला कर दिया है। बीजेपी विधायकों का कहना है कि राज्यसभा सांसद धीरज साहू, उनके परिवार के सदस्यों और व्यापारिक मित्रों के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आई, इसका पता लगाने के लिए ईडी से जांच करायी जानी चाहिए। वहीं, विधानसभा के बाहर सत्ता पक्ष जेएमएम के विधायकों ने भी केंद्र द्वारा वन अधिकार कानून में संशोधन का विरोध किया और धरने पर बैठ गये। झामुमो विधायक व मुख्य सचेतक नलिन सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने जंगलों को कॉरपोरेट को सौंपने के लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया है।

## क्यों नहीं सरकार को इस्तीफा देना चाहिए, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी बोले, सत्ता पक्ष ने सदन को बना दिया राजनीतिक प्लेटफार्म

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन प्रश्न काल की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने वेल में आकर जमकर हंगामा किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि 4 साल तक बोलने नहीं दिया गया। अब 4 मिनट तो बोलने दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से झारखंड की बदनामी हो रही है। राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मुख्यमंत्री खुद एजेंसी के समन की अवहेलना कर रहे हैं, जो सही नहीं है। सीएम खुद कहते फिर रहे हैं कि हर स्थिति के लिए तैयार हैं। ऐसे में सरकार को इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए। इस मसले पर बहस करने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि धीरज साहू कांग्रेस के राज्यसभा सांसद हैं लेकिन उनके ठिकानों से सैकड़ो करोड़ रुपए बरामद होने के मसले पर इसलिए चर्चा करने की जरूरत है क्योंकि वह झारखंड के रहने वाले हैं। उनकी वजह से झारखंड की बदनामी हुई है। जो पैसे बरामद हुए हैं, वह जल, जंगल और जमीन का लूटा हुआ पैसा है।अमर बाउरी ने कहा कि सरकार अपने कार्यकाल का 4 साल पूरा करने वाली है। सरकार को ऐसे मौके का सदुपयोग करना चाहिए था शीतकालीन सत्र की अवधि लंबी रखनी चाहिए थी। सरकार अपनी उपलब्धियां गिना सकती थी लेकिन छोटा सत्र बुलाकर सरकार अपनी नाकामियां छुपाना चाह रही है।नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि विधायक प्रदीप यादव को होमगार्ड की बहाली से जुड़ा अल्प सूचित प्रश्न पूछना था, लेकिन वह जातीय जनगणना से जुड़ा प्रश्न पूछ रहे हैं। यह कहां से आ गया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग सदन का इस्तेमाल राजनीतिक एजेंडा को पूरा करने के लिए कर रहे हैं।इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सीएम पर सदन में सवाल नहीं उठाना चाहिए वो इडी को जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कहना कि सत्ता पक्ष सदन का दुरुपयोग करता है यह बिल्कुल बेबुनियाद है। उन्होंने विपक्ष पर सदन को राजनीतिक प्लेटफार्म के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष के 33 सदस्य .. .. ..

इन दोनों विधेयकों को सदन के पटल पर रखा और अल्पकालिक चर्चा के बाद इनको सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके बाद सभापति ने संसद की सुरक्षा में चूक पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में एक समिति बनायी है जो सुरक्षा की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट देगी। इस संबंध में रिपोर्ट आने पर सदन को अवगत कराया जायेगा। इस दौरान विपक्ष भारी शोरगुल करता रहा। सभापति ने इसके बाद सदन की कार्यवाही अपराह्व चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सुबह के स्थगन के बाद साढे ग्यारह बजे सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्षी सदस्यों ने एक बार फिर शोर गुल शुरू कर दिया। उन्होंने सदस्यों से शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। इस बीच श्री धनखड़ ने मार्क्सवादी विनय विश्वम से कहा कि आप अपने गलत आचरण से मुझे कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। विपक्षी सदस्यों के शांत नहीं होने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

### समुद्री बटालियन और ड्रोन .. .. ..

है। कई ऐसी नहरों में सामान्य लोगों का प्रवेश भी वर्जित है जबकि मछुआरे वहां परमिट लेकर जाते हैं। शिकायत मिली है कि लोगों की नजरों से आम तौर पर ओझल होने की वजह से इन रास्तों से नशा और हथियारों की तस्करी और अवैध घुसपैठ को अंजाम दिया जाता है।
एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह बंगाल की खाड़ी में गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा पर स्थित है। सुंदरबन भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसका प्रभावी नियंत्रण और सुरक्षा समय की मांग है क्योंकि ऐसे इनपुट हैं कि इस मुश्किल जंगल और नदी क्षेत्र का उपयोग आतंकवादियों और अपराधियों की सीमा पार घुसपैठ के लिए किया जा सकता है।
अधिकारी ने कहा, इसलिए बल ने इस कार्य के लिए अपने कर्मियों की एक विशेष समुद्री बटालियन गठित करने, मजबूत ड्रोन तैनात करने का फैसला किया है जो लंबी दूरी की निगरानी कर सकते हैं और बेहतर गश्त के लिए इन क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए कुछ एटीवी तैनात करेंगे। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि नई बटालियन में 1,100 से अधिक प्रशिक्षित कर्मी होंगे और लगभग 40 बड़े ड्रोन और 12-14 एटीवी तैनात किए जाएंगे। दूसरे अधिकारी ने कहा, गृह मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद योजना को गति दी जाएगी। बीएसएफ, वर्तमान में, लगभग 50 छोटे और बड़े स्पीडबोट और जहाजों के बेड़े के साथ सुंदरबन क्षेत्र में गश्त करती है। जहाजों को तैरती हुई सीमा चौकी कहा जाता है।

### वाराणसी को मिली एक .. .. ..

संकल्प यात्रा एक चलता फिरता विश्वविद्यालय है। इन दो दिनों में मैंने बहुत सीखा। आज की परियोजनाओं से काशी के विकास को गति मिलेगी। मैंने लाल किले से कहा था। हमें कम से कम 15 शहरों में घूमना चाहिए। मुझे खुशी है जो पहले विदेश घूमने जाते थे वो आज अपना देश घूम रहे हैं। पर्यटन बढ़ता है तो विकास बढ़ता है। पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ गई है। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। पर्यटन मानचित्र में काशी के महत्व को बताते हुये उन्होने कहा कि जो बाहर से आता है उसे कैसे पता होगा कि ये मलाईयो का मौसम है।

### सैन्य अधिकारी ने सौंपा .. .. ..

एकत्र करेंगे। और फिर उन्हें जाने की अनुमति दी जाएगी। और तदनुसार, 16 नवंबर की रात को, कोयले से लदे सैकड़ों ट्रक अरुणाचल प्रदेश के खरसांग से आ रहे हैं और मार्गेरिटा पार कर देश के विभिन्न हिस्सों में जा रहे हैं।सूत्रों ने इंडिया टुडे एनई को यह भी बताया है कि कोयला माफिया के सहयोगी असम-अरुणाचल सीमा पर एक मंदिर के पास अवैध कोयला ट्रकों की आवाजाही पर कड़ी नजर रख रहे हैं।सूत्रों ने यह भी कहा है कि ट्रकों से प्रवेश शुल्क के रूप में एकत्र किए गए धन को असम और अरुणाचल प्रदेश दोनों के मंत्रियों, विधायकों और अन्य अधिकारियों के बीच वितरित किया जाएगा। देहिंग पटकाई नेशनल पार्क में अवैध कोयला खनन पर एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें प्रचलित अवैध कोला खनन दिखाया गया है। इंडिया टुडे की एनई रिपोर्ट, जिसका शीर्षक है एक्सक्लूसिव ग्राउंड रिपोर्ट: असम में एक वर्षावन के पास अवैध कोयला खनन कैसे जारी है, ने देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान के भीतर अवैध कोयला खनन कार्यों की उपस्थिति का विवरण दिया, जिसमें असम के लेडो, मार्गेरिटा और जगुन पुलिस स्टेशनों के तहत आने वाले क्षेत्र शामिल हैं।उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हाल ही में तिनसुकिया जिले के मार्गेरिटा में कोयला माफिया मालिकों, बयानी गणेश, सुनील गुरुंग और गुविन चेत्री के आवासों, कार्यालयों और कोयला भट्टा पर छापे मारे थे। 33 घंटे से अधिक समय तक चली छापेमारी 1 दिसंबर को शुरू हुई थी। उधर, असम कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार अवैध कोयला खनन सिंडिकेट के पैसे से चलती है। असम में कोयला सिंडिकेट पर कांग्रेस के आरोप भारतीय सेना की विशेष रिपोर्ट के बाद आए हैं, जिसका शीर्षक है एक्सक्लूसिव ग्राउंड रिपोर्ट: असम में एक वर्षावन के पास अवैध कोयला खनन कैसे जारी है, जिसमें देहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान के भीतर अवैध कोयला खनन गतिविधियों की उपस्थिति का विवरण दिया गया है, जिसमें असम के लेडो, मार्गेरिटा और जगुन पुलिस स्टेशनों के तहत आने वाले क्षेत्रों का वर्णन किया गया है।

### दृष्टि हानि रोकने में .. .. ..

लिए अच्छी तरह से काम करता है।
ऐसा करने के लिए, टीम ने एक समूह अध्ययन किया और 3 और 5 साल बीत जाने के बाद टीडीएमयू के एडवांस्ड क्लिनिकल सेंटर फॉर मायोपिया में 967 जापानी रोगियों की दृश्य तीक्ष्णता को देखा। उन्होंने 34 वेरिएबल्स से एक डेटासेट बनाया जो आमतौर पर नेत्र संबंधी परीक्षाओं के दौरान एकत्र किए जाते हैं, जैसे उम्र, वर्तमान दृश्य तीक्ष्णता और कॉर्निया का व्यास। फिर उन्होंने कई लोकप्रिय मशीन-लर्निंग मॉडल जैसे रैंडम फॉरेस्ट और सपोर्ट वेक्टर मशीनों का परीक्षण किया। इन मॉडलों में से, लॉजिस्टिक रिग्रेशन-आधारित मॉडल ने 5 वर्षों में दृश्य हानि की भविष्यवाणी करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।
जो लोग स्थायी रूप से अपनी दृष्टि खो देते हैं वे अक्सर अपनी स्वतंत्रता के नुकसान के परिणामस्वरूप आर्थिक और शारीरिक रूप से पीड़ित होते हैं। गंभीर दृश्य हानि के कारण वैश्विक उत्पादकता में कमी का अनुमान 2019 में 94.5 बिलियन डॉलर था। हालांकि मॉडल का अभी भी व्यापक आबादी पर मूल्यांकन किया जाना है, इस अध्ययन से पता चला है कि मशीन-लर्निंग मॉडल में इसे संबोधित करने में मदद करने की अच्छी क्षमता है। तेजी से महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता, जिससे व्यक्तियों और समग्र रूप से समाज दोनों को लाभ होगा।

### एक साथ चार लक्ष्य साधती .. .. ..

दूरी पर एक साथ 04 हवाई लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता प्रदर्शित करने वाला पहला देश बन गया। यह परीक्षण भारतीय वायुसेना के सहयोग से किया गया था। जिसमें आकाश हथियार प्रणाली का उपयोग किया गया। यह पता चला है कि घरेलू मिसाइल प्रणाली की क्षमता को 12 दिसंबर को अस्त्रशक्ति सैन्य अभ्यास में प्रदर्शित किया गया था। यह अभ्यास भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित किया गया था। 25 किमी तक की मारक क्षमता वाली आकाश, सतह से हवा में मार करने वाली एक कम दूरी की मिसाइल है जिसका उपयोग मुख्य रूप से कमजोर क्षेत्रों और बिंदुओं को हवाई हमलों से बचाने के लिए किया जाता है। मिसाइल प्रणाली उन प्रमुख प्लेटफार्मों में से एक है जिसे भारत मित्र देशों को निर्यात कर रहा है। भारत जिन अन्य प्रमुख प्लेटफार्मों का निर्यात कर रहा है, वे हैं डोर्नियर-228 विमान, 155 मिमी उन्नत टोड आर्टिलरी गन (एटीएजी), ब्रह्मोस मिसाइलें, खदान संरक्षित वाहन, बख्तरबंद वाहन, गोला-बारूद, थर्मल इमेजर्स और एवियोनिक्स और छोटे हथियारों के विभिन्न घटक शामिल हैं।

## शहर >> अपडेट

### महिला ने पीया किटनाशक, इलाज जारी

**बगहा :** नगर थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी मंटू चौधरी की पत्नी पूनम देवी ने रविवार रात विष्पान कर लिया। स्थिति बिगड़ता देख उसके स्वजन इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाए। जहां मौजूद चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने उसका इलाज आरंभ किया। खबर लिखे जाने तक महिला का इलाज जारी है। चिकित्सक ने स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। दूसरी ओर महिला के स्वजनों की मानें तो गलती से खांसी की दवा की जगह किटनाशक पीने की बात बता रहें है।

## कैंपस इवेंट्स >>

### चार लीटर महुआ शराब बरामद

**टेटिया बंबर :** टेटिया थाना पुलिस ने टेटिया गांव से 4 लीटर महुआ शराब की बरामदगी की है। बताते हुए थाना अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि टेटिया में शराब बिक्री की सूचना मिली फोरन टेटिया पहुंच मामले की खोजबीन की गई तो अभिषेक कुमार के घर के बगल खेत से 04 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तत्पश्चात उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### सेवानिवृत्ति प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निधन पर शोक

**टेटिया बंबर :** प्रखंड के बनहरा पंचायत अंतर्गत मिल्की गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री राम नंदन प्रसाद सिंह का निधन सोमवार की दोपहर अपने पैतृक आवास पर हो गया। उनके निधन पर ग्रामीण समेत संपूर्ण पंचायत वासी मर्माहत है। शिक्षाविद प्रोफेसर शंभू प्रसाद सिंह, पूर्व प्राचार्य राम पुकार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अमरदीप सिंह, पूर्व मुखिया अरुण सिंह, प्रोफेसर शिशिर प्रसाद सिंह, शिवाजी सिंह, विभाष सिंह आदि ने उनके निधन पर शोक एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पैसे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, एक जख्मी मारपीट

**टेटिया बंबर / मुंगेर :** टेटिया थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव में पैसे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी, जिसमें एक पक्ष के एक व्यक्ति जख्मी हो गया। जख्मी का इलाज स्वास्थ्य केंद्र टेटिया बंबर में कराया गया। तत्पश्चात मामले को लेकर जख्मी की पत्नी सुनीता देवी ने टेटिया थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मेरा पति गांव के ही रघुवीर मंडल के डीजे संचालक में कार्य करता था पैसे मांगने पर बुरी तरह से मारपीट की गई। उन्होंने मामले में रघुवीर मंडल समेत चार लोगों को नाम जद किया है। आवेदन की पुष्टि थाना अध्यक्ष नीरज पांडे ने करते हुए कहा कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से) चिकित्सा प्रकोष्ठ का 11 वां चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**पटना :** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से) चिकित्सा प्रकोष्ठ ने 11 वां चिकित्सा शिविर का आयोजन बख्तियारपुर युगल कॉम्प्लेक्स में किया। जिसमें दर्द व रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ डॉ अभिनव सिंह, दांत मुँह कें सर विशेषज्ञ डॉ कृष्ण किशोर, वाक श्रवण विशेषज्ञ डॉ धर्मेंद्र कुमार ने 200 मरीजो की चिकित्सा किया। उपर्युक्त शिविर में पुराने दर्द व गठिया के 90, कान बहने और कम सुनने वाले 60, दांत, मुंह सम्बन्धित बीमारी वाले 50 रोगियों ने शिविर का लाभ उठाया। 'हम' चिकित्सा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धरम सिंह ने मीडियाकर्मियों को बताया कि 'हम पार्टी' गरीबो के हित के लिए लगातार काम करती आ रही है। हम के राष्ट्रीय संरक्षक जीतन राम मांझी व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन सदा गरीबो के हित की बात करते है।

**अपराध** गृह स्वामी की धारदार हथियार से भोक कर की गई नृशंस्तापूर्वक हत्या

# पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है : थानाध्यक्ष

▶▶ हथियारें जिस हथियार से हत्या किया है उसको भी छोड़ गए हैं

▶▶ खून से लथपथ उनका शव घर में पड़ा हुआ था

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू. चः** शहर के शब्जी मंडी से सटे एक मकान में गृह स्वामी की धारदार हथियार से भोक नृशंस्तापूर्वक हत्या कर दी गई। घटना रविवार की शाम की है। जब गृह स्वामी भैरों प्रसाद वर्णवाल उस घर से अपने बाजार वाले घर पर नहीं पहुंचे। परिजन से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का पुस्तैनी घर शब्जी बाजार में है और एक घर राष्ट्रीय उच्च पथ स्थित हीरों होंडा एजेन्सी के पीछे है। मृतक के पुत्र विवेक कुमार ने बताया कि मेरे पिताजी प्रतिदिन उस घर में दीप जलाने जाते थे। उस दिन घर से खाना खाकर निकलें और देर शाम तक वापस नहीं आए। जब हमलोगों ने जाकर देखा तो खून से लथपथ उनका शव घर में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की तहकीकात की। जिसके बाद उन्होंने बताया कि मृतक के सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है।

हथियारें जिस हथियार से हत्या किया है उसको भी छोड़ गए हैं। घर में पिछले कई महीनों से कोई नहीं रहता है। घर से किसी तरह की सामान की भी लुट नहीं हुई है। हत्या की सूचना पर डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच करने आई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदेहास्पद लगता है। अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एसएल की टीम बुलाई गई है। जिसके जांच के बाद हत्यारों तक पहुंचा जा सकता है। मृतक के पुत्र अनुप कुमार ने बताया कि घटना के दिन पिता जी कब वहां गए यह क्लियर नहीं है।

शाम करीब पौने आठ में मेरे भाई निखिल वहां गया तो मेन गेट बाहर से बंद था। घर में प्रवेश किया तो दिखाई नही दिए तो घर पर सूचना दिए। जिसके बाद और भाई वहां गए तो सिढ़ी घर के नीचे उन्हें मारकर कपड़ा से ढका गया था। जहां खून दिखाई दिया, तब घटना का पता चला। इस बाबत थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। परिजन के तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है। एफएसएल की टीम को बुलाई जा रही हैं।

## बीपीएससी में सफल हुई पूर्ववर्ती छात्रा को किया सम्मानित



▶▶ सरस्वती विद्या मंदिर मुंगेर की पूर्व छात्रा बिहार में हुई प्रशासनिक पदाधिकारी

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** शहर के पुरानीगंज स्थित विद्या भारती विद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर मुंगेर की पूर्ववर्ती छात्रा तथा अधिवक्ता राम गुलाम मिश्रा एवं नीलम मिश्रा की तृतीय सुपुत्री दिव्या मिश्रा ने 67वीं बीपीएससी में 371वें रैंक पर सफलता प्राप्त कर नगरपालिका कार्यपालक पदाधिकारी का पद हासिल किया है। दिव्या मिश्रा को सोमवार को विद्यालय परिवार की ओर से वंदना सभा में प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं बालिका खंड की प्रधानाचार्या कीर्ति रश्मि ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान दिव्या ने विद्यालय में बिताए अपने पुराने दिनों तथा कई शिक्षकों को याद करते हुए अपने जूनियर भाई-बहनों को बताया कि विद्यालय शिक्षा की बुनियाद है। इसी से करियर की इमारत खड़ी होती है। परिश्रम के बल पर तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उन्होंने बीपीएससी में सफलता हासिल की है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माताजी, पिताजी, बड़ी बहन एवं विद्यालय को देते हुए कहा कि इन्हीं के सहयोग और कुशल मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया है । प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक तो माली के समान है जब वह कोई पौधा लगाता है तो सिर्फ उसका फल उसे ही नहीं मिलता, बल्कि पूरे समाज को मिलता है। छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां विद्यालय और उसके शिक्षकों का गुरु दक्षिणा है। मौके पर दिव्या की माता जी को बालिका खंड की प्रधानाचार्या कीर्ति रश्मि ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा कहा कि दिव्या शुरू से ही अनुशासित, जागरूक एवं पढ़ाई में बहुत अच्छी थी, तथा सभी कार्यों को समय पर पूरा करती थी।

दिव्या की माता नीलम मिश्रा ने अपनी सुपुत्री के इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## पत्नी का श्राद्ध कर्म कर रहें पति की कुआं में गिरने से मौत



राष्ट्रीय खबर

**दिनारा (रोहतास) :** प्रखंड क्षेत्र के जमरोड़ गांव में पत्नी का श्राद्ध कर्म करा रहें उसके पति की भी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में चीत्कार मच गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव निवासी संजय कुमार विगत दिन अपने पत्नी के मृत्यु के बाद सोमवार को श्राद्ध कर्म भोज में आस पास के कुछ लोगों को बुलावे देने पहुंचे थे। इसी क्रम में गांव स्थित एक कुआं में पैर फिसल कर गिर गए। जिस घटना में उस व्यक्ति दर्दनाक मौत हो गई। मृतक व्यक्ति दिलचंद राम के पुत्र संजय कुमार बताया जाता है। वही घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए जिला एसडीएसआर अस्पताल पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जिस घटना मामलें में पुलिस ने परिजनों से मिल कानूनी प्रक्रिया पूरी किया।

## अंतर राज्यीय सात दिवसीय महिला फुटबाल टूनार्मेंट का दुसरा दिन संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च. :** सुषमा फिल्म के बैनर तले अंतर राज्यीय सात दिवसीय महिला फुटबाल टूनार्मेंट खेल के दूसरे दिन नंद हाई स्कूल के प्रांगण में बंगाल और असम के बीच मैच खेला गया। मैच का उद्घाटन मोहम्मद असलम, शशिकला और डॉ. रितेश झा ने खिलाड़ियों से परिचय कर खेल शुरू करवाया। वही खेल के शुरूवाती दौर से बंगाल की टीम असम की टीम पर लगातार गोल दागने के लिए हावी दिखी, वही असम के खिलाड़ी भी लगातार संघर्ष करते हुए दिखे। खेल के पहले पाली के बंगाल ने तीन गोल कर असम के टीम पर दबाव बना दिया वही असम की टीम ने भी लगातार संघर्ष करते हुए खेल के आखरी समय तक तीन गोल कर बराबरी तक बराबरी कर दिया वही खेल के आखरी के कुछ मिनट में बंगाल ने एक गोल दाग कर मैच को अपने पाले में कर लिया। वही आज मैच में असम के टीम ने तीन गोल किए वही बंगाल ने चार गोल कर आज के दूसरे दिन का मैच बंगाल ने अपने नाम कर लिया है। वही टूर्नामेंट के आयोजक डीके आजाद और सरक्षक चंद्र भानु सिंह, अभिनव अभिषेक, शकिलुर्रहमान, सरोज यादव, तबरेज आलम, निरंजन कुमार, असलम खां, दीपक यादव, मनीष कुमार महतो, मो साबिर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ललन सिंह ने काटे गए बकरों के अवशेष को गंगा नदी में फेंकवाया : केशरी

राष्ट्रीय खबर



**मुगेर :** सांसद ललन सिंह के द्वारा मई माह में मुंगेर के पोलो मैदान में दिया गया मांस-भात भोज प्रकरण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। चुनावी बेला में यह मुद्दा सांसद ललन सिंह के गले का फांस बन सकता है। एनसीपी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी के अध्यक्षता में पूर्वघोषित चरणबद्ध आंदोलन के तहत आज शहीद स्मारक के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया।

उन्होंनें सांसद ललन सिंह से सवाल किया कि महाभोज के लिए काटे गए चार हजार बकरों का अवशेष जैसे अंतड़ी-भोतड़ी-पचौनी, खून एवं हड्डी-गुड्डी वगैरह कहां फेंकवाया। क्या जनचचाओं के अनुसार वास्तव में इसे गंगा नदी में फेंकवा दिया। उन्होंने कहा कि महाभोज हेतु काटे गए चार हजार से भी अधिक बकरों का एंटीमॉर्टम करने वाले डॉक्टरों की सूची तथा उनके द्वारा जारी किए गए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट कहां है।

श्री केशरी ने सवाल किया कि क्या पोलो मैदान का आबंटन कराया गया था और महाभोज के लिए पैंतीस हजार से भी ज्यादा भीड़ इकट्ठा करने के पहले कार्यक्रम की प्रशासनिक स्वीकृति ली गई थी। धरना की समाप्ति पर श्री केशरी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय शिष्टमंडल जिला पदाधिकारी से मिलकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। धरना पर अजय प्रसाद सिंह, मो. तौसीफ, दिनेश तांती, जूली शर्मा, पप्पू मंडल, गोबिंद साहनी, निरंजन गुप्ता, हरिओम कुमार, प्रीति सिंह, शोभा देवी एवं शंकर यादव सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**श्रीराम विवाह महोत्सव** वैवाहिक बंधन में बंधे 17 जोड़ों ने किया साथ जीने-मरने के वादे

# श्रीराम के जयघोषों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

▶▶ उपहार स्वरुप सप्रेम भेंट की गई आवश्यक सामग्रियां

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** महिलाओं की मंगलमयी गीत, शहनाईयों की मधुर धुन, बच्चों की किलकारियां के साथ ही लगुनाहां गांव स्थित खाकी बाबा स्थान व काली माई स्थान परिसर रविवार की रात गुलजार रहा। मौका था श्री राम विवाह महोत्सव के अवसर पर सामुहिक कन्या विवाह उत्सव का। प्रखंड बगहा एक के लगुनाहां-चौतरवा पंचायत के लगुनाहां गांव स्थित अयोध्या धाम के रुप में शुमार खाकी बाबा स्थान व बड़ा जनकपुर धाम के रुप में विख्यात बड़ा लगुनाहां गांव स्थित काली माई स्थान परिसर भगवान श्रीराम के जयघोषों से गुंजायमान रहा। श्री राम विवाह महोत्सव के अवसर पर दोनों स्थानों में क्षेत्र के गरीब, असहाय, निर्धन परिवार के 17 कुमारी कन्याओं की शादी सामुहिक रुप से संपन्न कराई गई। इस दौरान सामुहिक विवाह महोत्सव में शामिल राजनेताओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने नव दंपति को आशिर्वाद व बधाई दी। खाकी बाबा सेवा आश्रम के व्यवस्थापक सह पूर्व मुखिया सुनील कुमार, समाजसेवी मो युसुफ, जय श्री प्रसाद सोनी समेत कई लोगों ने बताया कि श्री राम विवाह महोत्सव के अवसर पर खाकी बाबा स्थान परिसर में एक दर्जन कुमारी कन्याओं की शादी संपन्न कराई गई। वही काली माई स्थान के व्यवस्थापक दुर्गा दयाल दुबे, धरनीकांत राव, नवल किशोर राव, मुकेश राव समेत कई लोगों ने बताया कि सामुहिक विवाह महोत्सव में पांच कुमारी कन्याओं की शादी संपन्न कराई गई। नव दंपतियों ने अग्नि की सात फेरे लेते हुए जन्मजमांतर तक साथ निभाने की कसमें खाई। आगन्तुक अतिथि बगहा विधायक राम सिंह, भाजपा नेता एपी पाठक, भाजपा कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल, तुषार सिंह समेत दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहें।

## न्यूज फटाफट

### भारतीय थारू कल्याण महासंघ की बैठक में कई मुद्दों पर विमर्श




**हरनाटांड़ :** बगहा -2 प्रखंड अन्तर्गत हरनाटांड के भारतीय थारु कल्याण महासंघ के संघभवन मे रविवार को पुर्व सुनियोजित बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महासंघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दीपनारायण प्रसाद व संचालन दृघनारायण प्रसाद ने किया। बैठक मे सभी छः तपा के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य उपस्थित हुए थे। सभी क्षेत्रो से अपनी अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए एक आवेदन प्राप्त किया। सिद्धिविनायक प्रसाद ने बताया कि बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया है कि थरुहट की राजधानी हरनाटांड़ एंव गौनाहा प्रखंड मे महा विधालय खोलवाने लिए प्रयास किया जाय। उन्होंने बताया कि थारू कल्याण महासंघ शिक्षा को सदैव प्राथमिकता देता है। जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे क्षेत्र का विकास संभव नहीं हो पाएगा। बैठक में संगठन के लिए सभी क्षेत्रों से संगठित होने पर भी प्रस्ताव पारित किया गया है। इस दौरान बैठक में संघ के उपाध्यक्ष रामकृष्ण काजी, जयराम गौरव, बुद्धेश्वर प्रसाद, गणेश प्रसाद, विजेंद्र प्रसाद, ब्रजकिशोर महतो ,रामधारी महतो, श्रीकांत पंजियार, आयोग के सदस्य महेश्वर काजी, थारू भौतिक विचार मंच के अध्यक्ष डा.शारदा प्रसाद, थरुहट प्रगतिशिल संस्था के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, शम्भु नाथ राय, सत्यनारायण प्रसाद, संचिव राजकुमार महतो, हेमराज पटवारी सहित दर्जनों उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस 2023 पर पटना में सम्मानित होगी छात्रा प्रांजलि राज



**मुंगेर :** बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी तारामंडल पटना द्वारा आयोजित श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमैटिक्स - 2023 में नेट्रोडम अकादमी मुंगेर क्लास 8-बी की छात्रा प्रांजलि राज ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए जिला स्तर पर फर्स्ट रैंक और सी. वी. रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस - 2024 की प्रतियोगिता में शामिल होकर थर्ड रैंक हासिल किया है ' हंसपुरी हसनगंज घराना मुंगेर के इस प्रतिभावान छात्रा प्रांजलि राज को अब 22 दिसम्बर को ₹राज्य स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस - 2023₹ के अवसर पर पटना में पुरस्कृत किया जाएगा ' छात्रा को परियोजना निदेशक मंडल द्वारा ईमेल पर आमंत्रण भेजा गया है ' इनकी मेधावी उपलब्धि पर नेट्रोडम अकादमी मुंगेर के शिक्षक - प्राचार्या सहित हंसपुरी घराना परिवार के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य शुभकामनायें दी है ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सक्रिय हुए भाजपा कार्यकर्ता



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता शहर से गांवों तक सक्रिय नजर आ रहें है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वैन सोमवार को बिक्रमगंज प्रखंड के जमोढीं पंचायत पहुंच लोगों के बीच योजना की जानकारी दी। जहां पंचायत भवन परिसर में उपस्थित हजारों ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं को टीवी स्क्रीन पर देख कार्यक्रम काफी सराहा। इस आयोजन तहत भारतीय स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक, गैस एजेंसी,भारतीय खाद्य निगम, स्वास्थ्य विभाग के सरकारी कर्मियों ने भी योजनाओं की जानकारी लोगों को देते हुए लाभार्थियों से जन संवाद किया। वही जमोढीं पंचायत में आयोजित कार्यक्रम का संचालन लोक सेवक नवीन चंद्र शाह ने करते हुए मोदी की गारंटी वाली योजनाओं तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, एक राष्ट्र एक राशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य विकास कार्य योजना की चर्चा जन समूह के बीच किया। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, भारतीय खाद्य निगम जिला पदाधिकारी अमरनाथ पाठक, नाबार्ड सुनील कुमार, डीडीएएम रितेश राज, सतीश कुशवाहा, बीडी पासवान, शशि बाला कुमारी, सुषमा कुमारी, ममता देवी, मधुलता देवी, संध्या देवी,सुनील कुमार ग्रामीण जनता गोरख पासवान, महावीर पासवान,छोटू पासवान, तुलसी पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जनसंवाद कार्यक्रम से लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : डीएम



**काराकाट (रोहतास) :** प्रखंड के कछवां थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर में डीडीसी शेखर आनंद की अध्यक्षता में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें शामिल डीडीसी, पुलिस कप्तान विनीत कुमार, अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी चंद्रशेखर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. के एन तिवारी एवं बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन की। तत्पश्चात प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों ने रोहतास डीडीसी शेखर आनंद समेत अन्य जिला से आये हुए अधिकारियों को गुलदस्ता, पुष्पमाला, मोमेंटों समेत अंगवस्त्र से सम्मानित किया। उक्त दौरान डीडीसी रोहतास एवं पुलिस कप्तान ने लोगों की समस्याएं सुनी भी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के लिए निर्देशित भी किया। जनसंवाद कार्यक्रम का संचालन सीएचसी गोड़ारी बीएचएम कौशलेंद्र शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में लोगों को अपनी समस्या की शिकायत या सुझाव दर्ज कराने के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित काउंटर बनाये गए थे। कछवां के इब्राहिमपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लगभग सभी विभागों से जुड़े अधिकारी , अनुमंडल स्तरीय अधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जनसंवाद कार्यक्रम में डीडीसी एवं एसपी ने वहां उपस्थित कई लोगों की समस्याएं सुनी और उसके निष्पादन के लिए स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आपकी सभी उचित समस्या सुनी जाएगी और उसका निष्पादन भी होगा। रोहतास एसपी विनीत कुमार ने जन संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि रोहतास पुलिस सदैव आपके साथ है और रहेगी। उसके बाद काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने उक्त प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया का प्रतिनिधित्व करते हुए डीडीसी के समक्ष अपनी सारी समस्याओं को बारीकी से रखा।

शहर >> अपडेट

## चोरी की बाइक साथ चोर गिरफ्तार

**काराकाट (रोहतास) :** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुशी गांव से चोरी की दो बाइक के साथ दो बाइक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही गिरफ्तार चोर काराकाट थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी 17 वर्षीय अमित कुमार व 17 वर्षीय विकास कुमार पिता उपेंद्र सिंह है। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि चौकीदार सतेंद्र कुमार की सूचना पर कुशी गांव में छापेमारी कर दोनों बाइक चोर को बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।

सिटी

## डीसीएलआर ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**धरहरा/ मुंगेर :** डीसीएलआर अन्नु कुमार ने धरहरा अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय के कई महत्वपूर्ण दस्तावेजो की गहन जांच पड़ताल कर सीओ पूजा कुमारी को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए अंचल कार्यालय में पड़े पेंडिंग दाखिल - खारिज आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीसीएलआर ने सीओ से कहा कि बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के निदेशानुसार शत - प्रतिशत भू- स्वामी का जमाबंदी आधार सीडिंग करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार - प्रसार कर लोगों को अपने जमाबंदी को आधार से लिंक करवाने के लिए जागरूक करें , जिससे कि भविष्य में किसी भी जमाबंदी रैयत को अपने जमीन संबंधित जानकारी लेने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े । मौके पर राजस्व कर्मचारी सैफुर रहमान ,प्राणबल्लभ सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## झुगी-झोपड़ी में लोगों से संपर्क कर बिहार सरकार की योजनाओं को बताएं : अध्यक्ष



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बखरिया स्थित लाल सरैया चौक स्थित जिला पार्षद आवास परिसर में राजद के पंचायती प्रकोष्ठ की सम्मेलन हुई।सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजद के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी को कार्यकर्ताओ द्वारा फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की सरकार जनता के साथ वादा खिलाफी कर रही है। लोगों को रोजगार विकास साथ-साथ देने की वादा की थी। धरातल पर इन योजनाओं को उतारने में विफल साबित हो रही है। झुगी झोपड़ी में लोगों से संपर्क कर बिहार सरकार की योजनाओं को बताएं।अध्यक्षता पंचायती प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह जिला पार्षद लालु यादव ने की। पूर्व जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि बिहार के युवा उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव में अपना भविष्य देख रहे हैं। कार्यकताओं से सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सुरेंद्र मुखिया, प्रखंड अध्यक्ष जयलाल यादव, नीलम सिंह राजेश यादव मुकेश यादव संजय यादव रोशन चौबे डा अमीन अहमद, कपीलदेव यादव, जयप्रकाश यादव, इंजीनियर संजय कुमार कुशवाहा, मानसरवर राम,अमजद खां अधिवक्ता राजेश यादव आदि ने संबोधित किया।

# शास्त्रीनगर में गंडक नदी का दबाव बढा, अभियंताओं ने किया निरीक्षण

## निजात के लिए जल संसाधन विभाग ने करीब 10.18 करोड़ की लागत से निविदा जारी किया

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** नगर परिषद अंतर्गत शास्त्रीनगर गांव पर गंडक नदी का भारी दबाव वर्तमान में बना हुआ है। कटाव व दबाव की सूचना कार्यपालक अभियंता विष्णुदेव पासवान परवाना व वाल्मीकिनगर अंचल के अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती ने मुजफ्फरपुर के मुख्य अभियंता को दिया गया है। सूचना मिलने के बाद रविवार की शाम मुख्य अभियंता विनय कुमार सिंह शास्त्रीनगर कटाव स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत मौजूद अभियंताओं को निर्देश दिया गया है। जिसमें सैंड बैग के मात्रा में वृद्धि होगी। स्वीकृत कार्य में सैंड बैग की मात्रा कम दिया? गया है। नदी के पानी की गहराई और लम्बाई की मापी भी मुख्य अभियंता ने कराया? है। नदी के भारी दबाव को देखते हुए प्रकल्लन में संसोधन का संकेत मुख्य अभियंता ने दिया है। मौके पर मौजूद संवेदक चंद्रमोहन ओझा को भी निर्देशित किया गया है। कटाव से निजात के लिए जल संसाधन विभाग ने करीब 10 करोड़ 18 लाख की लागत से निविदा जारी किया गया है। विभाग के द्वारा बेतिया के संवेदक मेंसर्स चंद्रमोहन ओझा को यह कार्य आवंटित किया गया है। उक्त कंपनी के द्वारा 7.69 फीसदी बिलो निविदा डाली गई थी। जिसके कारण विभाग ने उक्त संवेदक को कार्य आवंटित कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता की माने तो शास्त्रीनगर कटाव स्थल से अप स्टीम में 1500 मीटर में कुल कटाव निरोधक कार्य सैंड बैग, जिओ बैग, और मिजार्पुरी बोल्डर का रिभरमेंट कार्य कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी बोल्डर से कार्य कराने की मांग किया था। जीओ बैग का छोटा छोटा ठोकर भी बनाया जाएगा। ताकि नदी की धारा परिवर्तन हो सके और कटाव से शहर बच सकें।

## अज्ञानता वश मंगल को भी अमंगल कहने से बाज नहीं आ रहे तथाकथित पंडित : आचार्य

राष्ट्रीय खबर

**नाड़ी के संबंध में आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर विवाह को अविचारणीय मान लेना अक्षम्य**



**पटना :** विवाह या अन्य मांगलिक कार्यों में अल्प ज्ञानियों के हाथों विचार का बागडोर देने से नीम हकीम खतरे जान वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है। अज्ञानता वश वे लोग मंगल को भी अमंगल बता देते हैं। सनातन से जुड़े कई त्योहारों का दो दिन होना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उक्त बातें अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पंडित चंद्रप्रकाश त्रिपाठी ने राष्ट्रीय खबर को बताया। उन्होंने विवाह के लिए कुंडली मिलान और नाड़ी दोष को लेकर कई अहम बातें कही। उन्होंने कहा कि कई परिस्थितियों में नाड़ी दोष परिहार स्वतः ही नष्ट हो जाता है। राश्यैक्ये चेद्भिन्नामृक्षं द्वियों स्वान्नाक्ष त्रैम्ये राशि युग्मं तथैव। नाड़ी दोषो नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पाद भेदे शुभं स्यात। एक ही राशि हो, परंतु नक्षत्र भिन्न हों, एक नक्षत्र हो परंतु राशि भिन्न हो, एक नक्षत्र हो परंतु चरण भिन्न हों, नक्षत्र एवं चरण एक होने पर भी भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, विशाखा, श्रवण, घनिष्ठा, पू. भाद्र, उ. भाद्र एवं रेवती में जन्म होने पर नाड़ी दोष नहीं रहता है। वहीं कन्या के नक्षत्र से मध्य नाड़ी नहीं है तो पार्श्व नाड़ी पर दोष नहीं रहता है। त्रिपाठी ने कहा कि एक राशि-नक्षत्र होने पर गुण मिलान में 36 में से 28 गुणों का मिलान हो जाता है और नाड़ी दोष का परिहार होने पर विवाह विचारणीय होता है। नाड़ी से भावी संतान सुख ज्ञात किया जाता है। इसलिए नाड़ी दोष होने पर भी यदि वर-कन्या दोनों की जन्म कुंडलियों के पंचम भाव में शुभ ग्रह है, शुभ ग्रहों से दृष्ट है तथा पंचमेश की शुभ स्थिति है तो विवाह विचारणीय हो सकता है। वहीं उन्होंने बताया कि विवाह में कोई बाधा नहीं है। पहले चिकित्सा सुविधाएँ नहीं होने से नाड़ी मिलान की संतान सुख की दृष्टि से उपयोगिता रही है। जाँच के परिणाम निर्दोष हों तो नाड़ी दोष होने पर भी विवाह किया जा सकता है। नाड़ी के संबंध में आधी-अधूरी जानकारी के आधार पर केवल नाड़ी दोष देखकर विवाह को अविचारणीय मान लेना बहुत बड़ी भूल होगी, जो क्षमा योग्य नहीं है।

## चंद्रवंशी समाज जरासंध महाराज के याद में लिख रहें नया इतिहास : पूर्व मंत्री



राष्ट्रीय खबर

**सासाराम (रोहतास):** अखिल भारतीयवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के रोहतास में बिहार सरकार के माननीय पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार के उपस्थिति में जरासंध जयंती मनाया गया। जो रविवार को सासाराम जिला रोहतास बिहार के अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा रोहतास जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंद्रवंशी एवं जिला महासचिव प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी जरासंध महाराज की जयंती समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश चंद्रवंशी व मंच संचालन सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने की। जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रेम कुमार ने जरासंध जी महाराज के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने जरासंध जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग पर चलने के लिए लोगों से अपील की। इस समारोह के अवसर जिला क्षेत्र के सभी प्रखंडों से लोगों की भीड़ उमड़ी थी। मौके पर नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल, गुडु चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, नागेंद्र चंद्रवंशी, गुप्तेश्वर चंद्रवंशी, विनय चंद्रवंशी, प्रेम प्रकाश चंद्रवंशी,पन्नू चंद्रवंशी, अनिल कुमार सिंह, शंभू चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष गोरख चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बिहार पुलिस मे पुलिस अवर निरीक्षक पद की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**बरियारपुर/ मुंगेर :** बालिका उच्च विद्यालय बरियारपुर में बिहार पुलिस मे पुलिस अवर निरीक्षक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। परीक्षा के दोनो पालियो मे कुल 480 परीक्षार्थी ने भाग लिया। प्रथम पाली में 37 तो द्वितीय पाली मे 32 कुल 69 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 24 परीक्षार्थी पर एक वीक्षक की नियुक्ति कि गई थी। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी सहित जवानों की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा नियंत्रक रेनू सिन्हा एवं दीपक दास ने उपरोक्त बाते की जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर कल 480 परीक्षार्थी का परीक्षा दिया जाना था। प्रथम पाली में 240 परीक्षार्थी में से 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे एवं दूसरी पाली में 240 परीक्षार्थी में से 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोग हो रहें जागरूक : डॉ0 माधवी



**बिक्रमगंज(रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के घुसियां कला पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, सम्मान निधि प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य शिविर में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के प्रभारी डॉ० माधवी कुमारी ने राज्य एवं केंद्र के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जन-जन तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के तहत सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में 5 लाख तक की निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। स्वास्थ्य शिविर में टीबी, परिवार नियोजन के अस्थाई एवं स्थाई उपाय के बारे में भी जागरूकता के साथ ही ठंड से बचाव के लिए उपाय करने पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत मुखिया, सचिव, एएनम सहित ग्रामीणों लोग उपस्थित थें।

## एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**राजगीर :** बिहार के नालंदा जिले में लहेरी थाना क्षेत्र के गगनदीवान स्थित बस स्टैंड से आज एक किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। लहेरी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि एक तस्कर गांजा की डिलीवरी देने आया है। सूचना के सत्यापन के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए गगनदीवान स्थित बस स्टैंड से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक किलो गांजा बरामद किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में सलेमपुर निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह बाढ़ से गांजा की डिलीवरी देने यहां आया था। उन्होंने बताया कि गांजे की डिलीवरी लेने वालों की भी पहचान की जा रही है। शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एसएसबी 21वी के जवानों ने 13 मवेशियों को पकड़ा, तस्कर फरार

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी-21वीं वाहिनी के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तस्करी को नेपाल भेजे जाने के पुर्व 13 पशुओं को बरामद किया है। इन मवेशियों को भारत से होते हुए छुपा कर नेपाल ले जाया जा रहा था। रमपुरवा बीओपी के कंपनी कमांडर निरीक्षक के अनुसार गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ मवेशी तस्करों द्वारा मवेशियों को भारत के रास्ते नेपाल की ओर ले जाया जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसबी के उपनिरीक्षक के नेतृत्व में जवानों की टीम को मौके पर भेजा गया। जहां चंपामई स्थान के पास कुछ तस्करों को मवेशियों को मारते पीटते ले जाता देखा गया। एसएसबी के जवानों को देख मवेशी तस्कर मवेशियों को छोड़ कर अंधेरे का लाभ ले कर मौके से भागने में सफल रहे। बाद में जब्त किए गए मवेशियों में 6 बैल और 7 गाय को पकड़ कर वाल्मीकिनगर थाना को सुपुर्द कर दिया गया। वाल्मीकिनगर थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि कुल 13 मवेशियों को एसएसबी के द्वारा सुपुर्द किया गया है। आवेदन के आलोक में जल्द कार्रवाई करते हुए अज्ञात मवेशी तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की जा रही है।

न्यूज फटाफट

## स्क्रुटनी का कार्य संपन्न, वैद्य पाये गये सभी अभ्यर्थियों के नामांकन



**बगहा एक व पीपरासी में निर्विरोध जीतेंगे अभ्यर्थी**

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार पंचायतों में रिक्त पदों पर चुनाव के लिए नामांकन किया जा चूका हैं। सोमवार को उमीदवारों के कागजों के समीक्षा का अंतिम दिन था। बगहा दो बीडीओ सह आरओ जयराम चौरसिया ने बताया कि नयागांव पंचायत में रिक्त हुए सरपंच पद के लिए तीन अभ्यर्थी, बैराटी बरियरवा में मुखिया पद के लिए 13 अभ्यर्थी तथा हरनाटांड़ में पंच पद के लिए एक अभ्यर्थी ने पर्चा दाखिल किया है। समीक्षा में उक्त सभी नामांकन वैद्य पाये गये हैं। उधर प्रखंड बगहा एक में दो पंच व एक वार्ड सदस्यों पद पर निर्विरोध रूप से जीत होना तय हैं, कारण की किसी दूसरे उमीदवार ने विरोध में नामांकन नहीं किया हैं। पंचायत राज सलहा बारियरवा वार्ड 11में पंच पड़ पर ठग साह, सिसवा बसंतपुर के वार्ड 13 से पंच पद पर जमीरुद्दीन अंसारी एवं चन्द्रहा रुवालिया के वार्ड छह से वार्ड सदस्य के पद पर सुमन देवी ने ही नामांकन किया हैं। इनके विरोध में कोई उमीदवार नहीं हैं। ऐसे में तीनों निर्विरोध विजयी होंगे। ऐसे में बगहा एक में चुनाव नहीं होगा। वहीं पिपरासी प्रखंड में नामांकन पत्रों की समीक्षा का कार्य संपन्न हो गया ।इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार ने बताया की पिपरासी प्रखंड में एक पंच के पद हेतु नामांकन किया गया था । जिसकी समीक्षा की गई । जांच में नामांकन पत्र वैद्य पाया गया । उन्होंने बताया कि प्रखंड के सेमरा लवेदाहा पंचायत के वार्ड नंबर 4 के पंच जंगली बीन की मृत्यु के बाद उक्त सीट खाली हुई थी। जिस पर एक अभ्यर्थी राधेश्याम बैठा के द्वारा ही नामांकन किया गया था। समीक्षा में उक्त नामांकन वैद्य पाया गया है। 20 दिसंबर को अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। 28 दिसंबर को उपचुनाव एवं 30 दिसंबर को मतगणना का कार्य प्रखंड मुख्यालय में किया जाएगा। हालांकि जहां पर केवल एक अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल किया है। वहां पर चुनाव नहीं होगा। उक्त अभ्यर्थी को निर्विरोध चुना जाएगा।

## समादेष्टा ने पिता के पुण्यतिथि पर 350 जरूरतमंदों के बीच वितरित किया कंबल

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर:** दिवंगत सेवा निवृत रेलकर्मी चंद्रशेखर मंडल के 19वीं पुण्यतिथि के मौके पर कोठियारा केशोपुर में 350 जरूरतमंदों के बीच समादेष्टा प्रमोद मंडल ने कमल वितरण किया। जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते हुए बीएमपी - 5 के समादेष्टा मंडल ने बताया कि रेल इंजन कारखाना से सेवा निवृत होने के बाद दिवंगत पिताजी चंद्रशेखर मंडल समाज में जरूरतमंदों के सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके पुण्यतिथि पर हर साल हम लोग जरूरतमंदों के बीच कमल वितरण के साथ नारायण सेवा का कार्य करते रहते हैं। वहीं शहर के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार उर्फ मंटू बताया कि दिवंगत समाज सेबी चंद्रशेखर मंडल के पुण्यतिथि पर हर साल एसपी साहब परिवार के साथ केशोपुर पहुंच कर जरूरतमंद की सेवा करते सामाजिकता समरसता का संदेश देने का काम करते हैं। वही कंबल वितरण के कार्यक्रम से ठंड में जरूरतमंदों को राहत मिलती है। कमल वितरण समारोह के बाद दिवंगत सेवानिवृत्ति रेल कर्मी की आत्मा की शांति हेतु सभी लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। मौके पर पवन कुमार, गोविंद कुमार, छोटू कुमार, रुपेश कुमार,गोलू कुमार, आकाश कुमार,बिट्टू कुमार, रूपेश कुमार सहित कई मौजूद थे।

## गंगा में डूबने से 55 वर्षीय मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

राष्ट्रीय खबर



**बरियारपुर/ मुंगेर:** जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला वार्ड 9 निवासी 55 वर्षीय राजकुमार मंडल का गंगा में डूबने से मौत हो गई। घटना के संबंध मे ग्रामीणो ने बताया कि मृतक दुबे के खेत मे मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घास लाने के लिए बंगाली टोला के समीप गंगा पार गया हुआ था। वापस आने के दौरान घास का गट्ठर अपने सर पर लेकर गंगा किनारे पानी में नाव की तरफ चढ़ने के लिए आ रहा था। इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से मौत हो गई। जिसे गोताखोर सोनू कुमार दीपक एवं दिगंबर कुमार के साथ ग्रामीण के सहयोग से मृतक के शव को गंगा से निकला गया। वह परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। अपने पीछे वह अपनी पत्नी झानो देवी सहित तीन पुत्री एवं दो पुत्र को छोड़ गए। मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। उन लोगों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। परिजनों के द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी उपलब्ध कराई गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल देखने को मिल रहा है।

## अधिकारी हीं सरकार की कब्र खोदने पर तुले हैं : सपा

**निगम से लेकर अंचल कार्यालय में है लूट की खुली छूट : पप्पू यादव**

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर:** केंद्र व राज्य सरकार की किसान व जन विरोधी नीतियों को लेकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने जनसंपर्क कर सरकार की विसंगतियों के विरुद्ध सड़क पर उतरने की अपील की सफियाबाद, मोर्चा रामनगर ,नौवागढी, शंकरपुर ,चंडी स्थान सहित दर्जनों जगह बैठक व जनसंपर्क के माध्यम से सपा जिलाध्यक्ष ने केंद्र व राज्य सरकार के ढपोरसंखी नीतियों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा की एक तरफ संसद की सुरक्षा में सेंध मारी हो रही है तो दूसरी तरफ के के पाठक जैसे अधिकारी हो या जिला व अंचल के पदाधिकारी सरकार के ये अधिकारी ही सरकार की कब्र खोदने पर तुली है, नगर निगम कार्यालय लुट के अखाड़े में तब्दील हो गया है । जिले का हर अंचल कार्यालय में लूट की खुली छूट है। अपराधिक घटना पुलिसिंग व्यवस्था की पोल खोल रही है जिसके कारण हर वर्ग आहत है और सरकार को विकास नजर आ रही है ऐसे दिवास्वप्न वाली सरकार का विरोध आवश्यक है अन्यथा इसके दुरगामी परिणाम जनता को भुगतना होंगा । मौके पर मौजूद जिला के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने पार्टी द्वारा जन समस्याओं को लेकर किसान दिवस पर आहुत जेल भरो अभियान को सफल बनाने की अपील की । मौके पर ईश्वर मंडल, कुमार प्रभाकर, छडपन मंडल, प्रहलाद यादव, वीरेंद्र झा, राजेश मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकीय

# कानून बदलिए तो जिम्मेदारी तय हो

केंद्र सरकार ने ब्रिटिश जमाने के कानूनों को बदलने की प्रक्रिया जारी रखी है। इसके बारे में दलील दी गयी है कि नए आपराधिक कानून बिल ने औपनिवेशिक युग की दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को सुव्यवस्थित और सुधारित किया है। भारतीय दंड संहिता, जिसे भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाता है, पारित होने पर इसमें कम धाराएँ होंगी। सुधारों का उद्देश्य आपराधिक कानून को समाज में बदलाव के साथ संरेखित करना है, और खोज-और-जब्ती या सबूत इकट्ठा करने और अन्य आवश्यकताओं के लिए तकनीकी प्रगति का उपयोग करना होगा। पुलिस को प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और मुकदमों को पूरा करने के लिए समय सीमा दी गई है; सरकार का आशावाद असीमित लगता है। लेकिन एक और समय सीमा बढ़ा दी गई हैः किसी व्यक्ति को बिना आरोप के कितने दिनों तक हिरासत में रखा जा सकता है। यह मजबूत सरकारी नियंत्रण का सुझाव देने वाले परिवर्तनों में से एक है। इसलिए पुलिस की शक्तियां



बढ़ गई हैं. इनमें से यह निर्णय लेने का उनका अधिकार है कि कौन सी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाए, और कथित आर्थिक अपराधों के साथ-साथ ह्यआदतन दोहराने वालेह्न अपराधियों सहित अपराधों की एक बड़ी श्रृंखला के लिए गिरफ्तारी पर हथकड़ी का उपयोग करने का कोई परिभाषा नहीं है कि कौन इसके लिए योग्य होगा। यह पदवी. सुप्रीम कोर्ट ने एक से अधिक बार फैसला सुनाया है कि हथकड़ी ही अंतिम उपाय है। लेकिन गरिमा जैसे संवैधानिक सिद्धांत ज्यादा नजर नहीं आते. इसके बजाय, आतंकवाद की अस्पष्ट और व्यापक परिभाषाओं के साथ, या देश की संप्रभुता या एकता को खतरे में डालने के लिए विरोध प्रदर्शनों को शांत करना आसान होगा, जो केवल भाषण और लेखन के माध्यम से हो सकता है। राजद्रोह कानून को निरस्त कर दिया गया है, लेकिन ये व्यापक परिभाषाएँ इसके सिद्धांतों को अवशोषित करती हैं और उन्हें तेज करती हैं। उदाहरण के लिए, शांति भंग करने वाली सभाओं की अस्पष्ट अवधारणा में अहिंसक विरोध शामिल हो सकता है। आत्महत्या को अपराध की श्रेणी से बाहर रखा गया है, सिवाय इसके कि जब किसी सरकारी अधिकारी को निशाना बनाया गया हो। मॉब लिंचिंग एक अपराध है, लेकिन सभी सदस्यों के लिए मृत्युदंड तक की सजा अव्यावहारिक है क्योंकि साक्ष्य जुटाना असंभव होगा। जबकि पुरुषों को छोड़कर केवल महिलाओं को ही बलात्कार के विषय के रूप में देखा जा रहा है, ह्यअपमानजनक शीलह्न की औपनिवेशिक अभिव्यक्ति को बरकरार रखा गया है। इस बीच, शादी के वादों में धोखे में गलत पहचान बताना शामिल है; क्या मंडरा रहा है लव-जिहाद? ऐसे कई छोटे बदलाव, परिवर्धन और शांत विलोपन हैं जो भारतीय कानून संहिता की भावना को पूरी तरह से बदल देते हैं, जो सरकार को संवैधानिक सीमाओं से परे सशक्त बनाते हैं। फिर भी विशेषज्ञ बताते हैं कि किए गए वास्तविक परिवर्तन केवल 20 फीसद के आसपास हैं। राष्ट्रवाद के नाम पर किये गये सुधारों का परिणाम अजीब होता दिख रहा है। दूसरी तरफ ब्रिटिश राज की कार्यसंस्कृति अब भी यथावत है। साफ शब्दों में कहें कि भारतीय ब्यूरोक्रेसी ही देश की अंतिम व्यवस्था है, जिसका हर चीज पर नियंत्रण हैं। किसी व्यवस्था को बनाये रखने के लिए यह कोई गलत बात शायद नहीं है। लेकिन असली गड़बड़ी तो इन्हीं अफसरों से प्रारंभ होती है, जिनमें घूसखोरी एक कार्यसंस्कृति बन चुकी है। दरअसल नेताओं को पैसा देकर मनचाहे स्थान पर पोस्टिंग से इस बेइमानी की नींव रखी जाती है। उसके बाद यह ऊपर से नीचे तक गंगोत्री की तरह प्रवाहित होता है। घूस देकर पोस्टिंग पाने वाले आते ही अपने पैसे की वसूली में जुट जाते हैं। अगर ब्रिटिश राज की कार्यसंस्कृति में वाकई सुधार करना है तो किसी की इच्छा के बगैर ही अधिकारियों को पोस्टिंग के लिए वर्तमान परिवेश में मौजूद साफ्टवेयर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। तीन साल की कार्यावधि के बाद कौन अधिकारी कहां जाएगा, इसका अंदाजा उसके ऊपर का अफसर भी नहीं लगायेगा। दूसरी बात यह है कि किसी आर्थिक आरोप में फंसे अफसर की चल अचल संपत्ति को जांच पूरी होने तक जब्त करने की प्रक्रिया भी होनी चाहिए। वरना एक अफसर दूसरे अफसर के खिलाफ लंबे समय तक जांच की प्रक्रिया को जारी रखता है और जब मामला ठंडा पड़ जाता है तो उसे रफा दफा कर दिया जाता है। सत्ता से सीधे टकराने वाले अधिकारियों के अलावा किसी भ्रष्ट अफसर को सही सजा दिये जाने का कोई प्रमाण पूरे देश में मौजूद नहीं है। अगर वाकई सुधार करना है तो अफसरों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और साथ में उसका दंड भी। वरना जेल में बंद अफसरों के परिवारों को अपनी जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं महसूस होता और भ्रष्टाचार की यह गंगा निरंतर बहती रहती है। देश के दस बड़े घूसखोर अफसरों की संपत्ति जब्त हो तो अपने आप ही ढेर सारा सुधार दिख जाएगा। वरना फाइल पर विमर्श करें की संस्कृति चलती रहेगी।

# लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व फिर से बीजेपी के एजेंडे में

हिन्दुस्तान के इतिहास में एक और नई इबारत जुड़ने जा रही है।अगले साल 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के नवनिर्मित आलीशान मंदिर में प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो उसी के साथ पांच सौ साल का विवाद भी इतिहास के पन्नों में सिमट जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा की खबर से रामभक्त प्रसन्न हैं।वहीं इसको लेकर सियासत भी गरमाना शुरू हो गई है। जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि 2024 का लोकसभा चुनाव भी रामलला के इर्दगिर्द घूमता नजर आये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहियें।क्योंकि बीजेपी एक बार फिर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वैसे भी करीब चार दशक से अयोध्या राजनीति का केन्द्र बना हुआ है।बीजेपी रामलला के नाम पर कई चुनाव लड़ और जीत चुकी है।पूरे देश में बीजेपी का विस्तार यदि देखने को मिल रहा है तो इसकी जद में अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्रमुख भूमिका रही।इसी के चलते भले ही आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा हो,लेकिन बीजेपी



**अजय कुमार**
**पत्रकार**

भी इसका श्रेय लेने में पीछे नहीं है।वह अपने वोटरों को बताती रहती है कि यदि वह नहीं होती तो रामलला का मंदिर निर्माण हो ही नहीं पाता।खास बात यह है कि बीजेपी के इस दावे पर उसके वोटर विश्वास भी करते हैं। बहरहाल,एक तरफ बीजेपी के उत्थान में रामलला का मंदिर मील का पत्थर साबित हुआ है तो दूसरी ओर अयोध्या की सियासत के चलते कई राजनैतिक दलों को पतन का भी सामना करना पड़ा है।कांग्रेस,समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की आज जो दुर्दशा देखने को मिल रही है,उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि बीजेपी को छोड़कर अन्य सियासी दल अपने आप को इस सियासत में एडजेस्ट नहीं कर पाये।इसी लिए कोई भी गैर बीजेपी दल नहीं चाहता है कि 2024 का आम चुनाव रामलला के नाम पर लड़ा जाये।इसको लेकर कई दलों में बेचैनी भी देखी जा सकती है।इसकी बानगी हाल में ही तब देखने को मिली जब उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण कोर्ट के आदेश पर हो रहा है।भारतीय जनता पार्टी की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि भाजपा भगवान श्री राम के नाम पर राजनीति कर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।शिवपाल का यह बयान सहारनपुर में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के सिलसिले में अपने समर्थकों से संवाद के बाद मीडिया से रूबरू होने के दौरान सामने आया।सहारनपुर के दो दिवसीय दौरे के दौरान शिवपाल ने देवबंद में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद वह मीडिया कर्मियों से रूबरू हुए। इस मौके पर शिवपाल यादव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। शिवपाल यादव ने कहा की अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण कार्य कोर्ट के आदेश पर किया जा रहा है। भाजपा सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है। शिवपाल जैसी भाषा करीब-करीब सभी दलों के नेता बोल रहे हैं।वहीं बीजेपी वालों को इससे सियासी फायदा होता दिख रहा है।

राम मंदिर के उद्घाटन की तारीख सामने आने के बाद पीएम मोदी समेत अधिकांश केंद्रीय मंत्री रामलला से जुड़ी तमाम खबरें अपने सोशल साइट्स पर पोस्ट कर रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी तक तमाम बीजेपी नेता अयोध्या से जुड़ा वीडियो शेयर करते रहते है। गौरतलब हो, इसी साल के शुरूआत में जनवरी महीने की बात है जब त्रिपुरा की एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि राहुल गांधी सुन लें जनवरी 2024 में बन जाएगा रामलला का मंदिर। अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2019 के चुनाव के दौरान जब मैं बीजेपी का अध्यक्ष था और राहुल बाबा कांग्रेस अध्यक्ष थे। वे रोज पूछते थे मंदिर वहीं बनाएंगे तिथि नहीं बताएंगे। अमित शाह ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो अगले साल 1 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर आपको तैयार मिलेगा। 22 जनवरी तारीख सामने आने के बाद अब विपक्ष बीजेपी पर आरोप लगा रही है।

उधर, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राम मंदिर का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। भारतीय हजारों वर्षों से राम की पूजा करते आ रहे हैं। अचानक, मोदी राम भक्त बन गए हैं और देश को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। चौधरी ने कहा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के लिए केवल पीएम मोदी को ही निमंत्रण क्यों दिया गया है, विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल किया कि क्या यह लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक पार्टी कार्यक्रम बन जाएगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या सिर्फ एक ही पार्टी को निमंत्रण भेजा जा रहा है। क्या यह अब एक पार्टी कार्यक्रम बन गया है? भगवान सबके हैं। हर पार्टी को निमंत्रण मिलना चाहिए था।एक तरफ गैर बीजेपी पार्टियां इस बात से गुस्से में हैं कि बीजेपी रामलला के नाम पर सियासत कर रही है।वहीं बीजेपी पर्दे के पीछे से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के काम को चुनावी इवेंट बनाने में लगी हैं।इसी कड़ी में अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उनकी चरण पादुकाएं भी रखी जाएंगी।फिलहाल ये पादुकाएं देशभर में घुमाई जा रही हैं। पादुकाएं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी। ये चरण पादुकाएं एक किलो सोने और सात किलो चांदी से बनाई गई हैं। इन्हें हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने बनाया है। 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया था।

यहां से यह सोमनाथ ज्योतिर्लिंग धाम, द्वारकाधीश नगरी और इसके बाद बद्रीनाथ ले जाई जाएंगी। श्रीचल्ला श्रीनिवास इन पादुकाओं को हाथ में लेकर अयोध्या में निमार्णाधीन मंदिर की 41 दिन की परिक्रमा भी कर चुके हैं। अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है,इसके लिए पटना के महावीर मंदिर में तैयारी चल रही है। अयोध्या में इस महा आयोजन में शामिल होने वाले भक्तों को अपनी राम रसोई से स्वादिष्ट भोजन कराएगीत्र 15 जनवरी से हर महीने 6 लाख लोगों को भोजन कराने की तैयारी हैत्र सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाली राम रसोई अयोध्या में बिहार की खास पहचान बनेगी। वहीं श्रीराम मंदिर परिसर में 10 हजार स्क्वॉयर फीट में राम रसोई बनाने का प्लान भी है। अभी राम लला के सामने स्वर्णिम दीपक भी महावीर मंदिर से भेजे गए गाय के घी से जलाया जाएगा। वहीं सात समुंदर पार अमेरिका में रह रहे हिंदू समुदाय ने वॉशिंगटन डीसी में फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड एक कार रैली का आयोजन किया। इसके साथ ही यहां एक महीने तक राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तक चलने वाले उत्सव की शुरूआत की है। रैली के लिए सभी अयोध्या वे में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक के लिए अयोध्या और हिन्दुत्व को फिर से बीजेपी ने अपने एजेंडे में शामिल कर लिया है।

# नली का कमाल

प्रेरक-प्रसंग

एक बार राजा कृष्णदेव राय अपने दरबारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। चर्चा करते-करते अचानक बात चतुराई पर होने लगी। महाराज कृष्णदेव राय के दरबार में राजगुरु से लेकर कई अन्य दरबारी तेनालीराम से जलते थे। ऐसे में, तेनालीराम को नीचा दिखाने के लिए एक मंत्री दरबार में बोल पड़ा कि, ह्लमहाराज! दरबार में एक से बढ़कर एक बुद्धिमान और चतुर लोग मौजूद हैं और अगर मौका दिया जाए, तो हम सभी अपनी चतुराई आपके सामने पेश कर सकते हैं, किंतु?ह्लमहाराज कृष्णदेव ने हैरत में पड़ते हुए पूछा, ह्लकिन्तु क्या मंत्री जी?ह्व इस पर सेनापति बोले, ह्लमहाराज! मैं आपको बताता हूं कि मंत्री जी के मन में क्या बात है। दरअसल, इस दरबार में तेनालीराम के अलावा किसी को



भी अपनी चतुराई साबित करने का मौका नहीं दिया जाता है। हर बार तेनालीराम ही चतुराई का श्रेय ले जाते हैं, तो ऐसे में दरबार के बाकी लोग अपनी योग्यता कैसे दिखा सकते हैं?ह्लमहाराज कृष्णदेव राय सेनापति की बात सुनकर समझ गए कि दरबार के सभी लोग तेनाली के विरोध में उतर आए हैं। इसके बाद महाराज कुछ देर शांत रहे और मन ही मन विचार करने लगे। तभी महाराज की नजर भगवान की मूर्ति के सामने जल रही धूपबत्ती पर गई। धूपबत्ती को देखकर महाराज के मन में सभी दरबारियों की परीक्षा लेने का विचार आया।उन्होंने तुरंत कहा, ह्लआप सभी दरबारियों को अपनी चतुराई साबित करने का एक मौका जरूर दिया जाएगा। जब तक सभी दरबारी अपनी चतुराई साबित नहीं कर देते, तनाली बीच में नहीं आएगा।ह्व यह सुनकर दरबार में मौजूद लोग खुश हो गए। उन्होंने कहा, ह्लठीक है महाराज! आप बताएं कि हमें क्या करना होगा?ह्व राजा कृष्णदेव राय ने धूपबत्ती की तरफ उंगली करते हुए कहा कि मेरे लिए दो हाथ धुआं लेकर आओ। जो भी यह काम कर पाएगा, उसे तेनालीराम से अधिक बुद्धिमान समझा जाएगा। .. .. ..**जारी।**

नज़रिया

# बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में देश ने उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की

वर्ष 2023 को एक ऐसे साल के रूप में याद किया जाएगा जब बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में देश ने उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की। वर्ष 2023 में ऐसी दो घटनाएं हुईं जो देश की सामूहिक चेतना पर अमिट छाप छोड़ गईं। पहला, जब भारत ने अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाई और चंद्रयान सफलतापूर्वक चांद पर उतरा। दूसरा, जब देश ने अपनी अंतरात्मा में झांक कर देखा और एक सुर में तय किया कि अब वह न



**अवधेश कुमार शर्मा**
**पत्रकार**

तो अपने बच्चों को बाल विवाह के नाम पर दासता की बेड़ियां पहनाएगा और न ही उन्हें और यातनाओं का शिकार होने देगा। पहली उपलब्धि बहिमुर्खी थी। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक लंबी छलांग थी जिसे देखा जा सकता था लेकिन दूसरी उपलब्धि जमीनी प्रयासों का नतीजा थी जहां देशवासियों ने एक साथ हाथ उठाकर निश्चय किया कि वे बाल विवाह की सदियों पुरानी कुरीति को खत्म करके मानेंगे।

**देश के 3,79,972 गांवों और 9,91,859 स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई और कुल 4,91,25,475 लोगों ने शपथ लेकर कहा; बहुत हो चुका, बाल विवाह की आड़ में बच्चों के साथ बलात्कार और उनकी हत्या अब और नहीं।**

दुनिया में कुल 223 मिलियन बाल वधुएं हैं हैं जिसमें एक तिहाई अकेले भारत की हैं। स्वतंत्र भारत में बाल विवाह के खिलाफ आज से कुछ वर्षों पहले तक समाज सुधारकों से लेकर सरकारी विभागों तक के प्रयास कभी अनसुने हो कर रह गए तो कभी मामूली से शोर से आगे नहीं बढ़े। और ये किसी बदलाव के लिए पूरी तरह नाकाफी थे। लेकिन अब स्थिति अलग है। आज से चंद वर्षों बाद अगर कोई बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई की शुरूआत और इसके खात्मे का क्रमिक वृतांत लिखेगा तो 2023 को उस साल के रूप में याद किया जाएगा जहां बच्चों के साथ इस अपराध के खात्मे के अभियान ने निर्णायक शक्ल अख्तियार की। पहली बार 2023 में यह हुआ जब देश के 17 राज्यों ने एक साथ मिलकर 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' छेड़ा जो जल्द ही सुनामी में बदल गया। देश के 3,79,972 गांवों और 9,91,859 स्कूलों में बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई और कुल 4,91,25,475 लोगों ने शपथ लेकर कहा; बहुत हो चुका, बाल विवाह की आड़ में बच्चों के साथ बलात्कार और उनकी हत्या अब और नहीं।

एक अभिनव पहल और बाल विवाह के खिलाफ बेमिसाल राष्ट्रव्यापी अभियान में 16 अक्टूबर को पूरे देश से सरकारी विभागों के कर्मचारी, युवा और बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे नारे लगाते हुए सड़कों, गलियों और गांवों की पगडंडियों पर निकले। बाल विवाह को रोकने की शपथ लेते हुए इन्होंने पूरे दिन तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया और शाम को हाथ में मशाल और मोमबत्ती लेकर जुलूस निकाल कर इस कुप्रथा के खिलाफ अलख जगाया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में हिस्सेदारी करते हुए थानों से लेकर कचहरी तक, पंचायतों से लेकर सामुदायिक भवनों तक बच्चों से लेकर वृद्ध महिलाएं और बाल विवाह की पीड़िताओं सहित पूरे देश ने इस अभियान के प्रति व्यापक समर्थन जताया और देश से इस अभियान के खात्मे की प्रतिबद्धता जताई। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि खामोशी से शुरू हुआ ह्यबाल विवाह मुक्त भारत अभियानह्न अब सुनामी में तब्दील हो चुका है। तमाम सरकारी विभाग खुद आगे आकर इस अभियान को दिशा दे रहे हैं और इसे सफल बनाने के लिए जीतोड़ प्रयास कर रहे हैं। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की अगुआई महिला कार्यकताएं और 160 सामुदायिक संगठन मिलकर कर रहे हैं। देश के 300 जिलों में चलाए जा रहे इस अभियान का लक्ष्य 2030 तक बाल विवाह का खात्मा करना है।

जानकारी

# वेंगुर्ला



वेंगुर्ला में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगहें हैं। लेकिन इससे पहले यहां की खासियत के बारे में जानना जरूरी है। वेंगुर्ला अरब सागर के तट के किनारे स्थित है। यह खूबसूरती के मामले में महाराष्ट्र की कई जगहों को पीछे छोड़ती है। कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति यहां घूमने पहुंचता है, वह यहां पर बार-बार आना चाहता है। वेंगुर्ला बेहद शांतिपूर्ण जगह के लिए भी जाना जाता है।

## वेंगुर्ला में घूमें ये जगहें

वेंगुर्ला में घूमने के लिए कई हसीन और बेहतरीन जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों पर बार-बार घूमने का प्लान बना सकते हैं। आइए जानते हैं इन हसीन जगहों के बारे में-

## मोचेमाड बीच

ऐसे में यहां पर हसीन और मनमोहक जगह घूमने की बात होती है, तो मोचेमाड बीच का नाम जरूर लिया जाता है। यह जगह बेहद खूबसूरत जगह होने के साथ कई हसीन नजारे पेश करता है। यह जगह काफी शांत है। यहां से आप अरब सागर की हसीन लहरों का दीदार कर सकते हैं। समुद्र की लहरों के अलावा आप सफेद रेट के लिए मोचेमाड बीच काफी ज्यादा फेमस है। मोचेमाड बीच से सनराइज और सनसेट का नजारा देखना न भूलें।

# स्मार्टवॉच Bluetooth कॉलिंग के साथ Rs 1499 में लॉन्च



नई दिल्ली : Fire-Boltt ने स्मार्टवॉच सेग्मेंट में नए वियरेबल को पेश किया है। कंपनी की ओर से लेटेस्ट वियरेबल Fire-Boltt Armour में 1.6 इंच का डिस्प्ले दिया गया है। जिसमें 600 निट्स की पीक ब्राइटनेस है। इसमें 400 ७ 400 पिक्सल का रिजॉल्यूशन दिया गया है। वॉच का डिजाइन आकर्षक है। यह ब्लूटूथ कॉलिंग और बिल्ट-इन माइक के साथ आती है। आइए जानते हैं इसके सभी फीचर्स के बारे में।

Fire-Boltt Armour Price

Fire-Boltt Armour की कीमत भारत में 1499 रुपये है। इस कंपनी ने Black, Camo Black, Green, Gold Black, और Silver Green कलर ऑप्शंस में लॉन्च किया है। स्मार्टवॉच को कंपनी की अधिकारिक वेबसाइट के अलावा Amazon ई-कॉमर्स से भी खरीदा जा सकता है।

Fire-Boltt Armour Specifications

Fire-Boltt Armour के स्पेसिफिकेशंस के बारे में बात करें तो यह 1.6 इंच के डिस्प्ले के साथ आती है। डायल सर्कुलर दिया गया है। इसमें नेविगेशन के लिए कंपनी ने एक बड़ा क्राउन बटन दिया है। वॉच में ब्लूटूथ की कनेक्टिविटी है। यह इनबिल्ट माइक्रोफोन और स्पीकर से लैस है। इसमें ब्लूटूथ कॉलिंग और वॉयस असिस्टेंट फंक्शन भी है। स्मार्टवॉच में कंपनी ने कई कलर कॉम्बिनेशन दिए हैं जिससे कि इसका लुक काफी आकर्षक लगता है।

स्मार्टवॉच कई तरह से हेल्थ मॉनिटर भी करती है। इसमें हेल्थ फीचर्स जैसे हार्ट रेट मॉनिटरिंग, स्लीप ट्रैकिंग, SpO2 लेवल आदि दिए हैं। इसमें 100 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड दिए गए हैं। साथ ही स्मार्ट नोटफिकेशंस, वेदर अपडेट, केल्कुलेटर, म्यूजिक, कैमरा कंट्रोल जैसे ढेरों फीचर्स हैं। बैटरी लाइफ की बात करें तो इसमें 600mAh की बैटरी है, यह 8 दिन का बैटरी बैकअप दे सकती है। यह क्लासिक मोड की बैटरी लाइफ बताई गई है। ब्लूटूथ कॉलिंग के साथ यह 5 दिन तक चल सकती है। वहीं स्टैंडबाय टाइम 25 दिन का बताया गया है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है। महात्मा गांधी जी ने भी देशवासियों की मदद लेकर देश को आजादी दिलाई थी। यह पूरे देश में एक मुहिम बन रही है जिसमें लोग आगे आकर देश के लिए डोनेट कर रहे हैं।"

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**



"रहमत का किरदार काफी चैलेंजिंग रहा, क्योंकि इससे पहले जिन्होंने यह रोल किया था, वह एक्टिंग के भगवान माने जाते हैं, यानी छवि बिस्वास और बलराज साहनी जी। जब मुझे यह किरदार ऑफर हुआ था तो मैंने मना कर दिया था, क्योंकि मुझमें दम नहीं है कि ऐसे मुकाबले में आगे आऊं।"

**मिथुन चक्रवर्ती**
**बॉलिवुड अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

**स्वामी प्रसाद मौर्य ने सनातन को लेकर फिर दिया बयान**

वाणी ऐसी बोलिए, सबका आप खोए। भाषा को लेकर नेता गंभीर नही है।मंच पर आते ही नेताओ के मन के उदगार निकल पड़ते है।यह धर्म के प्रति संवेदनशील नही होते है क्योंकि उनके मन मे सत्तारूढ़ पार्टी को लेकर एक प्रकार की खीझ होती है।कांग्रेस ने कई बार सनातन,आएएसएस और हिन्दू -हिंदुत्व को लेकर विवादित बयानबाजी की है।कांग्रेस छुपारुस्तम है।तुष्टिकरण की नीतियों पर चल कर मंच से हिन्दुओ को बुरा भला कहती है और जातीय जनगणना को लेकर अनेक बार भाजपा पर निशान साधा है।जातीय जनगणना से हिन्दू के बीच खाई परिलक्षित करने का काम कंग्रेस करती आ रही है।जिस तरह कांग्रेस आरक्षण लेकर आई और हिन्दुओ को आपस में लड़ाकर वोट की राजनीति करती रही।समाजवादी भी मुस्लिम समाज के लिए वोट लेने के लिए कुछ भी करने के लिए जानी जाती है।लेकिन तीन राज्यो में कांग्रेस उन मुद्दों के लिए जिम्मेदार थी।जिन मुद्दों को चुनाव में बढ़चढ़ कर भुनाया गया।आएएसएस और भाजपा को गाली गलौज तो कांग्रेस कर ही रही है।लेकिन सनातन को भी कांग्रेस ने वोटो के लिए मंच से घसीटा है।जिसका परिणाम कंग्रेस चुनाव में देख चुकी है।तीन राज्यो में हार का मुख्य कारण हिन्दू विरोधी मानसिकता है।अब लोकसभा का चुनाव में बिगुल बजने वाला है।कांग्रेस की सहयोगी पार्टी समाजवादी के रास्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने सनातन के लिए विवादित बयानबाजी की है।बलिया के एक सभा ने मौर्य ने कहा कि सनातन का ढोल पीटने वाले लोग सनातन विरोधी है।बौध्द सम्मेलन में कहा सनातन भगवान बौध्द के मुख से निकला हुआ शब्द है।इनका कहना है कि राम और कृष्ण को सनातन धर्म से कोई सरोकार नही है।सनातन की उत्पति बौध्द धर्म से हुई है।जो लोग विश्व के सबसे पुराने सनातन धर्म के बारे में गन्दी भाषा का उपयोग कर किसी धर्म आत्माओं पर थोप रहे है।वे खून के आंसू रोयेंगे।निंदा स्तुति वैगेरे मनुष्य के अपने अपने कर्म है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# मधेपुरा में एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या, पति-पत्नी के साथ बेटे को मारी गोली

## तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेजा गया

**मधेपुराः** सदर थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मरने वालों में पति-पत्नी अ.र उनका एक 25 वर्षीय बेटा शामिल है. रविवार (17 दिसंबर) की देर रात हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. जमीन विवाद समेत हर एंगल से पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. मृतकों में सूर्य नारायण साह (50 साल), उनकी पत्नी अनिता देवी (47 साल) अ.र एक बेटे प्रद्युम्न शाह है जिसकी उम्र करीब 25 साल के आसपास है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सूर्य नारायण साह का अपने ही बड़े भाई रामनारायण साह से कई वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. दोनों पक्षों में कई बार मारपीट की घटना हो चुकी थी. जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है. स्थानीय लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं.मृतक सूर्यनारायण साह के दो बेटों में से एक की म.त हो गई. बताया गया कि बड़े बेटे सुशील कुमार उर्फ रमन ने दो शादी की थी. पहली पत्नी छोड़कर चली गई थी जिसके बाद उसने दूसरी शादी की थी. छोटे बेटे प्रद्युम्न ने तीन शादियां की थी. पति-पत्नी में अक्सर मारपीट हुआ करता था. घरेलू कलह के कारण पहली दो पत्नी छोड़कर चली गई थी. पांच महीने के बाद इसने तीसरी शादी की थी. एक सप्ताह पहले ही पत्नी को मायके पहुंचा दिया था.इस पूरे मामले में मृतक सूर्यनारायण साह की छोटी बेटी रेणु कुमारी ने बताया कि उनके पिता से उनके बड़े पिता रामनाराण साह का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. उनके परिवार का कोई भी सदस्य हत्या के बाद देखने के लिए नहीं आया. घटना की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार, एएसपी प्रवेंद्र भारती समेत काफी संख्या में पुलिस पहुंची. तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेजा गया है. एसपी राजेश कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस हत्या में कई एंगल निकलकर सामने आ रहे हैं. पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है. एफएसएल अ.र डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया जा रहा है. जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा. घटना में शामिल बदमाशों को भी गिरफ्तार किया जाएग .



## शहर >> अपडेट

### वाहन चेकिंग में पुलिस ने वसूला जुर्माना

**नासरीगंज (रोहतास):** कछवां पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा मुख्य पथ 81 पर थाना मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिस मामले में स्थानीय पुलिस ने वाहन चालकों से 11500 रुपये जुमार्ना वसूला। वही थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान स्थानीय पुलिस के द्वारा बाइक चालकों का हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस एवं वाहनों से संबंधित कागजात सहित अनेक बिंदुओं पर गहन जांच हुई। जो लगातार जारी रहेगी।

## सिटी

### मवेशी व पीकअप समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया :** योगापट्टी थाना की पुलिस ने छापामारी के दौरान पशु लदा एक पीकअप वैन को जब्त किया है। रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के सेहुड़वा गांव के पास पुलिस ने एक पीकअप वैन पर लदी तस्करी के लिए नेपाल ले जाए जा रहे आधा दर्जन पशु को बरामद कर तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पशु तस्कर योगापट्टी थाना क्षेत्र के पिपरपाती गांव निवासी नेशार खा के पुत्र साजिद खान बताया गया है। जिसे न्यायालय को सौंप दिया गया है।

### विवाहिता की हत्या कर शव दफनाया

**बेतिया :** श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिसवा मंगलपुर में शुक्रवार को एक विवाहिता की हत्या कर ससुराल वालों ने सिसवा खापटोला में शव को कब्र खोदकर दफनाया। उपर्युक्त काण्ड का अनुसंधान किया जा रहा है। दोषियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया जाएगा। नामजद लोगों में मृतका के पति मीरा हुसैन उर्फ रेहान 35 वर्ष, सास ललिता खातून, नौकी चाची, देयादिन तबाशु खातून, बैरिया थाना क्षेत्र के बेलबनावा निवासी मामा मुस्तकीम मिया, राजा आलम, शव को नदी पार लेजाकर दफनाने में शामिल मुन्ना कुमार समेत अन्य को नामजद किया गया है।

### छीन-झपट की घटनाओं में भारी वृद्धि

**बेतिया :** मोबाइल छीन-झपट की घटनाओं में भारी वृद्धि देखी जा रही है। संध्या के समय मोबाइल छीनने की घटनाओं में अधिक वृद्धि हो जाती है। सबसे अधिक चौक चौराहों और मांगलिक कार्यों में शामिल लोगों और उनमे किशोरवय वालों से छीनना सर्वाधिक आसान होता है। विभिन गली मुहल्ले तथा चौक चौराहों पर सक्रिय हो जाते हैं। मोबाइल छीनने की सर्वाधिक घटनाएं नजरबाग पार्क, जगजीवन नगर, राज ड्योढ़ी कंपाउंड, मीना बाजार और जीएमसीएच के चारों तरफ के अतिरिक्त लगभग पूरे जिला में घट रही है।

### सिंगल ग्रामीण सड़कों पर बड़े वाहनों के आवागमन से लोग परेशान

राष्ट्रीय खबर

**भैरोगंज :** आजकल जाम की समस्या से शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी जाम से परेशान है। गन्ने के सीजन चल रहा है। और दूसरे तरफ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों पर बड़ी वाहनों की आवगमन के कारण लोगों को घंटे भर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण लोगों का अत्यंत जरूर कार्य भी बाधित हो जाता है। वही नजारा नजारा रविवार के दिन नड्डा चौक से लेकर कपरधिका गांव में देखने को मिला ग्रामीण क्षेत्र होने कारण सिंगल रोड पर बड़े वाहनों की आवगमन था। जिसके कारण दो बड़े वाहनों को निकालने के समय काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। जगह कम होने के कारण घंटे भर लोग जाम की समस्या से जुझते रहे। राहगीर सोनू कुमार, रोशन कुमार ,रत्नेश पांडेय, राजेश कुमार इत्यादि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सिंगल रोड पर बड़ी एवं ओवरलोड वाहनों के आवगमन प्रत्येक दिन लगा रहता है।

# मवेशी चोर को पुलिस ने पिकअप से भरी पशु किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**काराकाट (रोहतास):** जिला के काराकाट थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव से मवेशी चोरी कर पिकअप वैन में लेकर भाग रहे चोर को ग्रामीणों के सहयोग काराकाट पुलिस ने पकड़ा। गस्ती पर निकली काराकाट पुलिस ने चोरी की गई चार मवेशी, एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व एक पिकअप वैन के साथ साथ तीन मवेशी चोरों को पुलिस ने अपने गिरफ्त में लिया है। थिानाध्यक्ष ने बताया की जैसे ही उनका गाड़ी देव गांव में पहुंची वैसे ही गांव के ग्रामीणों ने इनपर टूट पड़े जिसके बाद थानाध्यक्ष ने अपना परिचय दिया फिर ग्रामीणों ने उन्हें बताया की अभी कुछ देर पहले मवेशी चोर द्वारा गांव के मवेशी चुराने का असफल प्रयास किया जा रहा था। गांव के ग्रामीणों ने हो हल्ला किया तो उनके गांव के मवेशी छोड़ पिकप वैन लेकर चोर भाग निकले। थाना अध्यक्ष ने बताया की देव गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गए रास्ते पर काराकाट पुलिस ने पिकप वैन से भाग रहें मवेशी चोरों का पीछा किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया की थाना क्षेत्र के सभी गांवों के चौकीदारी को फॉरन अपने गांव की रोड़ साइड आने को कहा गया और पिकप वैन से भाग रहे चोरों पर नजर रखने का कहा गया। उसी दौरान मंगरा गांव के चौकीदार ने थानाध्यक्ष को सूचना दिया की डिहरा दुआरी के रास्ते बिक्रमगंज के तरफ तेज रफ्तार में कोई गाड़ी जा रही है। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने अपना जूझ -बुझ दिखाते हुए मुंजी पंचायत के पूर्व मुखिया सूरत सिंह को मामले की जानकारी दी और पूर्व मुखिया सूरत सिंह से मदत मांगी। जहां आनन फानन के स्थिति में पूर्व मुखिया अपने सहयोगियों के साथ रोड़ को लकड़ी के बड़े बड़े टुकड़ों से रोड़ को जाम कर दिया जहां तेज रफ्तार से आ रही पिकप वैन भरत कस्बा स्कूल के पास आ खड़ी हुई। वही पीछे से काराकाट पुलिस भी आ धमकी और चारों तरफ से घेराबंदी कर एक पिकप वैन में चोरी के चार मवेशी के साथ साथ एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और वैन ड्राइवर के साथ दो मवेशी चोर को पकड़ लिया। काराकाट थाना अध्यक्ष ने बताया की कुसमी निवासी स्वर्गीय हरिद्वार राम के पुत्र रमेश राम का दो मवेशी थी। वही काराकाट के इटवा निवासी जयश कुमार पासवान का एक मवेशी है। जिन्हे कानूनी प्रक्रिया करते हुए जांचोंप्रांत सौप दिया जाएगा। थाना अध्यक्ष ने कहा की पकड़े गए मवेशी चोर 30 वर्षीय नन्हक नट पिता नरेश नट, ओलदाज, थाना महेनदिया, जिला अरवल, तथा नीता कुमार उम्र 21 वर्ष पिता विलेटा नट आजादनगर थाना विक्रम जिला पटना एवम पिकप वैन ड्राइवर सूरज पासवान उम्र 23 वर्ष पिता सियाराम पासवान , ग्राम हरदिया, थाना मेहंदिया, जिला अरवल को गिरफ्तार किया गया है।



# रेल हादसे में जख्मी छात्रा मामले में एसआईटी टीम गठित



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर बूरी तरह से घायल हुई छात्रा के मामले में रेल पुलिस ने तेजी से जांच-पडताल शुरू कर दी है। इसको लेकर रेल एसपी ने एसआईटी टीम का गठन किया है। जिसमें बेतिया रेल डीएसपी उमेश कुमार, नरकटियागंज रेल पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, रेल पुलिस इंस्पेक्टर संतोष कुमार, रेल पुलिस थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह की टीम ने घटना के विभिन्न बिंदुओं पर छान-बीन शुरू कर दी है। चर्चा के अनुसार ट्रेन में छात्रा से मोबाइल झपटमार के द्वारा मोबाइल छीनने में धक्का-मुक्की में छात्रा के ट्रेन से गिरने की बात हो रही है। हल्लाकि रेल पुलिस इस बात से इंकार कर रही है उसका कहना है कि घायल छात्रा के बयान के बाद ही कुछ अस्पष्ट बात कहा जा सकता है। फिलहाल रेल पुलिस की टीम मामले की जांच में जुटी है।

# सिंगल ग्रामीण सड़कों पर बड़े वाहनों के आवागमन से लोग परेशान

राष्ट्रीय खबर

**भैरोगंज :** आजकल जाम की समस्या से शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी जाम से परेशान है। गन्ने के सीजन चल रहा है। और दूसरे तरफ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों पर बड़ी वाहनों की आवगमन के कारण लोगों को घंटे भर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण लोगों का अत्यंत जरूर कार्य भी बाधित हो जाता है। वही नजारा नजारा रविवार के दिन नड्डा चौक से लेकर कपरधिका गांव में देखने को मिला ग्रामीण क्षेत्र होने कारण सिंगल रोड पर बड़े वाहनों की आवागमन था। जिसके कारण दो बड़े वाहनों को निकालने के समय काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। जगह कम होने के कारण घंटे भर लोग जाम की समस्या से जुझते रहे। राहगीर सोनू कुमार ,रोशन कुमार ,रत्नेश पांडेय,राजेश कुमार इत्यादि ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सिंगल रोड पर बड़ी एवं ओवरलोड वाहनों के आवागमन प्रत्येक दिन लगा रहता है। जिसके कारण चौक चौराहा से भारी वाहनों को निकलने में लोगों को घंटे भर जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

# विशेष स्वास्थ्य शिविर में 212 मरीजों किया गया जांच

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर सिटी :** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत मुंगेर जिला के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेडी स्टीफेंसन के अंतर्गत स्लम क्षेत्र दिलावरपुर में निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर कैंप का अयोजन किया गया । कैंप के आयोजन से पूर्व सभी आशा को निर्देश दिया गया था कि आमजनों में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को इस कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करेंगे।शिविर में कुल 212 मरीजों का स्वास्थ्य जांच चिकित्सक डॉ कुमारी तृप्ति के द्वारा किया गया क इस कैंप में ओपीडी के अलावा सभी मरीजों का लैब टेक्नीशियन के द्वारा सभी प्रकार के जांच डॉक्टर के सलाह के अनुसार किया गया।गैर संचारी रोग कार्यक्रम अन्तर्गत मरीजों का बीपी जांच,शुगर जांच एवं अन्य परामर्श भी चिकित्सक के द्वारा किया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 75 योग्य दंपतियों का काउंसलिंग भी किया गया। जिसमें स्थायी विधि महिला बंध्याकरण एवं पुरूष नसबंदी एवम अस्थाई उपाय जैसे माला- एन, छाया, अंतरा, इजी पिल, एवं कंडोम के बारे में जानकारी दी गई एवं साथ ही साथ वितरण भी किया गया। कैंप में आने वाले सभी मरीजों को मुफ्त जांच परामर्श एवं मुफ्त दवा वितरण किया गया। कैंप में सफल आयोजन हेतु चिकित्सक के अलावा एएनएम प्रिया भारती, कुमारी प्रियंका, विभा कुमारी, अनुजा भारती, रानी राज मणी लैब टेक्नीशियन, रजनीश राज लैब टेक्नीशियन, शुभ्रा सोनाली जिला से संदीप कुमार यादव, जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार एवं पीएसआई इंडिया से पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान की गई।

## न्यूज फटाफट

### पुलिस-प्रशासन को ठेंगा दिखा चोरी की घटना को अंजाम दे रहें चोर

**आरा (भोजपुर) :** जिला में इन दिनों अपराधकर्मियों का हौसला बुलंद होते दिख रहा है। ताजा मामला आरा नवादा थाना क्षेत्र के एसपी आवास के सामने का है जहा एक मोबाइल दूकान से लाखो का का सामान चोरी हो गया है। बताते चले की एसपी आवास के ठीक सामने एक मोबाइल की दूकान है जहा बीती रात चोरो ने दूकान का सटर काट लाखों रुपए की मोबाइल एवं अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। वही दूकानदार ने बताया की सुबह स्थानीय लोगों ने दूकान का सटर टूटने की सूचना दी। जिसके बाद दुकानदार आनन-फानन में दूकान पहुंचे तो देखा की चोरो द्वारा लगभग चार लाख रुपए के सामान चोरी कर ली गयी है। वही घटना की सुचना पर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि एएसपी आवास से महज कुछ कदम दुरी पर कपडा दुकान में चोरी कर गल्ला में रखे पंद्रह हजार रुपए कैश एवं लाखो रुपए के कपडे ले उड़े। जहां चोरी की वारदात से लोगों में डर कायम है। वही दूसरी तरफ जिला पुलिस कार्रवाई में लापरवाह दिख रही है।

### क्रिसमस के अवसर पर होगा केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** हर साल की भांति इस साल भी क्रिसमस के अवसर पर केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन विजयातेज क्लार्क्स इन्न द्वारा किया जाएगा। केक का मिश्रण पारंपरिक रूप से क्रिसमस के आगमन और सर्दियों के उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए किया जाता है। उक्त बातें होटल प्रबन्धक शंकर झा ने कही। उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में अनाज से ज्यादा डॉयफ्रुइट्स होते थे और उन्हें लम्बे समय तक रक्षित रखने के लिए वाइन में डूबा कर रखते थे। तथा, क्रिसमस के दिन उसे निकाल कर भिन्नझभिन्न व्यंजनों में इस्तमाल करते थे और एक सप्ताह तक जीसस के जन्मोत्सव मनाते थे। इसी प्रकार से विजयातेज क्लार्क्स इन्न में उनके मैनेजर्स, स्टाफ और गेस्ट्स मिलकर इस समारोह को उत्साह के साथ मनाते हैं, इस बार भी इसका आयोजन किया जा रहा है। इस मिक्सिंग में चेरी, खजूर, आलूबुखारा, मिश्रित सूखे फल, सूखे अंजीर, ग्लेश चेरी, ब्राउन शुगर, मिश्रित मसाले, बादाम के गुच्छे और कई और सामग्री केक मिक्स में एक साथ शामिल किय गए और उन्हें फलों के रस में डुबाया गया है। अतिथि 25 फीसदी छूट का लाभ 24 दिसंबर से 31 जनवरी तक ले सकते हैं।

### दहेज प्रताड़ना : ससुराल में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**करगहर (रोहतास):** शनिवार मोहनपुर खरसान गांव में दहेज लोभियों ने विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी तथा साक्ष्य मिटाने के लिए आत्महत्या का रूप देते हुए शव को फंदे से लटका दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लटकते शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। घटना के संबंध में मृतका के पिता डिहरी थाना क्षेत्र के पहलेजा निवासी सच्चिदानंद प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2022 में उन्होंने अपनी 20 वषीर्या पुत्री सुमन कुमारी की शादी करगहर थाना क्षेत्र के मोहनपुर खरसान निवासी श्रीनिवास प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार प्रजापति से हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि बेटी के विदाई के कुछ ही दिनों बाद ससुराल में उसकी सास दहेज को लेकर प्रतिदिन ताना देने लगी। उसका पति और ससुर भी दहेज में बाइक नहीं मिलने को लेकर गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। बेटी की शिकायत पर उसके पिता सच्चिदानंद प्रजापति अपने परिजनों के साथ कई बार मोहनपुर खरसान गए और उन्होंने बाइक न देने की मजबूरी बताई। इसके बाद भी सुमन को प्रताड़ित करने का सिलसिला जारी रहा। घटना के दिन वह मोबाइल से अपने मायके बात कर रही थी। जिसे देख उसकी सास गाली गलौज करने लगी इस बीच उसका पति और ससुर आ गए और उसके साथ मारपीट करने लगे। सुमन ने मोबाइल को किनारे रख दिया। मारपीट की घटना की आवाज उसके मायके में उसकी मां और पिता सुनते रहे। जो तत्काल अपने परिजनों के साथ मोहनपुर खरसान पहुंचे जहां आने पर पता चला कि उसकी बेटी की गला दबाकर हत्या कर शव को पंखे में लटका दिया और फरार हो गए। मृतका के पिता सच्चिदानंद प्रजापति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि मृतका की मां अनीता देवी ने दामाद आकाश कुमार प्रजापति, मृतका के ससुर श्रीनिवास प्रजापति, सास राधिका देवी तथा शादी करने वाले अगुआ मोहनपुर खरसान निवासी राजेंद्र प्रजापति कॉल नामजद अभियुक्त बनाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। वही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी में जुटी है।

### मैं स्त्री हूं

मैं स्त्री हूं
अपनी देह और
आत्मा पर
लगा लिए हैं हजार पहरे
वरना मैं भी जी लेती
बचीं जिंदगी को खुलकर
दौड़कर आती बाहों में
खुशी की पनाहों में
सच कर जाते वो सारे सपने
जो देखे जागती आंखों से
चुकी ,



मैं स्त्री हूं ,
रखना
पड़ता है
ख्याल
मान मयार्दा का
दरवाजे पर खींची
लक्ष्मण रेखा का।

सावित्री सुमन
कवयित्री
जहानाबाद

# हर लोकसभा व विधानसभा चुनावों में नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने के नाम पर लॉलीपॉप थमते रहे हैं रहनुमा

**दो मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नौवागढ़ी को नहीं मिल सका प्रखंड का दर्जा, बनेगा चुनावी मुद्दा**

**15 से 20 किलोमीटर दूरी तय कर मुंगेर व जमालपुर प्रखंड पहुंचते हैं लोग**

**दो दशक से अधिक समय से क्षेत्रवासी स्वतंत्र प्रखंड के लिए कर रहे हैं आंदोलन**

मनीष कुमार




**मुंगेर सदर :** वर्ष 2009 में विधानसभा को लेकर हुए नए परिसीमन के बाद मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा के राजनीतिक केंद्र बिंदु बने नौवागढ़ी क्षेत्र को दो-दो मुख्यमंत्री रावडी देवी एवं नीतीश कुमार की घोषणा के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। हर चुनाव में यहां के लोगों को नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने का दवा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी करते हैं, लेकिन 26 वर्ष पुरानी नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 में होने वाले संसदीय चुनाव में नौवागढ़ी प्रखंड का मुद्दा की गर्माहट रहेगी और सत्ताधारी दल के प्रत्याशी को इस मुद्दे पर जवाब देना होगा। अखिल भारतीय डॉक्टर भीम राव अंबेडकर सेवा समिति नौवागढ़ी के सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार विद्यार्थी ने वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अन्य मंत्रियों को पत्र लिखकर नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा की मांग की थी। जिसके बाद सीएम ने तत्कालीन डीएम से जांच रिपोर्ट तलब किया था। डीएम के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने अपने रिपोर्ट में लिखा था की भौगोलिक दृष्टि से सभी 09 पंचायतें एक दूसरे के करीब है । प्रस्तावित प्रखंड का केंद्र नौवागढ़ी है । पूरे प्रखंड का क्षेत्रफल 62,304झ्32 हेक्टेयर है। प्रस्तावित प्रखंड की आबादी एक लाख के करीब है प्रखंड बनने से लाखों लोग लाभान्वित होंगे वर्तमान में यहां के लोगों को 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर सदर तथा जमालपुर प्रखंड कार्यालय आना-जाना पड़ता है। बताते चले की सामाजिक कार्यकर्ता सह जिले के जाने-माने पत्रकार रंजीत विद्यार्थी नौवागढ़ी प्रखंड के मुद्दे को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। जन आंदोलन के साथ-साथ कलाम की धार से इस मुद्दे को हमेशा उठाते भी रहे हैं। प्रस्तावित प्रखंड में शामिल पंचायत और उनकी आबादी नौवागढ़ी उत्तरी 12783, नौवागढ़ी दक्षिणी 14467 , जानकीनगर 5619, तारापुर तियारा 10112, बाक पंचायत 11937, पाटम पूर्वी 9110, पाटम पश्चिमी 6516, रामपुर कला 7463, इटहरी 15716 है। जिला परिषद क्षेत्र संख्या 01 : 44,415, क्षेत्र संख्या 02 : 89, 634, जमालपुर : 45 ,000।

**प्रदेश >> अपडेट**

### प्रदर्शनी सह बाल मेला 23 को

**हरिहरगंज** : विद्या विकास समिति झारखंड से सम्बद्ध शहर के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आगामी 23 दिसम्बर को प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने दी। उन्होंने उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी और बाल मेला को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं का सार्थक सहयोग प्राप्त है।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### प्रखंड विकास पदाधिकारी को किया गया सम्मानित

**पाकुड़** : केकेएम कॉलेज पाकुड़ के आदिवासी छात्रों ने पाकुड़िया प्रखंड विकास पदाधिकारी साईमन मरांडी व महेशपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव को कार्यक्रम स्थल पर आदिवासी के परंपरागत वेशभूषा हरी पंची से पगड़ी बांध कर उनका स्वागत किया एवं पुष्प कुछ देकर उन्हें सम्मानित किया। छात्रों ने आगामी 9 जनवरी से 11 जनवरी 2024 सोहराय महापर्व में दोनों प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। इस दौरान सोहराय महापर्व को सफलता पूर्वक विधिवध मनाने को लेकर दोनों पदाधिकारी के साथ वातार्लाप की गई। दोनों पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखें। सर्व सम्मति से तय किया गया कि 9 जनवरी से 11 जनवरी तक धूमधाम से सोहराय पर्व मनाया जाएगा जिसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है। मौके पर सोहराय अध्यक्ष राजेन मुर्मू,भूतपूर्व छात्रनायक जीतराम मुर्मू, छात्रनेता कमल मुर्मू, पूर्व छात्रनायक सुलेधन हांसदा,संतोष मरांडी, भगरीत मुर्मू आदि उपस्थित थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### 10 हजार गरीबों को सत्य सनातन संस्था कराएगी निशुल्क भोजन

**पाकुड़** : सदर प्रखंड के शहरकोल स्थित एक निजी संस्थान में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे की अध्यक्षता में कल्पतरु दिवस मानने को लेकर सत्य सनातन संस्था की ओर से एक बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे ने कहा कि कल्पतरु दिवस 1 जनवरी को भव्य रूप से मनाने की तैयारी चल रही है। शहर के थानापाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के समीप शिविर लगाकर कल्पतरु दिवस पर 10 हजार गरीबों को निशुल्क भोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु विशेष विचार विमर्श किया गया। मौके पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष (कार्य) सागर चौधरी, जिला अध्यक्ष राहुल सिंह,सचिव चंदन प्रकाश, सयुक्त सचिव अजय भगत, उपाध्यक्ष गौतम कुमार, सत्यम भगत ,विशाल भगत, अमित साहा, बमभोला उपाध्याय, रंजित भगत, देवाशीष दीक्षित, मुन्ना, विक्की श्रीवास्तव, अभिनव झा, राहुल चौरसिया, संतोष टिब्रीवाल, आयुष कुमार, सत्यम कृष्णा, गौरव कुमार ,संतोष कुमार, संदीप त्रिवेदी, सूर्या कुमार ,रवि भगत, दिनेश केवट,जितेंद्र सिन्हा, रोहन सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### किसान को मिला सिंचाई कूप

**पलामू** : पंडवा प्रखंड अंतर्गत मुरमा पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उदय कुमार महतो को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन (सिंचाई कूप) का लाभ मिला। शिविर में उदय कुमार महतो ने आवेदन किया और उसके आवेदन की ऑन-स्पॉट जांच के उपरांत निष्पादन करते हुए सिंचाई कूप की स्वीकृति मिली।

**मांग** कमलेश कुमार सिंह ने विधान सभा में आवंटन उपलब्ध कराने की मांग

# एक माह के अंदर आवंटन: बन्ना गुप्ता

▶▶ एक महीना के अंदर पलामू जिला को राशि मुहैया करा दी जायेगी



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सोमवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि भुगतान से संबंधित प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि बज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों के मुआवजा की राशि वर्ष 2023-24 में 28 लाख 36 हजार रुपये पलामू जिला को उपलब्ध कराया गया था, जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है।
उन्होंने पूछा की क्या यह बात सही है कि पलामू जिले में वर्णित आवंटित राशि के व्यय के पश्चात वज्रपात में मृत व्यक्तियों एवं पशुओं हेतु मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 रुपये की राशि के आवंटन के संदर्भ में उपायुक्त, पलामू ने अपने पत्रांक-186, दिनांक 26.09.2023 के द्वारा सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पत्राचार किया है। परन्तु 8 दिसम्बर, 2023 तक आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने जानना चाहा कि यदि उपर्युक्त उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वज्रपात में मृत व्यक्तियों के आश्रितों तथा मृत पशुओं के मालिकों को मुआवजे की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों है।
उत्तर देते हुए बन्ना गुप्ता मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि पलामू जिला में वज्रपात से मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के मुआवजा से संबंधित याचित राशि का आवंटन राज्य कार्यकारिणी समिति के निर्णय के पश्चात कर दिया जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रश्न पर उन्होंने एक महीना के अंदर पलामू जिला को राशि मुहैया करा दी जायेगी।

**न्यूज फटाफट**

### झामुमो युवा मोर्चा ने किया प्रखंड कमिटी का विस्तार



**देवघर** : देवीपुर के बुधेस्वरी प्रांगण मंदिर प्रांगन में झामुमो देवीपुर प्रखंड का विस्तार प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र नारायण की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से युवा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, किसान मोर्चा अध्यक्ष तेज नारायण वर्मा मौजूद रहे। बैठक के बाद सर्वसम्मति से संगठन सचिव के लिए किशोर मंडल, प्रदीप रवानी, मोतीलाल वास्की , गौतम कुमार शर्मा को चुना गया। संयुक्त सचिव मे संजय मंडल, अभिषेक कुमार, घनश्याम यादव को चुना गया। मीडिया प्रभारी मुबारक अंसारी को बनाया गया है। मौके पर जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि तेज नारायण वर्मा, युवा प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र नारायण, प्रखंड सचिव विजय यादव, दिनेश दास, मनोज यादव, मोहन यादव, अरुण यादव, तारामुल अंसारी, किशोर मंडल, संजय यादव, संतोष वर्मा, सुनील पुजहर, परदेसी, पूजा ,भूषण, शाहिद अंसारी,उमेश रवानी,हीरालाल मुर्मू,नंदलाल किस्कू,दिनेश यादव, महेश पुजहर,सुरेंद्र दास,मकसूद अंसारी, दिनेश किस्कू,संकट टुडू, प्रदीप कुमार रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मालपहाड़ी पथ के उन्नयन के लिये राशि स्वीकृत

▶▶ राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य कराया जाएगा

▶▶ इस पथ का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग है

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** ग्रामीण विकास मंत्री सह पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम के प्रयास से पथ प्रमंडल पाकुड़ अंतर्गत पाकुड़-माल पहाड़ी पथ 6 किलोमीटर का राइडिंग क्वालिटी में सुधार हेतु अनुमति प्राप्त हो चुकी है। उक्त पथ को पुनर मरम्मत कार्य में 4 करोड़ 94 लाख 78 हजार 800 रुपए की स्वीकृति प्रशासनिक रूप से प्रदान की गई है। इसकी जानकारी पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 07 योजना संख्या 91 में स्पष्ट रूप से दी गई है। इस पथ का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग है। पत्र में बताया गया है कि पाकुड़ जिला का मुख्य पथ है एवं झारखंड तथा बंगाल सीमा को जोड़ती है। जिससे बंगाल जाना आसान होता है। इस पथ के नवीनीकरण से किसान, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आवागमन, कर्सर , तीर्थ स्थल तारापीठ, आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र, माइनिग, क्रशर चलने वाले मलिक मजदूर एवं वाहन को सुविधा प्राप्त होगा। वर्तमान में यह पथ क्षतिग्रस्त है। जिसका नवीनीकरण आवश्यक है। अतएव कार्यहीत में एनएच 133 ए अंबेडकर चौक ( पेट्रोल पंप) से प्रारंभ होकर माल पहाड़ी होते हुए बंगाल बॉर्डर तक उक्त पथ के उन्नयन हेतु राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 23- 24 में वित्तीय लक्ष्य 1 करोड़ 97 लाख 91 हजार 520 रु एवं भौतिक लक्ष्य 40% तथा वित्तीय वर्ष 24 - 25 में वित्तीय लक्ष्य 2 करोड़ 96 लाख 87 हजार 280 रु तथा भौतिक लक्ष्य 60% रखा गया है।
मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग झारखंड रांची इस कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रति मास करेंगे। पत्र में बताया गया है कि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की यह जिम्मेदारी रहेगी कि अगर वह यह देखें कि यदि ऐसी कोई योजना या कार्य के विरुद्ध राशि व्यय की जा रही है जिसे दूसरे स्रोत से राशि मिल रही है या मिलने जा रही है तो इसकी निकासी को रोककर इसकी निराकरण हेतु सूचना संबंधित पदाधिकारी तथा विभाग को देंगे।

# स्वतंत्रता सेनानी श्रीधर दुबे को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** स्वतंत्रता संग्राम के बीर सिपाही महान शिक्षा विद समाजसेवी राज्य संपोषित उच्च विद्यालय के तत्कालीन प्रधानाध्यापक श्रीधर दुबे की 15वीं पुण्यतिथि रोहिणी के कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व प्रधानाध्यापक श्रीधर दुबे की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। पूर्व आईपीएस अमर भूषण द्विवेदी ,सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडे, अधिवक्ता सत्यनारायण पांडे ,अधिवक्ता नारायण पांडे सेवानिवृत शिक्षक सूर्य नारायण साह ,सेवा निवृत शिक्षक सुरेश सास, समाजसेवी संतोष बरनवाल आदि ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अमर भूषण द्विवेदी ने कहा दूबे जी सिर्फ उनके पिता ही नहीं उनके शिक्षक भी थे।वे महिला शिक्षा के हिमायती थे। उन्होंने लड़कियों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।अधिवक्ता सत्य नारायण पाण्डेय ने कहा कि 1942 के स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनका जन्म 1920 में बिहार के बांका जिला के चांदन के गौडा. गांव में हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वे पटना चले गए शिक्षा पूरा करने के बाद यह 1942 के आंदोलन में सक्रिय रूप से कूद पड़े । 1942 के आंदोलन में बांका के नरसिंह राय व चंदेश्वरी राय एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर लाहावन से लेकर के शंकरपुर तक रेलवे पटरी उखाड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण ये अंग्रेजो के आंखों की किरकिरी बने रहे 17 अगस्त 1942 को बरतानिया हुकूमत ने इन्हें गिरफ्तार कर चाँदन नदी ले जाया गया जहां इन्हें एवं साथियों को निर्वस्त्र कर बेरहमी के साथ पिटाई किया गया एवं उनके वस्त्र को जलाकर इन्हें ढेर सारी यातनाएं दी गई तत्पश्चात इन्हें गमछा पहनाकर भागलपुर कैंप जेल ले जाया गया जहां उनकी मुलाकात स्वतंत्रता सेनानी जिला का पहला विधायक आजीवन रहे मुखिया भुवनेश्वर पांडे, भागवत झा आजाद, सेवानिवृत शिक्षक मुरारी पांडे, पूर्व आईपीएस अमर भूषण द्विवेदी, नारायण पाण्डेय,सतसंग कॉलेज से प्रोफेसर डॉ नन्दन भूषण द्विवेदी, उमाकांत दुबे ,सुरेश सिंह,सूर्य नारायण साह, सुरेश साह, विनोद दास,एस एन पाण्डेय, हर्ष दुबे , मधुसूदन पंडित, धनंजय भोक्ता, भोला पंडित, अमन पांडे, सोहनलाल साह ,के कई गुप्ता एवं संतोष बरनवाल समेत सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षिकाएँ तथा सैकड़ो छात्राएं मौजूद थे। मंच संचालन अधिवक्ता सत्य नारायण पाण्डेय ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉ नन्दन दूबे ने किया।

# शिव शीतला मंदिर के पास जयसवाल समाज की हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** आगामी 25 दिसंबर को जिला मुख्यालय के शहरकोल स्थित जयसवाल धर्मशाला में समाज की ओर से आयोजित होने वाले पारिवारिक मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर शहर के शिव शीतला मंदिर के पास समाज के सचिव के आवास में जयसवाल समाज की बैठक हुई. बैठक में उपस्थित सदस्यों को समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 25 दिसंबर को पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है और इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है उक्त समारोह को सफल बनाने में समाज के सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है. वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि जायसवाल ने तैयारी के बाबत विस्तार से जानकारी दिया और साथ ही साथ उक्त समारोह को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई. वही पारिवारिक मिलन समारोह में आमंत्रित करने को लेकर आमंत्रण पत्र वितरण करने का निर्णय लिया गया और इसको लेकर एक समिति का भी गठन किया गया. पारिवारिक मिलन समारोह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई. बैठक में विशेष रूप से समाज के सचिव राजेश जायसवाल, आनंद चौधरी, विजय जायसवाल, अमृतेश जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, संजय जयसवाल, राहुल जायसवाल समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### सिद्धू कान्हु मुर्मू मेला को लेकर बैठक आयोजित

**पाकुड़** : 53 वां सिद्धू कान्हु मुर्मू मेला सफलता पूर्वक संचालक को लेकर सोमवार को ग्राम प्रधान गोल्डेन हाँसदा के अध्यक्षता में तालपहाडी मेला कमिटी की एक बैठक आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से मेला दिनाँक 28 दिसंबर को आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मेले का उद्घाटन सिदोझकान्हु मुर्मू के वंशज परिवार एवं विधायक लोबिन हेम्बरम के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में सिदोझकान्हु ड्रामा, लागड़े ऐनेच, लवड़िया ऐनेच, डोम ढोल, तीरंदाजी, ऑर्केस्ट्रा समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष गोल्डेन हाँसदा, सचिव दानियल बेसरा, कोषाध्यक्ष मार्टिन बास्की, उपाध्यक्ष फीलीमन मरांडी, उप सचिव देवीजन हांसदा, उप कोषाध्यक्ष सुनील किस्कू को बनाया गया है।

# खान 11 की टीम ने सेमीफाइनल में बनायी जगह



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** झामुमो युवा मोर्चा की ओर से आयोजित पलामू कप 2023 में कॉस्को क्रिकेट टूनार्मेंट में जोरदार मुकाबला देखने को मिला। पलामू कप दो हजार तेईस का नेतृत्व सन्नी शुक्ला और सचिव आशुतोष विनायक द्वारा किया जा रहा है। जिसमें डाली क्रिकेट क्लब ने 12 ऑवर के मैच में रिकॉर्ड रन 172 रन बनाए। जिसमें मैंडी के अर्धशतक और बादल, हिमांशु की धाकड़ बल्लेबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसे देखने के लिए जीएलए कॉलेज ग्राउंड चारों ओर से दर्शकों से भरा रहा। हालांकि शुरूआती पारी में कप्तान पिंटू पठान ने अर्धशतकीय पारी खेली, लेकिन उसके बाद धड़ाधड़ बल्लेबाज पवेलियन वापस लौटते चले गए। पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बारालोटा एकादश को खान 11 ने सात विकेट से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर डीसीसी सेमीफाइनल अगले मुकाबले के लिए में भिड़ेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने बताया कि निष्पक्ष और निर्विवादित टूनार्मेंट कराने की कोशिश है। जिसमें अंपायर आलोक तिवारी एवं छोटू तिवारी की भूमिका अहम रही है। वहीं कमेंट्री कर पत्रकार आशुतोष पाण्डेय लकी ने आयोजन को भव्यता प्रदान की है। तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल का मुकाबला मंगलवार को होगा। जिसमें कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव कृष्ण कन्हैया दूबे, राजू शुक्ला, पिंटू तिवारी, रंजीत कुमार, प्रेमचंद, नवनीत, स्नेहिल, राजू रंजन, विकी पाण्डेय ने आयोजन को सफल बनाने अहम भूमिका निभाई है।

**कार्यक्रम** लाधूप पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजित

# योजनाओं से योग्य लाभुकों को किया गया लाभान्वित

▶▶ शिविर में आवेदन जमा करने की अपील की गई

▶▶ जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** प्रखंड के लाधूप पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद् उपाध्यक्ष अनिता देवी, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, मुखिया बिफई मुंडा, पंसस बुधन गंझु व झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी छूटे हुये व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका लाभ आप सभी अवश्य उठाएं और दूसरों को भी शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें।
कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु ने कहा कि सरकार द्वारा आमजनमानस को अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया तथा उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु शिविर में आवेदन जमा करने की अपील की गई।
इस दौरान झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन स्वीकृत करते हुए कुछ योग्य लाभुकों को सांकेतिक रूप से मौके पर ही लाभान्वित करने का कार्य किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रुप से लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्राओं के बीच साईकिल के लिए स्वीकृति पत्र, धोती-साड़ी, जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कौशल बने झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** शहर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र मोर्चा की पलामू जिला समिति का विस्तार हुआ। पीडीएफ कौशल किशोर को पलामू जिला अध्यक्ष एवं सईद फैजल को सचिव नियुक्त किया गया। झामुमो के केंद्रीय महासचिव द्वारा जिला समिति की अनुषा पर हुई फुजूलखर्ची। केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे द्वारा नियुक्त पत्र जारी किया गया जिसके बाद सभी के अंदर हर्ष का माहौल हो गया। कौशल किशोर पिछले कई वर्षों से छात्रों के लिए बने हुए हैं। कई बार छात्रों के लिए लड़ती है लड़की। आज झामुमो के पलामू जिला अध्यक्ष राबड़ी कुमार सिन्हा बुके के नेतृत्व में सभी छात्र मोर्चा के नवनियुक्त जिला समिति ने उन्हें बधाई दी और कहा कि झारखंड छात्र मोर्चा पलामू के छात्रों के लिए नया आयाम स्थापित करने पर पूरा भरोसा करता है। कौशल किशोर ने कहा कि मैं केंद्रीय समिति को धन्यवाद देते हुए कहता हूं कि उन्होंने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। मैं अपने सभी साथियों को भी बधाई देता हूं और आने वाले दिनों में हम सभी सामूहिक छात्र मोर्चा को शामिल करने का काम करेंगे। जारी पत्र मे जिला अध्यक्ष कौशल किशोर, सचिव शाहिद फैजल, उपाध्यक्ष सलाहकार कुमारी,रुहान अब्बास, प्रियांशु आनंद, काफिल कादरी, मोनिका किशन, महासचिव मे अभिषेक तिवारी, संगठन सचिव मे रिया प्रसाद, रवि कुमार,अमित पासवान, शोभित सिंह चौहान,संयुक्त सचिव मे आलोक रंजन, विशाल तिवारी, सचिन गुप्ता, सनातन कुमारी, निशा कुमारी एवं सोशल मीडिया प्रभारी पवन सिंह एवं करण राज को नियुक्त किया गया।

## शहर >> अपडेट

### ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत

**जयनगर :** प्रखंड के धनबाद गया रेल खंड के बीच परसाबाद रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को ट्रैक पार करने के दौरान एक बुजुर्ग की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान परसाबाद निवासी 63 वर्षीय नंदलाल चौधरी (पिता स्वर्गीय बनवारी चौधरी) के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नंदलाल चौधरी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मां गंगा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण

**जयनगर।** प्रखंड के माँ गंगा पब्लिक स्कूल मधवाटांड (पंडियाडीह रोड) के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद यादव ने बताया कि प्रकृति के गोद में बसा डीवीसी तिलैया डैम के प्राकृतिक सौंदर्य में बच्चों ने खूब पिकनिक का आनंद लिया। इस निमित बच्चों को डीवीसी से संबंधित अनेकों जानकारी दिया। मौके पर स्कूल निदेशक गंगाधर यादव, शिक्षक शिवशंकर यादव, घनश्याम राणा, ओंमकेश यादव, सुमन कुमारी, श्वेता कुमारी, रामेश्वर राणा, विकास कुमार सहित कई शिक्षक एवं छात्र छात्रायें मौजूद थे।

### पूजित अक्षत के साथ हरेक सनातनी परिवार को निमंत्रण देने का निर्णय

**जयनगर।** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की प्रखंड स्तरीय बैठक की। अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल एवं संचालन प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह ने किया। प्रखंड अध्यक्ष श्री बर्णवाल ने बताया कि श्री राम मंदिर तीर्थ निर्माण क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या द्वारा प्रभु श्री राम का पूजित अक्षत एवं मंदिर प्रारूप के साथ हरेक सनातनी परिवार को निमंत्रण देने का निर्णय लिया एवं 30 दिसंबर को जयनगर प्रखंड के 23 पंचायत के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच कलश एवं पूजित अक्षत वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को धर्म प्रसार जिला परियोजना सह प्रमुख कृष्ण कुमार स्वर्णकार, बजरंग दल सह संयोजक महादेव शर्मा, पोखराज राणा, महेश कुमार यादव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। वहीं अयोध्या से आए कलश, पूजित अक्षत को उपस्थित सनातन धर्म प्रेमियों के बीच में दर्शन कराया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जयनगर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश पांडेय ने किया। मौके पर वासुदेव स्वर्णकार, अर्जुन प्रसाद मोदी, विमलेश मोदी, सरजू शर्मा, आशीष राणा, लक्ष्मण राणा, विनोद गुप्ता, कार्तिक कुम्हार, शंकर स्वर्णकार, सच्चिदानंद राम, मुरली राम, शिवशंकर राणा, राम सागर शरण, राजेंद्र प्रसाद सिंह सुमन, सतीश चंद्र मालाकार, विनोद कुमार सोनी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस का डोनेट फॉर देश अभियान शुरू

**कोडरमा :** भारत के आजादी एवं सर्वांगीण विकास में कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली 138 वर्षो के स्वर्णिम योगदान पर कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम डोनेट फॉर देश का आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुरूआत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे के आदेशानुसार देश को आगे ले जाना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। इसे हमें साथ मिलकर निभाना है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने भी कार्यक्रम के तहत अपने जिम्मेदारी को आगे बढ़ाते हुए 1380 रुपया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जारी वेबसाइट पर समर्पित किया। श्री सहाय के साथ उनकी पत्नी प्रीति सहाय, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव ने भी 1380 रुपया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खाते में समर्पित कर कांग्रेसी होने के जवाबदेही को पूर्ण किया।

**सरना धर्मकोड** सरना धर्मकोड की मान्यता को लेकर 30 को भारत बंद का समर्थन

# 1951 की जनगणना तक आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक कोड था : अवधेश उरांव

**राष्ट्रीय खबर**



**कुडू:** सरना धुमकुड़िया झाखरा कुंबा लोहरदगा में सरना धर्म कोड की मान्यता हेतु 30 दिसंबर 2023 के भारत बंद को लेकर लोहरदगा जिला के समस्त आदिवासी संगठन का समर्थन देने हेतु बैठक किया गया। जिसमें समस्त आदिवासी संगठन के अधिकारी एवम सदस्य शामिल हुए एवम बंद को पूर्ण रूप से समर्थन देने का आह्वान किया। वहीं अपनी बातों को रखते हुए आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष-अवधेश उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज अपने सरना धर्म कोड की मांग वर्षों से कर रहा है लेकिन अभी तक आदिवासियों को अपना धर्म कोड नहीं दिया गया।आदिवासियों का अपना कोड नहीं होने के चलते आज आदिवासियों का संख्या दिनों दिन घट रहा है। उनका अस्तित्व खतरे में आ गया है। जब की 1951 की जनगणना तक आदिवासियों के लिए अलग धार्मिक कलम (कोड) था तो उसे षड्यंत्र के माध्यम से हटा दिया गया। आदिवासियों को उनका अपना कोड नहीं होने के चलते हमारे लोग दूसरे धर्म में चले जा रहे हैं। इससे आदिवासी समाज को सामाजिक तौर पर काफी नुकसान हो रहा है,अतः हमें पार्टियों और नेताओं से ज्यादा जनता और आंदोलन पर भरोसा करना पड़ेगा। वहीं जिला राजी पड़हा उपदीवान सह कुडू सरना प्रार्थना सभा के सचिव- जतरु उरांव का कहना है की इस बार अनेक आदिवासी समाज (मुंडा, उरांव, हो, संताल, लोहरा आदि) का समर्थन मिल रहा है। आदिवासियों को धार्मिक आजादी से वंचित रखा जा रहा है। मेरा समाज से आग्रह होगा की बंद को सफल बनाने के लिय सहयोग करें। जो सरना कोड देगा आदिवासी उसको वोट देगा। समर्थन देने में केंद्रीय सरना समिति,आदिवासी छात्र संघ, जिला राजी पड़हा,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा,वीर बुधु भगत सेना,आदिवासी लोहरा समाज शामिल है। इस बैंठक में जिला राजी पड़हा संयोजक-विनोद भगत, बेल-विजय उरांव,दीवान-संजीव भगत,उप दीवान-जतरू उरांव, निगरानी समिति के सचिव - सुखदेव उरांव,मीडिया प्रभारी - महेश्वर उरांव,आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष-अवधेश उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष-अमित उरांव,केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष- रघु उरांव,पूर्व अध्यक्ष-मनी उरांव,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के पूर्व अध्यक्ष-एतवा उरांव, फूलदेव उरांव,आदिवासी लोहरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष- बालमुकुंद लोहरा, रमेश उरांव, दीपक उरांव,मंगरू उरांव, लोकेश तिर्की,बिहारी उरांव,महावीर भगत आदि उपस्थित रहे।

स्वर्गीय कमल किशोर भगत क्षेत्र के लोकप्रिय नेता थे :अनिल टाना भगत

## भगत की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर किया माल्यार्पण

**राष्ट्रीय खबर**

>> क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात चिंता करते थे।

>> सभी समुदाय के लोगों में उनकी छवि काफी प्रिय थी।



**कुडू:** झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के गांव जिंगी में उनकी दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर समाधि-स्थल पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामनारायण प्रसाद केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता जिला महासचिव विलियम कुजूर जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी लालदेव टाना भगत मुरारी लोहरा मुमताज अंसारी मुखिया दिलीप उरांव और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के छोटे भाई अनिल टाना भगत तथा बहन बबली भगत उपस्थित हुए। समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अनिल टाना भगत ने कहा कि हमारे बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत क्षेत्र के लोकप्रिय नेता थे। वे क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात चिंता करते थे। और काफी कर्मठता के साथ अपने काम को अंजाम देते थे सभी समुदाय के लोगों में उनकी छवि काफी प्रिय थी। सभी समुदाय के लोग उन्हें अपना भाई और बेटा मानकर सहयोग किया करते थे। अब हम सभी मिलकर उनके सपनों को पूरा करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बैठक

## माइक्रो डोनेशन अभियान चलाया जायेगा: मनीर उरांव

● प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से ज्यादा कामगारों को जोड़ने पर बल..

● हर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है...



**राष्ट्रीय खबर**

**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी,प्रभारी की एक अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में रखी गई बैठक को संबोधित करते हुये मनीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा कामगार लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया ,25 दिसंबर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में हर शक्ति केंद्र में मानया जायेगा। 26 दिसंबर को बाल दिवस के रूप में जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की जयंती मनानी है, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है हमारे संगठन के लोगों का ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो,साथ ही संगठन चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता होती है इसके लिए माइक्रो डोनेशन अभियान चलाया गया है।

ज्यादा से ज्यादा लोगों से आग्रह किया की 5 से लेकर 2000 तक का सहयोग भारतीय जनता पार्टी को नमो ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। साथ ही नमो एप डाउनलोड करने के लिए क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग, वकील, टीचर, डॉक्टर जैसे वरिष्ठ लोगों से संपर्क कर नमो ऐप डाउनलोड कराये और सेल्फी लेकर सरल एप में भेजें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिनांक 20 एवं 21 दिसंबर को सभी मंडल में बैठक करने का निर्णय लिया गया इसके लिए प्रभारी नियुक्त किए गए बैठक में नवीन कुमार टिंकू, नीरज नलिन, बालकृष्ण सिंह ,राजकुमार वर्मा ,जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, संजय चौधरी, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, सूरज दसौधी ,विवेक सोनी ,मुकेश साहू सहित अन्य मंडल अध्यक्ष में पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**राष्ट्रीय खबर**

**कुडू:** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 79 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ. कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए सभी ने वंदे मातरम भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को पुष्प दे कर अभिवादन किया और कहा की सेवा ही परमोधर्म है। जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। सचिव जयप्रकाश शर्मा सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं। और यह नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर,बीपी.,ऑक्सीजन लेबल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श भी लिए आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ,अजय पोद्दार, मुकेश कुमार,अफरोज आलम, नीरज खत्री, मोतीलाल अग्रवाल,मनोज साहू,कृष्ण प्रसाद,अंजलि सर्राफ, गीता देवी,डोमन चंद्र कर्मकार, जयरानी कर्मकार,वीरेंद्र गुप्ता, सुनील अग्रवाल,ललिता देवी, सोनिया पोद्दार,आकाश कुमार, शंकर प्रसाद,रश्मि गुप्ता,कृष्ण प्रसाद,प्रभु दयाल साहू,चंपा देवी, अशोक शाह,अनीता देवी,अशोक अग्रवाल,सुरेंद्र प्रसाद, उदय कास्यंकार, सुनीता कुमारी,संगीता बाला,बिंदी बृजबाला शंगा,महिमा मिंज आदि थे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमर राणा का निधन

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा :** शहीदों की धरती डोमचांच के घरबारियाबार निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी सोमवार राणा का निधन 94 वर्ष की उम्र में गत 16 दिसंबर रात्रि उनके निवास स्थान पर हो गया । खबर मिलने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के साथ डोमचांच प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष अनंत कुमार मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी बालगोविंद पांडेय, संजय शर्मा सहित कांग्रेस जनों ने स्वर्गीय राणा के परिजन एवं पुत्र अमरिका राणा से उनके घरबरियाबार स्थित घर पर भेंटकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। श्री सहाय ने कहा कि जिले के कांग्रेसजन शोक संतप्त परिवार के साथ हमेशा खड़े रहेंगे जबकि 28 दिसंबर को स्व सोमर राणा के श्राद्ध कर्म में भी सहयोग हेतु उपस्थिति रहेंगे। स्वर्गीय राणा के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा ,गणेश स्वर्णकार, राजेंद्र जायसवाल, अनवरूल हक, ओबीसी नगर अध्यछ सुभाष प्रसाद सिंह संजय सेठ, आशीष पांडे,उत्तम दास पाल उमेश साव, अरविंद सेठ प्रभात राम,सोनू वारसी ,केसरी देवी सहित अन्य शामिल है।

**मामला** डॉ नीरा यादव ने उठाया गैर मजरुआ जमीन से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया

# 35 हजार एकड़ भूमि का मामला

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के नियमावली 147 के तहत कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने एक महत्त्वपूर्ण सूचना विधानसभा में प्रस्तुत किया। नीरा यादव सूचना के माध्यम से सरकार को बताया कि 2011 में कोडरमा में तत्कालीन उपायुक्त ने बिना किसी कारण एवं वैधानिक प्रतिवेदन के आधार तथा बिना किसी प्रकार की जांच के मनमाने ढंग से आदेश निकाल कर जिलांतर्गत लगभग 35 हजार एकड़ गैर मजरुआ खास जमीन की क्रय विक्रय मालगुजारी, रसीद निर्गत करने, किसी प्रकार की लीज अथवा बैंक में गिरवी रखने पर रोक लगा दी गई। इन कारणों से स्थानीय हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। रोक लगाई गई सारे जमीन की प्रकृति पूर्व के जमींदारों द्वारा जमींदारी प्रथा खत्म होने के बाद रिटर्न नहीं दाखिल करने का है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि इससे सकड़ों खाता प्लॉट ऐसे भी हैं जिसमे पूर्व जमींदार के द्वारा रिटर्न भी दाखिल है। साथ ही रैयती जमीन को भी इसमें शामिल कर दिया गया है। उन्होंने सदन को कहा कि आज तक तत्कालीन उपायुक्त के उक्त आदेश और बाद में सरकार के विभिन्न आदेशों में भी ऐसे मामलों में संदिग्ध जमाबंदी का वाद खोलकर उक्त आदेश से प्रभावित लोगों के मामलों को निरस्त करने को कहा गया है, परंतु वर्तमान जिला प्रशासन और संबंधित आंचल स्तर से ऐसे मामलों पर ध्यान नहीं दिया जाना उन प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदन शून्यता प्रतीत होती है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर तथ्यों पर सरकार अपने स्तर से एक समिति गठन कर मामले का निष्पादन करें एवं प्रभावित परिवारों को समुचित न्याय दिलावें।

## न्यूज फटाफट

### गूंज महोत्सव में शामिल हुई विधानसभा प्रभारी नीरु

**कुडू :** आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत सिल्ली पहुंचकर गूंज महोत्सव 2023 में शामिल हुई। सिल्ली में गूंज महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के द्वारा किया गया, इस अवसर पर राज्यपाल के परिवार के सदस्यगण,आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, उनकी पत्नी नेहा महतो ,पदमश्री मुकुंद नायक, पदमश्री छुटनी महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चौधरी ,झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, रामचंद्र सहित ,रांची के माननीय सांसद संजय सेठ, आजसू पार्टी केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत,लोहरदगा से नीरू शांति भगत के साथ-साथ आजूस छात्र संघ के नेता आयुष मेहता लोहरदगा नगर कमेटी के नेता राजन मेहता, जिला कमेटी से दिलीप साहू, विजय भगत एवं केंद्रीय महासचिव अंजू देवी इस कार्यक्रम में शामिल हुई ,यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा जिसमें लोहरदगा से अन्य पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, इनके अलावा आज के कार्यक्रम में कई अखबारों के वरीय संपादक जिसमें मुख्य रूप से हरि नारायण, चंदन, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष एवं कई शिक्षाविद ,पर्यावरणविद्य और कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं पूर्व कुलपति ,बुद्धिजीवियों के साथ-साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम उद्घाटन के पश्चात छऊ नृत्य एवं हजारों छात्रोंओ के द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम शुरू हुआ।

### अंचलाधिकारी ने विभिन्न राजनीति दलों के साथ की बैठक



**पेटरवार :** पेटरवार गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता बोकारो मेनका ने सोमवार को पेटरवार अंचल अधिकारी के कार्यालय कक्ष में विधानसभा स्तरीय मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक की। यह बैठक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 34 गोमिया सह अपर समाहर्ता ने मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में सहयोग देने के लिए विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य 2024 के दौरान एक भी मतदाता का नाम छूटना नही चाहिए इसके लिए अपलोगों का सहयोग चाहिए। उन्होंने फॉर्म 6 में नया नाम जोड़ने फॉर्म 7 में नाम हटाने और फॉर्म 8 में संशोधन करने के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि विभानसभा क्षेत्र में बीएलओ घर-घर जाकर बेहतर कार्य कर रही है जिसका प्रमाण डुमरी विधानसभा क्षेत्र है। जहां पर हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। जिसका सारा श्रेय बीएलओ को जाता है। उन्होंने कहा कि आपसी दुश्मनी के कारण अगर किसी मतदाता का नाम काटा जाता है तो चिन्हित होने पर उस पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने वैसे मतदाताओं के मतदाता परिचय पत्र में कलर फोटो जोड़ने का निर्देश दिया। मौके पर कृष्णा महतो, रविशंकर जायसवाल, शिव शंकर दुबे, सुरेश महतो, प्रकाश महतो, दिलीप हेंब्रम, अखिलेश्वर महतो, आनंद महतो, अशोक कुमार सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी सहित झामुमो, आजसू और भाजपा के लोग शामिल रहे।

### जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में मंडल कारा कोडरमा में विधिक जागरूकता शिविर सह लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पैसे के अभाव में कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रह सकता है। उन्होंने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेंशा ततपर है। बाद निष्पादन के निमित्त एक भी आवेदन नहीं होने के कारण, मौके पर एक भी मामले का निष्पादन नहीं हो सका। वही शिविर में उपस्थित बंदियों को उनके केस से संबंधित जानकारी दी गई। वैसे बंदी का केस पैरवी हेतु कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील उच्च न्यायलय में दाखिल करने में असमर्थ है या नहीं कर सका है । पहचान की गई। मौके पर डिप्टी एलएडीसीएस राजेंद्र मंडल जेलर अभिषेक कुमार, एलईडीसीएस अरुण कुमार ओझा, एलईडीसीएस ललन चौधरी, न्यालयकर्मी रंजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### मरकच्चो ने विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित उत्तरी पंचायत भवन के सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो सना उस्मानी के निर्देश पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने की। इस विशेष ग्राम सभा में वित्तीय वर्ष के योजना के निर्माण हेतु कुल 9 विषयों वैसे अधिकतम एक विषय को संकलप के रूप में पारित करना था। जिसमें सभी नौ विषयों पर ग्राम सभा में उपस्थित प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह, उप मुखिया पुष्पा यादव, पंचायत सचिव खुशबू कुमारी, महेश कुमार पंचायत के सभी वार्ड सदस्य पंचायत की सभी सेविका, जल सहिया, पंचायत के शिक्षाविद, समाजसेवी और बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा परिचर्चा करने के उपरांत सर्व समिति से विषय जल पर्याप्त गांव को विशेष ग्राम सभा में पंचायत कार्यकारिणी में चयनित किया गया।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**मरकच्चो :** प्रखंड के पंचायत पुरना नगर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन पंचायत सचिवालय परिसर पुरना नगर के समीप किया गया। शिविर में मुख्य रूप से मुखिया ललिता देवी, समाजसेवी देवनारायण यादव उपस्थित थे। शिवर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों ने आवेदन जमा करते देखे गये। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास व धोती साड़ी लुंगी, कम्बल व पौधा वितरण में था। मौके पर मखिया ललिता देवी,देवनारायण यादव ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रखण्ड के सभी पंचायतों में बारी बारी से किया जा रहा है।

### साइनिंग के सौजन्य से स्वस्थ जीवन शैली के सबंध में आवश्यक गोष्ठी

**कुडू :** डाबर इंडिया के सौजन्य से साइनिंग झारखंड के बैनर तले तोड़ार पंचयात के बरही ग्राम में बच्चों के पोषण में माताओ की भूमिका, किशोरियों के लिए स्वस्थ जीवन शैली तथा पोषण एवं स्वास्थ्य के सम्बन्ध में एक आवश्यक गोष्ठि का आयोजन तोड़ार पंचायत के बरही ग्राम में आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ संस्था के सचिव पूजा राजश्री ने कहा कि हमारी संस्था राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले पांच सालों से स्वास्थ्य, शिक्षा लैबलिवुड, महिला सशक्तिकरण नारी शिक्षा एवं सुरक्षा, बाल सुरक्षा बाल, विवाह, महिला भ्रूण हत्या आदि क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

## न्यूज फटाफट

### आईएसएल में ओडिशा एफसी ने हैदराबाद एफसी को 3-0 से हराया



**भुवनेश्वर ;** ओडिशा एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले में हैदराबाद एफसी को 3-0 से हरा दिया। रविवार रात कलिंगा स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में ओडिशा की ओर से फिजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा ने दो गोल दागे। कार्लोस डेलगाडो ने अपने आईएसएल करियर का 21 वां गोल कर ओडिशा के लिए तीसरा गोल किया। हैदराबाद की टीम गोल करने में विफल रही। ओडिशा एफसी का अगला मुकाबला 22 दिसंबर को ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। हैदराबाद एफसी 21 दिसंबर को जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी।

### ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान साथ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया ने 26 दिसंबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले के लिए अपनी 13 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने पहले टेस्ट मैच के बाद लांस मोरिस को टीम से बाहर किया है। वे बीबीएल में पर्थ स्कोरचर्स के लिए खेल सकते हैं। पहले मैच के लिए 14 सदस्यीय टीम चुनी गई थी। इस बार भी टीम में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड को उपकप्तान बनाया गया है और टीम की अगुवाई पैट कमिंस करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तिकड़ी मेलबर्न में नई गेंद की जिम्मेदारी साझा कर सकती है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन टीम में अपनी जगह बनाए रखने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन कमिंस का मानना है कि पर्थ में इतना प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली टीम में कोई भी बदलाव करना मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 360 रनों के विशाल अंतर से जीता था। कमिंस ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलने वाली एकादश के बारे में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि चोटें कोई मुद्दा बनने वाली हैं, इसलिए मैं यह कहने का साहस कर सकता हूं कि इस स्तर पर यह काफी समान लाइन-अप होगी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि (पर्थ में जीत) के बाद सभी गेंदबाज काफी तरोताजा हैं। यह मूल रूप से गर्मियों की आदर्श शुरुआत है।'' ऑस्ट्रेलिया टीम इस प्रकार है :- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, स्टीव स्मिथ, मिच स्टार्क, डेविड वार्नर।

आईपीएल

### इस नीलामी के जरिए 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों लिया जायेगा

# आईपीएल के अगले सत्र के लिए आज से होगी नीलामी

- 333 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है
- इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं
- 116 खिलाड़ी ऐसे हैं जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं



एजेंसियां

**दुबई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए आज से दुबई में खिलाड़ियों की नीलामी होगी। बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस साल की नीलामी के लिए कुल 1166 खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण कराया था जिसमें से 333 नामों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसमें 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। 116 खिलाड़ी ऐसे हैं जोकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि 215 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। दो खिलाड़ी एसोसिएट देशों के भी हैं। इस नीलामी के जरिए 10 टीमों में कुल 77 खिलाड़ियों लिया जायेगा। 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यह छोटी नीलामी है। इसके बाद अगले साल बड़ी नीलामी होगी, जिसमें आईपीएल 2025 के लिए टीमें बनेंगी। हाल ही में गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पंड्या को खरीदा कर टीम का कप्तान बनाया है। गुजरात के पास सबसे अधिक 38.15 करोड़ रूपये है, जिसमें उन्हें दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल आठ जगहों को टीम में शामिल करना है।

आईपीएल की दूसरी सबसे नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के पास 13.15 करोड़ रूपये है और उसे दो विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल छह जगहों को भरना है। इस नीलामी में अधिकतम 262.95 करोड़ रूपये खर्च किए जा सकते हैं। 333 खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है, जिसमें बल्लेबाज़, ऑलराउंडर, तेज गेंदबाज, स्पिनर, विकेटकीपर के सेट और कैप्ड व अनकैप्ड खिलाड़ियों के सबसेट शामिल हैं। 23 खिलाड़ियों ने अपने आपको अधिकतम दो करोड़ के आधार मूल्य वाले सेट में रखा है, इसमें मिचेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर का नाम प्रमुख है। 13 खिलाड़ियों का अपना आधार मूल्य 1.5 करोड़ रूपये रखा है। बेन स्टोक्स, जो रूट और जोफ्रा आर्चर की इंग्लिश तिकड़ी ने इस बार स्वयं को अनुपलब्ध बताया है। वहीं केदार जाधव, लिटन दास और शाकिब अल हसन का भी नाम नीलामी सूची में शामिल नहीं है। इस सूची में स्टार्क का नाम संभवतः सबसे ऊपर हो सकता है। वह आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं और उन पर बड़ी बोलियां लग सकती है। इस साल के विश्व कप के उभरते सुपरस्टार रचिन रविंद्र का आधार मूल्य 50 लाख है, लेकिन उनके लिए इससे कई गुना अधिक की बोली लग सकती हैं। भारत से शार्दुल ठाकुर, हर्षल पटेल और शाहरूख खान का नाम इस सूची में शामिल हो सकता है। अर्शीन कुलकर्णी, कुमार कुशाग्र, मुशीर खान, समीर रिज़्वी और कुछ अन्य युवा अनकैप्ड चेहरे इस नीलामी में हो सकते हैं। आईपीएल नियमों के अनुसार नीलामी के एक दिन बाद से खिलाड़ियों का 'ट्रेड' फिर से हो सकता है और यह आईपीएल सत्र शुरू होने से एक सप्ताह पहले तक चल सकता है। लेकिन अमूमन ऐसा होता नहीं है और टीमें नीलामी के बाद अपने एकादश की तैयारी में लग जाती हैं और खिलाड़ियों के प्री-सीजन कैंप लगने शुरू हो जाते हैं।

## खेल जगत अपडेट्स >>

### रॉयल रेंजर्स और वाटिका की बड़ी जीत

नयी दिल्ली : डीएसए



प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयल रेंजर्स और वाटिका ने अपने-अपने मुकबालों में जीत दर्ज की है। पहले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारन्यु बंसल की शानदार तिकड़ी से रॉयल रेंजर्स ने दिल्ली एफसी को 4-1 से पीट कर आसान जीत दर्ज की। वहीं आज दिन के दूसरे मुकाबले में पहली प्रीमियर लीग के विजेता वाटिका एफसी ने रेंजर्स एफसी को प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पंत, आयुष बिष्ट और अर्जुन शरीन के शानदार गोलों से 3-0 से परास्त किया। रॉयल रेंजर्स ने खेल पर मजबूत पकड़ बनाते हुए दनादन तीन गोल जमाकर दिल्ली एफसी को रक्षात्मक खेलने के लिए विवश कर दिया। डीएफसी का गोल 13 वें मिनट में कृष्ण पंडित ने किया। उसके बाद खेल पर रॉयल रेंजर ने पकड़ बना ली। बंसल के सभी गोल दर्शनीय रहे। एक गोल शुभम राम ने किया। 70 मिनट तक उतार चढ़ाव के चलते अंतिम पंद्रह मिनट में वाटिका ने खेल पर पकड़ बनाई और तीन गोल दाग दिए।

# यू मुम्बा ने तमिल थलाइवाज को हराया



एजेंसियां

**मुम्बई :** गुमान सिंह और अमीरमोहम्मद जफरदानिश के शानदार सुपर 10 के दम पर यू मुम्बा ने शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए पीकेएल सीजन 10 के मुकाबले में तमिल थलाइवाज को 46-33 से हराया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में गुमान सिंह और अमीरमोहम्मद जफरदानिश ने यू मुम्बा की जीत में विशेष योगदान दिया। दोनों ने सुपर 10 लगाते हुए क्रमशः 11 और 10 अंक अर्जित किये। यू मुंबा की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है। टीम 16 अंक के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं तमिल थलाइवाज को चार मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। पहले पांच मिनट तक यू मुंबा की टीम 8-4 से आगे थी। यू मुंबा के लिए के गुमान सिंह ने लगातार प्वाइंट लेना जारी रखा। 11वें मिनट में जफर दानिश ने सुपर रेड करके मुम्बा की बढ़त को आठ अंक तक पहुंचा दिया। हालांकि इसके बाद ही तमिल थलाइवाज की टीम ऑल आउट हो गई और इससे यू मुम्बा का स्कोर 21-9 तक पहुंच गया। पहले हाफ के समाप्त होने से पांच मिनट पहले तक मुम्बा के पास अच्छी बढ़त हो गई थी। गुमान सिंह ने जल्द ही अपना सुपर 10 भी पूरा कर लिया। हालांकि अपने बचाव के दम पर तमिल थलाइवाज ने खुद को मुकाबले में बनाए रखा। 17वें मिनट तक मुम्बा के पास 10 अंक की शानदार लीड थी। जफरदानिश और गुमान सिंह के रेड में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यू मुम्बा ने पहले हाफ में 11 अंक की बढ़त बनाते हुए स्कोर को 27-16 तक पहुंचा दिया। मुम्बा की टीम दूसरे हाफ में भी तमिल थलाइवाज की टीम पर हावी रही। शुरुआती कुछ मिनटों में तमिल थलाइवाज ने भी अंक जुटाते स्वयं को मुकाबले में बनाए रखा। लेकिन पहले 10 मिनट के बाद भी मुम्बा की टीम 11 अंक से बढ़त बनाये हुए थी। तमिल थलाइवाज के लिए अजिंक्य पवार और नरेंदर ने अंक अर्जित करना जारी रखा। 32वें मिनट में यू मुम्बा ने सुपर रेड करके अपनी बढ़त को और ज्यादा मजबूत कर लिया। इसी बीच तमिल थलाइवाज के द्वारा सुपर टैकल करने के बाद भी यूं मुम्बा का स्कोर 36-23 का था। 36वें मिनट में फिर यूं मुम्बा ने तमिल थलाइवाज को ऑल आउट करके 16 प्वाइंट की शानदार लीड बना ली और अपने स्कोर को 40-24 तक पहुंचा दिया।

# खेल विज्ञान के संयोजन के बिना खेलों की प्रगति संभव नहीं

एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** देश भर के खेल वैज्ञानिकों, शारीरिक शिक्षकों, खेल प्रशिक्षकों और शोधकर्ताओं का मानना है कि वर्तमान समय में खेल विज्ञान के समायोजन के बिना खेलों की प्रगति संभव नहीं है। खेलों में बढ़ती विज्ञान की भूमिका को लेकर प्रगति मैदान में खेल मंत्रालय के सहयोग से पेफी के द्वारा आयोजित सातवीं खेल विज्ञान कांफ्रेंस के आज अंतिम दिन नेशनल सेण्टर ऑफ स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च के निदेशक डॉ.

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय MINISTRY OF YOUTH AFF AND SPORT सत्यमेव जयते

बिभू कल्याण नायक ने कहा कि खेलों में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा और चौंकाने वाले परिणामों को देखते हुए यह जरूरी है कि भारतीय खेल जल्द से जल्द खेल वैज्ञानिकों के साथ मिलकर भविष्य की रणनीति बनाए जिससे कि देश आने वाले समय में खेलों की महाशक्ति बन सकें। उन्होंने कहा कि यह बिना खेल विज्ञान के यह संभव नहीं है। इस अवसर पर नाडा के डायरेक्टर जनरल आशीष भार्गव ने पेफी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ग्रास रूट से ही एंटी डोपिंग की जानकारी देना जरूरी है, यह भी खेल विज्ञान का एक महत्वपूर्ण विषय है, उनके अनुसार बहुत से खिलाड़ी डोपिंग रूल्स की जानकारी के अभाव में गलती से डोपिंग के केस में पकडे जा कर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते है। खेल मंत्रालय के निदेशक विमल आनंद ने मंत्रालय के द्वारा खेल विज्ञान को लेकर चलाई जा रही मुहीम की जानकारी दी। उन्होंने पेफी के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते कहा की खेल मंत्रालय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के विकास के लिए प्रयत्नशील है अभी हाल ही में एशियाई गेम्स में रिकॉर्ड प्रदर्शन इस बात का गवाह है कि खेल मंत्रालय के प्रयास फलीभूत हो रहे है।

# भोजपुरी के अभिनेता बृजेश त्रिपाठी का निधन



एजेंसियां

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा अभिनेता बृजेश त्रिपाठी का निधन का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। अभिनेता बृजेश के निधन से भोजपुरी सिनेमा की दुनिया को गहरा झटका लगा है। दिग्गज अभिनेता बृजेश अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 'ओम' और 'घरवाली बाहरवाली; जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनायी थी। उन्होंने मुंबई के कांदिवली में अपने घर पर आखिरी सांसें लीं। बताया जा रहा है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई है। भोजपुरी इंडस्ट्री में 100 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके बृजेश ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी काम किया था।

अभिनेता बृजेश बीते 46 साल से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थे। वह इन दिनों निदेशक सुजीत सिंह की फिल्म 'आंखें' की शूटिंग कर रहे थे, जिसमें चिंटू पांडे लीड रोल में हैं। सिल्वर स्क्रीन पर मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव, पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे तमाम सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुके बृजेश त्रिपाठी ने सलमान खान की फिल्म 'नो एंट्री' और 'मोहरा' जैसी हिंदी फिल्मों भी काम किया था। अभिनेता बृजेश को फिल्म 'ओम' की रिलीज के बाद पॉपुलैरिटी मिली थी। इस फिल्म का डायरेक्शन सुनील मांझी ने किया था। 'ओम' में उनके साथ संयोगिता यादव, राधा सिंह और प्रदीप पांडे चिंटू जैसे मुख्य कलाकार थे। अभिनेता बृजेश के निधन से जहां भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को बहुत गहरा झटका लगा है, वहीं उनके को-स्टार्स उनके निधन का समाचार सुनने के बाद सदमे में हैं।

# रवि तेजा की फिल्म 'मिस्टर बच्चन' का पोस्टर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रवि तेजा की आने वाली फिल्म मिस्टर बच्चन का पोस्टर रिलीज हो गया है। रवि तेजा पिछले काफी समय से अपनी आने वाली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज हो गया है। पोस्टर में रवि तेजा का शानदार लुक देखने को मिला है। हरीश शंकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिस्टर बच्चन' का पोस्टर रवि तेजा ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। पोस्टर में रवि तेजा ब्लैक टी-शर्ट, ब्राउन जैकेट, ब्लैक शेड्स लगाए बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं।इसे शेयर करते हुए रवि तेजा ने कैप्शन में लिखा, नाम तो सुना होगा..मेरे पसंदीदा अमिताभ बच्चन साहब के नाम वाला किरदार निभाना सम्मान की बात है।यह फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

# राकेश मिश्रा का धमाकेदार गाना ''लड्डू बटले रही'' रिलीज



एजेंसियां

**पटना :** वर्ष 2023 के सुपर हिट गानों की श्रृंखला में सुपर स्टार राकेश मिश्रा का धमाकेदार गाना ''लड्डू बटले रही'' रिलीज होने वाला है। इस गाने का टीजर आउट हुआ है। गाने का टीजर राकेश मिश्रा के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है और इसका फुल लेंग्थ गाना भी इसी चैनल से रिलीज होने वाला है। सुपर स्टार राकेश मिश्रा ने इसकी जानकरी देते हुए कहा कि यह गाना बेहद खूबसूरत है। गाना लोगों को खूब पसंद आएगा और मुझे भोजपुरी के संगीत प्रेमियों पर पूरा भरोसा है, कि वे हर बार की तरह इस गाने को भी खूब प्यार मिलेगा। यह गाना इस साल का सबसे बड़ा गाना साबित हो सकता है, इसके लिए दर्शकों का प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है, जो मुझे जरुर मिलेगा। राकेश मिश्र ने टीजर को धमाकेदार बताया। वहीं इस गाने के रिलीज को लेकर भी उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गाना ''लड्डू बटले रही'' को तैयार है। इस गाने को उनके ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज करने वाले हैं।

# बंगला फिल्म काबुलीवाला में नजर आयेंगे मिथुन चक्रवर्ती



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती बंगला फिल्म काबुलीवाला में काम करते नजर आयेंगे। गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की लघु कहानी काबुलीवाला पर वर्ष 1961 में फिल्म काबुलीवाला प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में बलराज साहनी ने अब्दुल रहमान खान की भूमिका निभायी थी। उससे पहले वर्ष 1957 में प्रदर्शित इसी कहानी पर बनी बांग्ला फिल्म काबुलीवाला में छवि बिस्वास ने रहमत की भूमिका निभाई थी।अब बांग्ला भाषा में बनी सुमन घोष निर्देशित फिल्म काबुलीवाला में मिथुन चक्रवर्ती ने रहमत की भूमिका निभायी है।जिओ स्टूडियो और एसवीएफ द्वारा निर्मित यह फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया ,रहमत का किरदार काफी चैलेंजिग रहा, क्योंकि इससे पहले जिन्होंने यह रोल किया था, वह एक्टिंग के भगवान माने जाते हैं, यानी छवि बिस्वास और बलराज साहनी जी। जब मुझे यह किरदार ऑफर हुआ था तो मैंने मना कर दिया था, क्योंकि मुझमें दम नहीं है कि ऐसे मुकाबले में आगे आऊं। यह मुकाबला नहीं, पर सुमन घोष अड़ गए कि मैं यह फिल्म बनाऊंगा तो आपके साथ ही।इसके बाद बहुत सारी चीजों पर चर्चा हुई कि कैसे करूंगा, कैसे उच्चारण आएगा। फिर मेरा एक दोस्त है कमालउद्दीन खान जो कि अफगानी दोस्त है। वह वास्तव में कुक हैं। उन्होंने मुझे खाना बनाया सिखाया। वह मेरे करीबी दोस्त भी हैं। मैंने उनको काफी कापी किया है। उनसे काफी प्रेरणा ली है। उनका बोलने का ढंग, क्योंकि उन्हें सांस की बीमारी थी, उसकी वजह से उनकी आवाज कभी-कभी अटक जाती थी। मैं जो बता रहा हूं, उसके लिए आपको फिल्म देखनी होगी। वो कठिन जर्नी रही।

यह कहानी अफगानिस्तान या हिंदुस्तान के बारे में नहीं है। यह प्यार, इमोशन के बारे में है। इमोशन का कोई धर्म या भाषा नहीं होती। काबुलीवाला एक अफगानी पठान और छोटी सी बच्ची मिनी के इमोशन और प्यार की कहानी है। यह कभी नहीं बदल सकती। चाहे जमाना कितना बदल जाए, इंटरनेट मीडिया बदल जाए।

## प्रदेश >> अपडेट

### शिवराज आज दिल्ली के लिए रवाना

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शिवराज सिह चौहान 19 दिसंबर को दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार श्री चौहान मंगलवार सुबह दिल्ली रवाना होंगे और दिन में नड्डा से मुलाकात करेंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद श्री चौहान का यह पहला दिल्ली दौरा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बाघ के गले में मिला क्लच वायर का फंदा

**पन्ना :** मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में आठ वर्ष के एक बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा फंसा हुआ मिला है, जिससे पन्ना टाइगर रिजर्व में हड़कंप मच गया। बाघ पी 243 पन्ना टाइगर रिजर्व का सबसे बड़ा डोमिनेंट बाघ है, जिसका मूवमेंट तीन रेंजों में देखा गया है। बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा कैसे फंसा, यह अभी रहस्य है, लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व में शिकारियों के घुसपैठ की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा। बाघ के गले में फंदा लगा होने की खबर सबसे पहले पर्यटकों को तब लगी जब उन्होंने बाघ को इस हालत में घूमते हुए देखा। फंदा फंसे बाघ का वीडियो रविवार को सामने आने पर पार्क प्रबंधन सक्रिय हुआ और इस नर बाघ को आनन फानन ट्रेंकुलाइज करके फंदे से मुक्त किया गया। बताया गया है कि क्लच वायर का फंदा काफी टाइट था, जिससे बाघ के गले में घाव भी हो गया है। उपचार के बाद बाघ को खुले जंगल में फिर से छोड़ दिया गया है। इस मामले में पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक बृजेंद्र कुमार झा का कहना है कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की गई है। बाघ के मूवमेंट वाले इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सड़क हादसे में एक की मौत, सात घायल

**हैदराबाद :** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सोमवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के अनुसार पुलिस के अनुसार, सात लोगों को ले जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद एक पैदल यात्री से टकरा गई, जिसके परिणामस्वरूप एक की मौत हो गई और सात गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना चैतन्यपुरी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में राजीव गांधी नगर में हुई। घायलों को इलाज के लिए गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### गुलमर्ग में लुढ़का पारा, सर्दी बढ़ी

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग का तापमान शून्य से कम 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और घाटी में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में भारी गिरावट आयी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुलमर्ग में पिछली रात तापमान शून्य से कम 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से शून्य से कम 3.2 डिग्री सेल्सियस कम है। पहलगाम में रात का तापमान शून्य से कम 1.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज शून्य से कम 5.8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान रविवार को शून्य से कम 0.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से कम 0.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**बदलाव** — फिनलैंड के नाटो में शामिल होने से उत्तरी यूरोप में सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आया

# पुतिन ने पड़ोसी फिनलैंड को फिर से गंभीर चेतावनी दी

- फिनलैंड के सुरक्षा माहौल को बदल दिया
- मॉस्को का नाटो देशों में कोई क्षेत्रीय दावा नहीं है




**एजेंसियां**

**मॉस्को:** पश्चिम द्वारा पड़ोसी फिनलैंड को नाटो में घसीटे जाने के बाद पुतिन ने पड़ोसी देश फिनलैंड के साथ समस्याओं की चेतावनी दी है। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी है कि इस साल की शुरूआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के बाद पड़ोसी फिनलैंड के साथ समस्याएं होंगी। फिनलैंड के नाटो में शामिल होने से उत्तरी यूरोप में सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आया और रूस के साथ गठबंधन की सीमा में लगभग 1,300 किलोमीटर (830 मील) की दूरी जुड़ गई।

यह राष्ट्रपति पुतिन के लिए भी एक झटका था, जो लंबे समय से नाटो के विस्तार के खिलाफ चेतावनी देते रहे हैं। उन्होंने (पश्चिम ने) फिनलैंड ले लिया और उसे नाटो में खींच लिया! क्यों, क्या फिनलैंड के साथ हमारा कोई विवाद था? पुतिन ने रविवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा, 20वीं सदी के मध्य में क्षेत्रीय प्रकृति के विवादों सहित सभी विवादों को बहुत पहले ही सुलझा लिया गया है। पुतिन ने रूसी राज्य प्रसारक रूस 1 के साक्षात्कार में कहा, पहले कोई समस्या नहीं थी, लेकिन अब होगी, क्योंकि हम अब वहां लेनिनग्राद सैन्य जिला बनाएंगे और निश्चित रूप से वहां सैन्य इकाइयों को केंद्रित करेंगे।

पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की टिप्पणियों को भी पूरी तरह से बकवास कहकर खारिज कर दिया, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में चेतावनी दी थी कि अगर पुतिन यूक्रेन पर कब्जा करते हैं तो वह आगे दूसरे देशों पर भी इसी तरह हमला करेंगे। और सुझाव दिया कि रूस अंततः नाटो सहयोगी पर हमला कर सकता है और अमेरिकी सैनिकों को संघर्ष में खींच सकता है।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस के पास नाटो देशों के साथ लड़ने का कोई कारण, कोई हित, कोई भू-राजनीतिक हित, न तो आर्थिक, न ही राजनीतिक, न ही सैन्य हित है, उन्होंने कहा कि मॉस्को का नाटो देशों में कोई क्षेत्रीय दावा नहीं है। पुतिन ने कहा, उनके (नाटो देशों) साथ संबंध खराब करने की कोई इच्छा नहीं है, हम संबंध विकसित करने में रुचि रखते हैं। अप्रैल में नाटो में शामिल होने पर फिनलैंड इसका 31वां सदस्य बन गया, जिससे रूस के साथ सुरक्षा गठबंधन की सीधी सीमा दोगुनी हो गई। पुतिन ने यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने से पहले ही नाटो से इसके विस्तार को सीमित करने की मांग की थी। फिर भी, यह युद्ध ही था जिसने फिनलैंड के सुरक्षा माहौल को बदल दिया, नॉर्डिक राष्ट्र की गठबंधन में शामिल होने की इच्छा को प्रेरित करते हुए, राष्ट्रपति साउली निनिस्टो ने मई 2022 में घोषणा करते हुए कहा कि उनका देश इसमें शामिल होना चाहता है। इसके आवेदन के कुछ महीनों के भीतर, फिनिश सरकार ने कहा कि वह रूस के साथ फिनलैंड की 830 मील पूर्वी सीमा पर अवरोधक बाड़ बनाने पर लगभग 143 मिलियन डॉलर खर्च करेगी, जिसमें बहुत कम सुरक्षा सुरक्षा होती थी।

## खड़गे से पटवारी ने की मुलाकात



**एजेंसियां**

**भोपाल:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से आज मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सौजन्य भेंट की। पार्टी सूत्रों के अनुसार पटवारी ने दिल्ली प्रवास के दौरान श्री खड़गे से उनके निवास पर भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस मौके पर पटवारी ने कहा कि खड़गे के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर पार्टी की मज़बूती के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। पटवारी ने सोशल मीडिया में खड़गे से मुलाकात की तस्वीर भी साझा की है। श्री पटवारी ने अपनी दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल और कांग्रेस महासचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सुरजेवाला से भी भेंट की।

## शीघ्र होगा जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का गठन : यादव

**एजेंसियां**



**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि विधानसभा में समृद्ध विधायक समूह निर्वाचित होकर आया है और शीघ्र ही जन कल्याण और विकास को समर्पित मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। डॉ यादव विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्वाचन के माध्यम से प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संस्थाओं का मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जारी जन कल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। श्री अन्न यानी मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युत्थान का पर्व चल रहा है। श्री महाकाल के साथ-साथ ओरछा, सलकनपुर और मैहर में महालोक निर्माण का रोड मैप बनाया जा रहा है। डॉ यादव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई ,संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश पर प्रदेश स्तरीय इकाई विकास को नीचे तक उतरने के क्रम में अपना योगदान दें।

## न्यूज फटाफट

### बंगलादेश में आम चुनाव से पहले सेना तैनात की जाएगी

**ढाका :** बंगलादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की टुकड़ियों को तैनात किया जाएगा। बंगलादेश चुनाव आयोग के सचिव मोहम्मद जहांगीर आलम ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को आगामी आम चुनाव के दौरान सेना की तैनाती को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। आलम ने कहा कि सेना के जवानों को एक बल के रूप में तैनात किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को राष्ट्रपति और मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। इससे पहले, आयोग ने बढ़ते राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि में सात जनवरी के आम चुनाव की तैयारी के लिए 29 दिसंबर से 13 दिनों के लिए देश भर में सैनिकों को तैनात करने की अपनी योजना की घोषणा की थी। सत्तारुढ़ एएल पार्टी के महासचिव ओबैदुल कादर ने रविवार को कहा कि वह जातीय पार्टी और अन्य गठबंधन सहयोगियों के साथ कुछ सीटें साझा करेंगे और ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के उम्मीदवारों को वापस ले लेंगे।

### लेबनान-इजरायल सीमा पर संघर्ष में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके मारे गए

**बेरूत :** लेबनान-इजरायल सीमा पर संघर्ष में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने रविवार को दक्षिणी गांवों और कस्बों पर 11 हमले किए और पहली बार सीमा रेखा से लगभग 40 किलोमीटर दूर एक गांव पर हमला किया। हमले में एक घर नष्ट हो गया। इस बीच हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने सीमा पार इजरायली सैनिकों की सभा पर हमला किया, जिसमें कुछ सैनिक घायल हो गए। लेबनान-इज़रायल सीमा पर गत 08 अक्टूबर से तनाव बढ़ गया है जब लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने पिछले दिन इज़रायल पर हमास के हमलों के समर्थन में इज़रायल की ओर कई रॉकेट दागे थे, जिसके जवाब में इज़रायल ने दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी गोलीबारी की। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच संघर्ष में लेबनानी पक्ष के 157 लोग मारे गए, जिनमें 110 हिज़्बुल्लाह सदस्य, एक लेबनानी सेना का सैनिक, अमल आंदोलन का एक सदस्य, हमास और इस्लामिक जिहाद के 16 सदस्य और 29 नागरिक शामिल थे।

### होटल में आग लगने से 18 लोग घायल

**सोल:** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी बंदरगाह शहर इंचियोन में रविवार रात एक होटल में आग लगने से कम से कम 18 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। योनहाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि आग स्थानीय समयानुसार रात करीब 9:01 बजे लगी। आग के धुएं के कारण या पीठ और टखने में दर्द के बाद 18 लोगों को इलाज के लिए अस्पतालों में ले जाया गया। अग्निशमन अधिकारियों ने लगभग 140 अग्निशामकों और 49 उपकरणों को घटनास्थल पर भेजा। आग पर लगभग डेढ़ घंटे बाद काबू पाया गया। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### उरुग्वे में तेज तूफान से दो लोगों की मौत

**मोंटेवीडियो :** उरुग्वे में रविवार को तेज हवाओं के साथ आए तूफान से दो लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने तूफान से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। उरुग्वे मौसम विज्ञान संस्थान ने एक रिपोर्ट में कहा कि विभागीय राजधानी कोलोनिया डेल सैक्रामेंटो में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''बहुत तेज़ तूफ़ान'' सुबह-सुबह आया और ''दो लोगों की दुखद मौत''और ''पेड़ और बिजली की लाइनें गिर गईं, हल्की छतें उड़ गईं।''स्थानीय मीडिया ने बताया कि तूफान से एक आठ वर्षीय बच्चे की कैंपसाइट में मौत हो गई जब एक पेड़ उस केबिन पर गिर गया जहां वह रह रहा था, और दूसरी मौत इसी विभाग में हुई जब एक पेड़ गिर कर सड़क पर दो मोटरसाइकिलों से टकरा गया, जिससे एक वाहन चालक की मौत हो गई। सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी यूटीई के अनुसार, बिजली के बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण सुबह लगभग 125,000 घरों में बिजली नहीं थी।

## केसीआर के परिवार के सदस्यों के पासपोर्ट जब्त किए जाएं : संजय कुमार



**एजेंसियां**

**हैदराबाद:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद बी संजय कुमार ने कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के परिवार के सदस्यों तथा उनकी पार्टी के शीर्ष पार्टी के पासपोर्ट जब्त किये जाने चाहिए जिन्होंने लोगों का पैसा लूटा है और ऐसी संभावना है कि वे देश छोड़ने की कोशिश कर सकते हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय ने यह टिप्पणी शनिवार को करीमनगर में आयोजित पार्टी संसदीय क्षेत्र पदाधिकारियों की बैठक में की। इस अवसर पर, संजय ने आगामी संसदीय चुनावों को देखते हुए पार्टी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। राज्य में हाल के विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीआरएस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा और राज्य में कांग्रेस ने 119 विधानसभा क्षेत्रों में से 64 सीटों पर एकल बहुमत हासिल करके सरकार बनाई, जबकि भाजपा ने केवल आठ सीटें जीतीं। उन्होंने कहा कि केसीआर को छोड़कर, उनके परिवार के सदस्य, बीआरएस विधायक और हारे हुए मंत्री सभी भ्रष्टाचार तथा अराजकता में शामिल थे। लोगों का पैसा लूटा गया। संजय ने कहा, उनका भ्रष्टाचार तुरंत उजागर होना चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि इससे पहले राज्य सरकार को उनके सभी पासपोर्ट जब्त कर लेने चाहिए। संजय ने कहा कि केसीआर तो मुख्यमंत्री थे, जो सारी अराजकता का कारण बने। मुख्यमंत्री कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने पैसा कमाया और लोगों की संपत्ति लूटी और तेलंगाना को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पासपोर्ट भी जब्त किए जाने चाहिए, अन्यथा संभावना है कि वे विदेश भागने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूरे देश में मोदी की हवा चल रही है और यह निश्चित है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 350 सीटों के साथ तीसरी बार सत्ता में आएगी। श्री संजय ने कहा, चुनाव में तेलंगाना में कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला होगा। हैदराबाद में हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में, राज्य भाजपा अध्यक्ष किशन रेड्डी ने कहा कि भाजपा तेलंगाना में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

## तमिलनाडु में भारी बारिश से जनजीवन ठप

**एजेंसियां**

**तिरुनेलवेली :** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी, कन्याकुमारी और रामनाथपुरम जिलों में सोमवार को लगातार भारी बारिश होने से सामान्य जीवन ठप हो गया। राज्य के दक्षिणी जिलों में भारी वर्षा और जलजमाव के कारण रेल, हवाई तथा सड़क यातायात अस्त-व्यस्त हो गया। इसके अलावा, राज्य के अन्य हिस्सों से कई ट्रेनें और सर्वव्यापी सेवाएं निलंबित कर दी गईं। थूथुकुडी हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं रद्द कर दी गई हैं, जबकि दक्षिणी रेलवे ने एक अधिसूचना जारी कर घोषणा की है कि तिरुनेलवेली-चेन्नई एग्मोर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेन सेवाओं को दोनों दिशाओं में रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, तिरुनेलवेली- जामनगर, गुजरात और तिरुचेंदूर-पलक्कड़ के बीच एक्सप्रेस ट्रेन भी रद्द कर दी गई हैं।

ओम्निबस फेडरेशन ने लगातार भारी बारिश के कारण दक्षिणी जिलों में 200 से अधिक ओम्निबस सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सरकारी बसें मांग के आधार पर चलेंगी, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में यात्रियों के लिए वैकल्पिक परिवहन विकल्प उपलब्ध होंगे। सैकड़ों रिहायशी इलाकों में पानी भर जाने से लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए हैं। तमिलनाडु सरकार ने तिरुनेलवेली, थूथुकुडी, तेनकासी, कन्याकुमारी और विरुधुनगर जिलों में सभी स्कूलों, कॉलेजों, निजी संस्थानों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए सोमवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जबकि थेनी, रामनाथपुरम और शिवगंगा जिलों में स्कूल बंद रहे। जलाशयों से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण थमीराबारानी और वैगई सहित कई नदियां और नाले उफान पर हैं।

**सुरंग** — हमास सुरंगों में बाढ़ के तरीकों का परीक्षण किया है

# इजराइली सेना ने गाजा में सबसे बड़ी सुरंग खोजने का दावा किया

- सुरंग हमास के रणनीतिक बुनियादी ढांचे का हिस्सा है और इसे नष्ट कर दिया जाएगा

**एजेंसियां**



**तेल अवीव:** इजराइल रक्षा बलों ने गाजा में सबसे बड़ी हमास सुरंग की खोज करने का दावा किया है, जो चार किलोमीटर (लगभग 2.5 मील) की लंबाई तक फैली हुई है। आईडीएफ ने कहा कि सुरंग, जिसे कुछ सप्ताह पहले सुरक्षित किया गया था, लेकिन रविवार को जनता के सामने प्रकट किया गया, एक बड़े वाहन को चलाने के लिए पर्याप्त चौड़ी है, भूमिगत 50 मीटर (160 फीट से अधिक) तक पहुंचती है और बिजली, वेंटिलेशन और संचार से सुसज्जित है। आईडीएफ के अनुसार, यह इजराइल में प्रवेश नहीं करता है, लेकिन उत्तरी इजराइल-गाजा सीमा पर अब बंद हो चुके इरेज क्रॉसिंग से 400 मीटर पहले समाप्त होता है।आईडीएफ ने कहा कि सुरंग हमास के रणनीतिक बुनियादी ढांचे का हिस्सा है और इसे नष्ट कर दिया जाएगा।

आईडीएफ द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, इजरायली सेना ने दावा किया कि सुरंग हमास सेना की गतिविधियों के लिए और हमलों के लिए एक लॉन्चिंग बिंदु के रूप में बनाई गई थी। आईडीएफ द्वारा साझा किए गए और कथित तौर पर सुरंग के निर्माण को दिखाने के लिए हमास द्वारा फिल्माए गए फुटेज में एक बड़ा वाहन सुरंग में जाता हुआ और उसके अंदर एक अस्थायी रेलमार्ग दिखाई दे रहा है। आईडीएफ के दावों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है।

रविवार को एक बयान में, आईडीएफ ने आरोप लगाया कि सुरंग प्रणाली हमास नेता याह्या सिनवार के भाई मुहम्मद सिनवार की एक परियोजना थी। आईडीएफ ने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया।

**गाजा की सुरंगों के बारे में क्या जानना है:** गाजा के नीचे असंख्य सुरंगों को मिस्र से माल की तस्करी और इजराइल में हमले शुरू करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग के रूप में जाना जाता है। बोलचाल की भाषा में गाजा मेट्रो के रूप में जाना जाता है, सुरंगों की विशाल भूलभुलैया का उपयोग लोगों और सामानों के परिवहन, रॉकेट और गोला-बारूद के भंडार को स्टोर करने और हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्रों को रखने के लिए भी किया जाता है। ये सभी आईडीएफ के विमानों और आसमान पर मंडराते ड्रोन की नजरों से पूरी तरह ओझल हैं। हमास ने 2021 में गाजा के नीचे 500 किलोमीटर (311 मील) लंबी सुरंगें बनाने का दावा किया था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह आंकड़ा सटीक था या दिखावटी। यदि यह सच है, तो हमास की भूमिगत सुरंगें न्यूयॉर्क सिटी सबवे प्रणाली की लंबाई के आधे से थोड़ी कम होंगी। क्षेत्र में अपने आक्रमण के दौरान, आईडीएफ का दावा है कि उसने पूरे गाजा पट्टी में सैकड़ों आतंकी सुरंग शाफ्टों को उजागर किया है और कहा है कि वह दर्जनों हमले के सुरंग मार्गों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए काम कर रहा है। हाल ही में, इसने हमास सुरंगों में बाढ़ के तरीकों का परीक्षण किया है।

## आज का इतिहास

- 1842 : अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी।
- 1919 : भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म।
- 1927 : महान स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला ख़ां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
- 1934 : भारत की पहली और अब तक की इकलौती महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील का जन्म।
- 1937 : भारत के भूतपूर्व 32वें मुख्य न्यायाधीश जी. बी. पटनायक का जन्म।
- 1941 : जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली और जर्मन सेना का कमांडर इन चीफ बना।
- 1961 : गोवा को पुर्तग़ाल की गुलामी से आजादी मिली।
- 1974 : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग का जन्म।
- 1984 : भोपाल गैस शताव्दी में 2500 लोगों की मौत।
- 1997 : इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक टाइटैनिक रिलीज हुई।
- 1998 : अमर्त्य सेन को बंगलादेश ने मानद नागरिकता से नवाजा।
- 1999 : 443 वर्षों तक पुर्तग़ाली उपनिवेश में रहने के बाद मकाऊ का चीन को हस्तांतरण।
- 2000 : आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता।
- 2002 : जनता पार्टी के राजनीतिज्ञों में से एक एवं गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री बाबूभाई पटेल का निधन।
- 2003 :अमेरिका ने कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।

## पुलिस ने किया 5 गिरफ्तार

रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में रांची पुलिस ने पांच बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बाइक चोरों के नाम सुभाष कुमार, रवि लोहरा, राहुल, तबरेज और सूरज केरकेटा हैं। पुलिस ने कुल 6 मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद किया है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि शहर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है, जिसके बाद इस मामले की जांच की गई और छापेमारी की गई।

**चुनौती** सरकार की योजनाएं जन -जन तक पहुंचे, इसी प्रतिबद्धता के साथ बढ़ रहे आगे

# यह सरकार दिल्ली और रांची के बंद कमरे से नहीं बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है:मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** यह सरकार दिल्ली और रांची के बंद और एयर कंडीशंड कमरे से नहीं बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है । जिस गांव में आने -जाने का रास्ता तक नहीं है , वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं तथा आपको लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज हजारीबाग के ईचाक प्रखंड के तेतरीय ग्राम में ₹आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार ₹ के चल रहे तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ₹ आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार₹ एक ऐसा महाअभियान है जिसमें गांव- पंचायत में शिविर लगाकर आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है। यहां लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ इसका लाभ दिया जा रहा है । मैं भी लगातार शिविरों में शिरकत कर रहा हूं और देखने का प्रयास कर रहा हूं कि किस तरह लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं । मुझे इस बात की खुशी है कि इन शिविरों में त्यौहार जैसा माहौल है। सरकार की योजनाओं से जुड़ने के लिए लोग खासे उत्साहित हैं।

समस्याओं की सूची बनी, प्राथमिकता तय हुई और फिर योजना बनाकर उतार रहे धरातल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ₹ आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार ₹ का तीसरा चरण अभी चल रहा है । वर्ष 2021 में पहले चरण और वर्ष 2022 के दूसरे चरण में कुल 80 लाख के लगभग आवेदन मिले थे। इन आवेदनों के माध्यम से हमें आम जनता की तमाम समस्याओं की जानकारी मिली। इसके बाद इन समस्याओं की प्राथमिकता तय की और उसके समाधान की दिशा में योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारने का काम किया। सरकार की योजनाएं जन -जन तक पहुंचे, इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के बने 23 वर्ष हो चुके हैं। पिछले दो दशकों में लगातार जनहित की अनदेखी होती रही। लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज किया जाता रहा। जिला और प्रखंड कार्यालय सही तरीके से काम नहीं कर रहे थे। लेकिन, हमारी सरकार ने इस परिपाटी को बदला। अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई । उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे गांव और पंचायत का रुख करें तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं को सुनें और उसका समाधान निकालें। हमारी सरकार की सोच है कि अब प्रखंड कार्यालय से नहीं बल्कि पंचायत कार्यालय से आपको सरकार की सभी योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान मिले।

## नक्सली मुठभेड़ में घायल थाना प्रभारी को इलाज के लिए लाया गया मेडिका

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गढ़वा के रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा रविवार देर रात नक्सली मुठभेड़ में घायल हो गये। घायल होने के बाद उन्हें तुरंत मेडिका अस्पताल लाया गया जहां उनके इलाज की तैयारी की जा रही है। मेडिका आने के बाद उनका इलाज कर रहे डॉक्टर राकेश अग्रवाल ने बताया कि रंका थाना प्रभारी को कलाई में गोली लगी है। गोली उनकी कलाई से पार हो गयी है। उन्होंने बताया कि कलाई में रेडियस फ्रैक्चर है, जिसका ऑपरेशन अनिवार्य है।मेडिका के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ। राकेश अग्रवाल ने बताया कि जैसे ही मेडिका अस्पताल को सूचना दी गयी कि थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा की कलाई में गोली लगी है और उन्हें मेडिका अस्पताल भेजा जा रहा है। उसके बाद से ही अस्पताल प्रबंधन की ओर से सारी तैयारी कर ली गयी थी। वहीं क्रिटिकल केयर टीम को भी अलर्ट मोड में रखा गया। साथ ही उन्होंने बताया कि फिलहाल थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा की स्थिति सामान्य है। वह खतरे से बाहर हैं। ऑपरेशन के बाद उनकी कलाई धीरे-धीरे काम करने लगेगी। डॉक्टरों ने थाना प्रभारी को अस्पताल से छुट्टी दिए जाने के बारे में कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक ऑपरेशन नहीं हो जाता तब तक इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।आपको बता दें कि रविवार की रात 12:00 बजे गढ़वा पुलिस को सूचना मिली कि ढेंगुरा और आसपास के इलाकों में नक्सली गतिविधि देखी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ढेंगुरा जंगल की ओर कूच कर गयी। पुलिस को देखते ही 8 से 10 की संख्या में आये नक्सलियों ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों की ओर से अचानक की गई फायरिंग के बाद पुलिस ने भी पोजीशन ली और जवाबी फायरिंग की। जिसमें दो नक्सलियों के मारे जाने की बात कही जा रही है। पुलिस की ओर से यह भी बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने रंका थाना प्रभारी के सीने में गोली मारी थी, लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट पहने होने के कारण गोली छिटक कर उनकी कलाई में जा लगी।

## पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये छवि वर्मा सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिहार क्लब,रांची में कायस्थ क्रांतिकारी विचार मंच, झारखंड,रांची के द्वारा विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पांडे रवीन्द्र नाथ राय ने किया जिसके मुख्य अतिथि डा अजीत सहाय थे। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में गो सेवा आयोग,झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,बालमुकुन्द सहाय, प्रवीण प्रभाकर राष्ट्रीय महासचिव दिलीप श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद श्रीवास्तव राष्ट्रीय सचिव शशि कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला संभाग )आस्था किरण, मंच के कार्यकारी अध्यक्ष एके श्रीवास्तव मंचासीन थे। इस समारोह में सभी पूजा कमिटियों के सदस्य, मंच के नवचयनित वार्ड संयोजक,मंच के प्रदेश स्तर के पदधारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, सभी क्रांतिकारी महिला सदस्यों को तलवार, पगड़ी से सम्मानित किया गया। विशिष्ट क्षेत्र में कायस्थ गौरव डॉ प्रवीण श्रीवास्तव,मि.झारखंड विवेक राज एवं भारतीय सेना में लेफ़्टिनेन्ट के पद पर चयनित हर्षित राज को भी मोमेन्टो,तलवार,सम्मान पत्र,माला एवं पगड़ी से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय खबर दैनिक अखबार की वरीय उप संपादक छवि वर्मा एवं बिजली विभाग में कार्यरत पंकज कुमार को उनके उत्कृष्ट काम के लिए पगड़ी और तलवार देकर सम्मानित किया गया।

इन्हे अगडोरा कॉलनी के अनिल कुमार ने आमंत्रित किया था। मंच का संचालन कुमार सुशील क्रान्तिकारी एवं आनंद गोपाल वर्मा ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष निर्भय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष आलोक पीताम्बर ने किया। मंच का संचालन कुमार सुमीता क्रांतिकारी सर्व आनंद गोपाल वर्मा ने किया।

## अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका को हाइकोर्ट ने सुनने से किया इंकार

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका सुनने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस याचिका को अन्य सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को पूरक शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जेवाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा का विस के समक्ष प्रदर्शन 20 को, तैयारियां पूरी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को समान रूप से पहचान, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन पेंशन सहित 11 सूत्री मांगों के समर्थन में झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय कमिटी के तत्वावधान में आगामी 20 दिसंबर बुधवार को विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी प्रशासनिक अनुमति सहित सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। उक्त बातें झारखंड आंदोलनकारी महासभा केन्द्रीय कमिटी के अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान ने संयुक्त बयान जारी कर दी है। नेता द्वय ने कहा है कि 20 दिसंबर को विस के समक्ष प्रदर्शन कार्यक्रम के अलावे झारखंड आंदोलनकारी महासभा का इस दिसंबर महीने में केन्द्रीय स्तर पर कोई अन्य कार्यक्रम नहीं है। आंदोलनकारियों के एकता को तोड़ने वाले कुछ एजेन्ट झारखंड आंदोलनकारी के नाम पर उलूल-जुलूल निर्णय थोप कर बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे सावधान रहने और उन्हें सबक सीखने की आवश्यकता है। नेताओं ने कहा कि आंदोलनकारी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर वर्षो से आंदोलनरत हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कई बार मांग पत्र दिए गए, सर्वदलीय बैठक बुलाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान का अनुरोध किया गया, लेकिन आंदोलनकारियों के मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई है। आंदोलनकारियों की धैर्य समाप्त हो चुकी है। अब झारखंड सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी। 20 दिसंबर बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे पुराने विधानसभा के समीप से झंडा-बैनर के साथ रैली के शक्ल में मार्च करते हुए विधानसभा के समक्ष पहुंच कर प्रदर्शन की जाएगी। नेताओं ने कहा है कि इस प्रदर्शन कार्यक्रम में रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, धनबाद, बोकारो, चाईबासा, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, पलामू, सहित सभी 24 जिलों से हजारों की तादाद में लोग भाग लेंगे।

## सब-स्टेशन, फीडर और ट्रांसफॉर्मर में मीटर के जरिये की जायेगी अब बिजली चोरी की मॉनिटरिंग

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिये समय समय पर छापेमारी अभियान चलाया जाता है। वहीं अब जेबीवीएनएल की ओर से तकनीकि रूप से बिजली चोरी पर रोक की तैयारी की यगी है। जेबीवीएनएल बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिये सब स्टेशन, फीडर स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग करेगा। निगम की मानें तो जल्द निगम सबस्टेशन , फीडर और लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफॉर्मर में मीटर लगाया जायेगा। मीटर के जरिये निगम को यह पता चलेगा कि सबस्टेशन से किस फीडर के लिए कितनी बिजली की आपूर्ति हुई।मीटर के जरिये निगम बिजली आपूर्ति, खपत और पूर्व में हुए डिस्ट्रब्यूशन को ध्यान में रखते हुए आंकलन कर सकता है। फिलहाल इसकी शुरूआत रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र से की जा रही है। जहां निगम ने एजेंसी जीनस को काम आंवटित कर दिया है। वहीं जमशेदपुर और चाईबासा में काम एजेंसी सेक्योर को दिया गया है। निगम की मानें तो योजना में लगभग 95 करोड़ रुपए खर्च किया जायेगा। बता दें पिछले कुछ सालों से निगम बिजली चोरी में लगाम लगाने के लिये फीडर, सब स्टेशन समेत अन्य वितरण केंद्रों में मीटर लगाने पर काम कर रहा था।योजना की मानें तो वितरण केंद्रों में मीटर लगने से बिजली चोरी में लगाम मे साथ ही लोड की जानकारी भी आसानी से मिल सकेगी। इससे त्यौहार सीजन या गर्मी के दौरान बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर के लोड का पता चल सकेगा, ताकि उसके लोड को बढ़ाया जा सके। मीटर के जरिये लोकल डिस्ट्रब्यूशन ट्रांसफॉर्मर में कितनी बिजली दी गयी और उससे कितने कंज्यूमरों को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें आने वाले गैप से यह पता लगाया जायेगा कि कितनी बिजली की आपूर्ति और खपत हो रही है, कितना लाइन लॉस हो रहा है और कितने बिजली की चोरी हो रही है।

### एटीएस व एनआईए की संयुक्त छापेमारी

**रांची:** बोकारो और जमशेदपुर जिला में तीन ठिकानों पर एटीएस और एनआईए ने संयुक्त रूप से छापेमारी की है। दोनों टीम ने जमशेदपुर के जुगसलाई में दो ठिकाने पर छापेमारी है। वहीं दूसरी तरफ बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में छापेमारी की है। एनआईए और एटीएस की टीम ने छापेमारी कर जुगसलाई से एक व्यक्ति को पकड़ा है। टीम उसे हिरासत में लेकर बिष्टुपुर स्थित सर्किट हाउस ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है।एनआईए और झारखंड एटीएस की टीम ने सोमवार को बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में छापेमारी की है। टीम ने सुतरीबेड़ा निवासी हाफिज असगर और अजहर कमाल से पूछताछ की।

**मौसम** 20 दिसंबर तक शीतलहर का रह सकता है प्रकोप

## झारखड में तापमान में भी 3 डिग्री तक होगी गिरावट

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड का असर देखा जा रहा है। लगातार गिरते तापमान के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। वहीं, दिन में धूप के कारण लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। लेकिन इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं का कहर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 19 और 20 दिसंबर को राज्य में शीतलहर चलने की संभावना है। ऐसे में पूरे राज्य में ठंड में वृद्धि दर्ज की जायेगी। शीत लहर का असर उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण होगा। हालांकि इस दौरान दिन के समय धूप निकलने की जानकारी दी गयी है। जिससे लोगों को राहत मिलेगी। लेकिन सुबह और शाम के वक्त ठंड का प्रकोप अधिक रहेगा।पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान की बात करें तो सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला 5.4 और कांके का 3.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि चतरा जिला का तापमान 6.6 डिग्री दर्ज किया गया। गढ़वा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 7.5 डिग्री रहा। खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, सिमडेगा का तापमान 8.1 डिग्री तक रहा। देवघर, गोड्डा, हजारीबाग का तापमान 9.6 डिग्री रहा। गिरिडीह, साहेबगंज, पाकुड, रांची. का तापमान 10 डिग्री तक रहा। बोकारो का तापमन 11.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।विभाग की मानें तो तीन दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 23 दिंसबर तक राज्य में कोहरा का असर देखा जायेगा। वहीं शीत लहर के साथ दिन के समय धूप भी रहेगा।


